विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 ▸▸ अंक 276 ▸▸ पृष्ठ 12

रीवा, शुक्रवार 04 जुलाई, 2025

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082

नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com


"सुंदरता की कोई वस्तु हमेशा आनंद देती है; उसकी मोहकता बढ़ती जाती है, वह कभी भी नष्ट नहीं होती।"


–जॉन कीट्स




# शुभमन ने तोड़ा 'विराट रिकॉर्ड'

## 269 रन बनाकर कोहली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा

**बर्मिंघम, जेएनएन।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन टेस्ट में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में किसी भी भारतीय कप्तान का सर्वोच्च स्कोर बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। विराट ने 2019 में बतौर कप्तान पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 254 रनों की नाबाद पारी खेली थी। खास बात यह भी है कि विराट ने घरेलू मैदान पर यह रिकॉर्ड बनाया था, जबकि गिल ने विदेशी पिच पर यह 'विराट रिकॉर्ड' तोड़ा है। शुभमन ने 269 रन की पारी के दौरान विदेशी धरती पर टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए तीसरी सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी बनाया। वीरेंद्र सहवाग (309 रन) ने मुल्तान और राहुल द्रविड (270 रन) ने रावलपिंडी में इससे ज्यादा रन बनाए थे। हालांकि एशिया के बाहर किसी भारतीय का यह सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले गिल ने एजबेस्टन के मैदान पर भारत के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर में मामले में भी विराट (149 रन) को पीछे छोड़ा। शुभमन का टेस्ट करियर का ये पहला दोहरा शतक है। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में दोहरा शतक जड़ने वाले शुभमन गिल तीसरे भारतीय हैं। शुभमन से पहले सुनील गावस्कर (221 रन) और राहुल द्रविड़ (217 रन) ही ऐसा कर पाए थे। शुभमन इंग्लैंड में अब सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।




लग्जरी ब्रांड्स पर भारतीय जूतों की नकल करने का आरोप

**अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़:** राजस्थान से मध्य प्रदेश तक करते थे बाघों का पीछा

# छह शिकारी गिरफ्तार, बाघ व तेंदुए की 225 हड्डियां बरामद

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** स्टेट टाइगर फोर्स ने गुरुवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में बाघों समेत अन्य बिग कैट्स का शिकार करने वाले 6 शिकारियों को गिरफ्तार कर अंतरराज्जयी गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इनके पास से बाघ और तेंदुए की 225 हड्डियां और अवशेष बरामद बरामद हुए हैं। इस गिरोह ने शिवपुरी, श्योपुर और सवाई माधौपुर तक बाघ का पीछा करने के लिए टीम लगा रखी थी। मौका मिलते ही गिरोह बाघ का शिकार कर लेता था।

एसटीएफ ने सवाई माधौपुर से श्योपुर होकर कराहल जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर 6 शिकारियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। शिकारियों का यह गिरोह बाघ की हड्डियों, अंग और खाल की तस्करी में लंबे समय से सक्रिय था।

गिरोह के सरगना दौजी भील को उसकी पत्नी सुनीता भील भी शिकार में सहयोग करती थी। दोनों पति-पत्नी व दो अन्य शिकारियों को पहले भी एक मामले में सजा हो चुकी है। हालिया गिरफ्तारी के बाद चारों की जमानत याचिका शिवपुरी सत्र न्यायालय ने निरस्त कर दी है। वर्तमान में सभी 6 आरोपियों को शिवपुरी केंद्रीय जेल में रखा गया है। गिरोह के सरगना दौजी भील, सुनीता भील और राजाराम मोंगिया को नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया। बाद में तीनों से मिली जानकारी के आधार पर शिवपुरी से बनीराम मोंगिया, नरेश मोंगिया और श्योपुर से बेस्ता भील को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के पास से भी दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं।



### इस तरह पकड़ा गया गिरोह

**सूचना:** दौजी भील लंबे समय से वन्य जीवों की तस्करी के काम में सक्रिय है। उसने सवाई माधौपुर से लेकर श्योपुर व शिवपुरी तक अपना तंत्र फैला रखा है।

**निगरानी:** दौजी के खिलाफ लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। टाइगर फोर्स ने मई के बाद से सवाई माधौपुर से श्योपुर आने वाले मार्ग पर नजर रखना शुरू किया।

**घेराबंदी:** दौजी के श्योपुर जाने की सूचना मिली। टीम ने घेराबंदी कर श्योपुर-कराहल रोड पर बोलेरो आरजे 26 यूए 4758 में गिरोह को पकड़ा।

### रणथंभौर से माधव नेशनल पार्क के बीच हुए शिकार

यह कार्रवाई स्टेट टाइगर फोर्स की भोपाल और शिवपुरी ईकाई, सामान्य वन मंडल श्योपुर, माधव टाइगर रिजर्व और रणथंभौर टाइगर रिजर्व के संयुक्त अभियान से मिली है। जांच के बाद शिकारियों के पास से तीन बाघ और एक तेंदुए की हड्डियां बरामद हुई हैं। चारों वन्य पशुओं का शिकार रणथंभौर से माधव नेशनल पार्क के बीच विभिन्न लोकेशन पर किया गया है। दौजी ने बाघ और तेंदुए पर नजर रखने के लिए टीम बना रखी थी। इसकी मदद से जानवर की लोकेशन पता की जाती थी। मौका मिलते ही शिकार कर लिया जाता था। रणथंभौर से श्योपुर और शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क तक बाघों का लगातार मूवमेंट बना रहता है। इन जगहों पर शिकारी खास नजर रखते थे। पूरी कार्रवाई में एसटीएफ ने चार मोबाइल बरामद कर उन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# बागेश्वर धाम में टेंट गिरने से 1 की मौत, भगदड़ में 8 घायल

## धीरेंद्र शास्त्री के जन्मदिन पर आज सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित

**जागरण, छतरपुर।** बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री के जन्मदिन पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए चल रही तैयारियों के बीच ही बड़ा हादसा हो गया। धाम के गांव गढ़ा में कार्यक्रमों के लिए सजाए जा रहे पंडाल का टेंट गुरुवार को अचानक गिर गया। लोहे का एंगल सिर पर गिरने से अयोध्या से आए एक भक्त की मौके पर ही मौत हो गई। टेंट गिरते ही कार्यक्रम स्थल पर भगदड़ मच गई, जिससे आठ लोग घायल हो गए। इनमें आधा दर्जन घायल गढ़ा गांव के ही निवासी है। हादसे के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने दो दिन के लिए कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं।

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन 4 जुलाई को है। उनके जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने भक्तों की भीड़ बुधवार से ही बागेश्वर धाम पहुंचने लगी है। दरबार स्थल सहित पूरे गढ़ा गांव में भक्तों के रुकने-बैठने के साथ ही कार्यक्रमों के लिए भी विशाल टेंट लगाए जा रहे हैं। गुरुवार सुबह 7 बजे आरती के बाद बारिश से बचने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु टेंट के नीचे खड़े हो गए थे। तभी मिट्टी गीली होने से टेंट गिर पड़ा। टेंट का एक भारी एंगल अयोध्या से परिवार के साथ आए श्याम लाल कौशल 50 के सिर पर गिर पड़ा। इससे श्यामलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अचानक टेंट गिरने से वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। इसमें आठ लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से अधिकांश को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। भीलवाड़ा की नेहा खटीक व कुशीनगर यूपी के रामदयाल यादव अभी भी भर्ती हैं।



### पंडाल के पॉलिथीन पर पानी भरने से हादसा

हादसे को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने अपने बयान में बताया कि आज सुबह हादसा हो गया। हमारे पंडाल से दूर जहां पुराना दरबार लगता था, वहां अत्यधिक बारिश के कारण पॉलिथीन का पंडाल पानी भरने से गिर गया। एक सज्जन अधिक घायल हो गए थे, जिला अस्पताल में उपचार के बीच उनकी मौत हो गई। बाकी को मामूली चोटें आई थीं। वह वापस धाम भी आ गए। हादसे को देखते हुए धाम पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है।






### ड्राइविंग में लापरवाही की तो नहीं मिलेगा बीमा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सर्वोच्च न्यायलय ने अपने एक फैसले में कहा है कि अगर ड्राइवर की लापरवाही, स्टंट करते हुए, तेज गाड़ी चलाने की वजह से एक्सीडेंट होता है तो बीमा कंपनी इंश्योरेंस देने के लिए बाध्य नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला उन लोगों के लिए एक चेतावनी है जो आए दिन सड़क पर स्टंटबाजी करते हुए दिखाई देते हैं। एक केस में फैसला सुनाने के बाद जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और आर. महादेवन की बेंच ने मृतक के परिवार वालों को मुआवजा देने से इंनकार कर दिया, जिनकी तेज स्पीड में गाड़ी चलाने से मौत हो गई थी।

# घाना में पीएम को राष्ट्रीय सम्मान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे, जो पश्चिम अफ्रीकी देश की उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को घाना के दूसरे सर्वोच्च राष्ट्रीय नागरिक सम्मान से नवाजा गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने पीएम मोदी को 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया। राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'घाना के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाना मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। मैं राष्ट्रपति महामा, घाना सरकार और घाना के लोगों का दिल से आभार प्रकट करता हूं। मैं इस सम्मान को 1.4 अरब भारतीयों की ओर से विनम्रता पूर्वक स्वीकार करता हूं।' इससे पहले संयुक्त वक्तव्य में पीएम ने कहा कि भारत-घाना मित्रता के केंद्र में मूल्य, संघर्ष और समावेशी भविष्य को लेकर साझे सपने हैं, जिसने अन्य देशों को भी प्रेरित किया है।



### मोदी को 25वां ग्लोबल सम्मान

मोदी को घाना में मिला सम्मान बतौर प्रधानमंत्री 25वां ग्लोबल सम्मान है। इसके पहले 24 देश और वैश्विक संस्थाएं उन्हें अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाज चुकी हैं। अब तक 14 देशों ने मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया है। इनमें खाड़ी, यूरोप, एशिया और प्रशांत क्षेत्र के कई देश शामिल हैं।

## नागौरी की याचिका पर मप्र सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व प्रमुख सफदर नागौरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस भेजा है। नागौरी ने कोर्ट से जानना चाहा है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी की धारा 124ए (राजद्रोह) के इस्तेमाल पर रोक लगा रखी है, तो उसकी अपील पर फैसला क्यों नहीं हो रहा। अपील मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में लंबित है। नागौरी को आतंकवाद और राजद्रोह जैसे कई गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया था और उसने उन मामलों में सजा पूरी कर ली है। लेकिन राजद्रोह के मामले में अपील पर सुनवाई नहीं हो पा रही है, इस कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्थगन (स्टे) दे रखा है।

**स्टडी** | आईआईटी-आईआईपीएस की स्टडी में सामने आया वायु प्रदूषण से प्रभावित हो रहे भ्रूण

# 13% बच्चे समय पूर्व जन्मे, 17% का वजन कम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में बच्चों के जन्म से जुड़ी एक नई चिंताजनक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि देश में 13 फीसदी बच्चों का जन्म समय से पहले हुआ और 17 फीसदी बच्चों का जन्म कम वजन के साथ हुआ। इस रिपोर्ट में वायु प्रदूषण, विशेषकर पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ), को इन नतीजों का मुख्य कारण बताया गया है।

यह अध्ययन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) दिल्ली, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (आईआईपीएस), मुंबई तथा यूके और आयरलैंड के शोधकर्ताओं की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। इस शोध में राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) और रिमोट सेंसिंग डेटा का उपयोग कर यह विश्लेषण किया गया कि गर्भावस्था के दौरान वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से प्रसव पर क्या असर होता है।



### शोध के नतीजे

**70** फीसदी तक बढ़ जाता है समय से पहले प्रसव का जोखिम, पीएम 2.5 प्रदूषण में वृद्धि के कारण

**40** फीसदी तक बढ़ जाती है जन्म के समय कम वजन की संभावना

**18** फीसदी बच्चों का वजन कम था जन्म के समय पिछले पांच साल में

### क्या है पीएम 2.5

पीएम 2.5 ऐसे सूक्ष्म कण होते हैं जिनका व्यास 2.5 माइक्रोन से कम होता है और ये सीधे रक्त प्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इनका स्रोत मुख्यतः जैव ईंधन और कोयला जलाना होता है।

### जलवायु परिस्थितियों का भी असर

केवल प्रदूषण ही नहीं, बल्कि जलवायु परिस्थितियां जैसे तापमान और वर्षा की मात्रा भी प्रतिकूल प्रसव परिणामों से जुड़ी हुई हैं। उत्तर भारत के कई जिलों में इन कारकों का गंभीर असर देखा गया।

### उत्तर भारत की स्थिति चिंताजनक

रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर भारत के राज्यों में प्रदूषण का स्तर और प्रतिकूल प्रसव परिणाम दोनों ही अधिक हैं। हिमाचल प्रदेश में 39 फीसदी जन्म समय से पहले हुए। उत्तराखंड में 27 फीसदी, राजस्थान में 18 फीसदी और दिल्ली में 17 फीसदी बच्चे समय से पहले पैदा हुए। पंजाब में 22 फीसदी नवजात शिशुओं का वजन जन्म के समय कम पाया गया, जो देश में सर्वाधिक है। इसके विपरीत, पूर्वोत्तर भारत जैसे मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में समय से पहले जन्म और कम वजन की दर काफी कम देखी गई है।




# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग

## जिला कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सतना**



जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ पुलिस थाना मुगावली जिला अशोकनगर में दर्ज झूठी एफआई आर निरस्त करने की मांग को लेकर पुलिस महानिदेशक भोपाल के नाम ज्ञापन पुलिस अधीक्षक सतना को सौपा व एफआई आर निरस्त करने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर क्रमांक 233 दिनांक 27 जून 2025 को दर्ज की गई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि जीतू पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी दोनों पीड़ित भाइयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हारे साथ मारपीट के साथ मानव मल भी खिलाया गया है ऐसा कहोगे तब मोटरसाइकिल दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूंगा युक्त घटना के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा घटना का विवरण वीडियो में वायरल किया गया जिला कांग्रेस के अध्यक्ष ने आगे यह भी कहा कि उन परिस्थितियों की भी जांच होनी चाहिए जो कि 25 जून 2025 को पीड़ित व्यक्तियों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी शिकायत दर्ज कराई हो और उसके दूसरे दिन 26 जून 2025 को यह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते हैं कि मानव मल खिलाने का स्टेटमेंट प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने पर दिया गया है यह राजनीतिक दोश भावना से किए जाने का षड्यंत्र है शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराधिक साजिश करना धर्म जाति का होना झूठे तथ्यों को सच के रूप में प्रस्तुत करना और सार्वजनिक उपद्रव फैलाने के लिए साजिश करना मानकर एफआईआर दर्ज की गई है जो निन्दनीय है जीतू पटवारी राजनैतिक तौर पर विपक्षी दल के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उनका यह कर्तव्य है कि वह प्रदेश में हो रहे व्यक्तियों के साथ अन्याय एवं अत्याचार को रोकने के लिए आवाज़ उठाएं पीड़ितों की मदद करें इस कारण उनके द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया है पटवारी द्वारा वायरल किए गए वीडियो को स्पष्ट तौर पर देखा एवं सुना जा सकता है जिसमें पीड़ित लोधी बंधु रोते बिलखते हुए अपनी शिकायत कर रहे हैं और न्याय दिलाने की गुहार कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा एवं अहमद सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग की है प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कल्पना वर्मा विधानसभा के प्रत्याशी राम शंकर पयासी जिला संगठन मंत्री प्रदीप समदड़िया उर्मिला त्रिपाठी गीता सिंह गुरवेंद्र सिंह राजभान सिंह बरमेंद्र सिंह ध्रुव त्रिपाठी संजय पांडे राजेंद्र गर्ग मिथिलेश सिंह नलिनेन्द मिश्रा प्रवीण सिंह सत्येंद्र निगम पीयूष शर्मा अमित अवस्थी सन्नू रामकुमार विश्वकर्मा सत्येंद्र निगम दिलीप जैन राममणि शुक्ला रामपाल कुशवाहा के के कुशवाहा प्रमोद गर्ग अनीश तिवारी राजीव सिंह धनखेर तरुणेन्द सिंह राजू बद्रीनारायण कश्यप गिरिश उरमलिया दिनेश दुबे सुनील गुप्ता वंदना बागड़ी सीमा बागड़ी हेमलता सिंह यादवेंद्र सिंह पंजू आरती सिंह अभय सिंह कृष्णेन्द्र सिंह देवराज बागड़ी इत्यादि सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

## बिना परमिट, फिटनेस चलती मिली एक बस, परिवहन कार्यालय में खड़ी कराई गई



**जागरण सतना।** परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार स्कूल बसों की विशेष चेकिंग अभियान चलाकर सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार स्कूल बस चेक की गई लगभग 55 स्कूल बसों को चेक किया गया बसों में आंशिक कमिया पाए जाने पर 08 बसों से 8000 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया यह चेकिंग सेंट क्लारेट बरा कला शहर सतना के लवडेल बोनन्जा स्कूल बसों को चेक किया गया। साथ ही प्राइवेट बसों में किराया सूची चस्पा कराई गई। 01 बस एमपी 16 पी 0293 बिना परमिट, फिटनेस आरटीओ कार्यालय सतना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। इस बस से लगभग 50 हजार रूपये अनुमानित राजस्व आने की संभावना है। यह अभियान निरंतर चलता रहेगा स्कूल संचालको व प्राइवेट बस वाले परेशानियों से बचने के लिए नियमों का अक्षरस पालन करे। इस कार्यवाही में देवेंद्र चौधरी,मनोज गौतम, रामकिशुन, आशुतोष गौर परिवहन भीग से शामिल थे।

# महदेवा चौक में फायरिंग करते नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

## आरोपी की तलाश कर रही कोतवाली पुलिस ने दोनों का दबोचा

**जागरण सतना।** 1 जुलाई की शाम महदेवा इलाके में किराना दुकान में हुए गोलीकांड के आरोपियों की तलाश कर रही सिटी कोतवाली पुलिस के हत्थे गुरुवार की शाम नाबालिग समेत 2 आरोपी चढ़ गए। आरोपियों के पास से 315 बोर का देशी कट्टा चार जिंदा कारतूस पुलिस ने जप्त किये है। आरोपियों की गिरफ्तारी महादेवा के जिस स्थान से हुई है वह सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आता है। लिहाजा मेडिकल के बाद आरोपियों को सिविल लाइन थाना पुलिस के हैंड ओवर कर दिया पकड़े गए आरोपी का नाम शिवम् साहू है। उसके साथ एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। स्थानीय की माने तो आरोपी शिवम् साहू के निशाने पर महादेवा निवासी गौतम परिवार था। आरोपी शिवम् साहू कोई और नहीं 14 मई की देर रात महादेवा में हुई बसपा नेता शुभम साहू का छोटा भाई है। हत्या का आरोप गौतम परिवार पर है जिसके कई सदस्य फिलहाल जेल में है। आरोपी शिवम अपने भाई की हत्या का बदला लेने की ही फिराक में गुरुवार को गौतम परिवार के घर के बाहर दहशत फैलाने हवाई फायर किया।

कोतवाली पुलिस 307 के आरोपी की तलाश में थी तभी पता चला कि महदेवा चौक में शिवम साहू गौतम पर गोली चला रहा है। जानकारी लगते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये आरोपी शिवम और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर को कट्टा और 4 जिंदा कारतूस बरामद किये गये है। शिवम जिलाबदर का आरोपी है। उसे हरमाह थाना में हाजरी देनी होती है उसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध है।
रावेन्द्र द्विवेदी टीआई सिटी कोतवाली

## वार्डवासियों ने सरपंच सचिव को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, अमदरा।** ग्राम पंचायत घुनवारा में सरपंच और सचिव को रोड बनवाए जाने के लिए वार्डवासियों ने ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के हवाले से कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 16 और 17 की रोड बहुत ही पुरानी होने के कारण जर्जर हो गई है और नाली भी जाम हो गई है जिसके कारण से वहां रहने वाले लोगों का जीना हराम हो गया है जगह.जगह पानी का भराव होने के कारण कीचड़ जहां हो गया वहां मच्छरों की थी अधिकता दिनों दिन बढ़ रही है जिसके कारण बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है बरसात के समय यहां के लोग कैदी जैसा जीवन अपना व्यतीत करते हैं ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव के द्वारा मात्र आश्वासन दिया गया लेकिन अभी तक रोड नहीं बनाई गई जनता की हितार्थ 16और 17नंबर वार्ड की रोड बनाई जाए सचिव ने समस्या का निदान करने की बात कही।

## पुरुषोत्तम अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष बनें



**जागरण, सतना।** प्रदेश में अग्रवाल समाज की प्रमुख संस्था मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा भोपाल द्वारा नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल को प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। श्री अग्रवाल की नियुक्ति मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मित्तल भोपाल द्वारा अग्रवाल महासभा में उनकी सक्रिय भागीदारी एवं समाज हित में सहयोगात्मक भागीदारी को ध्यान में रखते हुए की गई है अग्रवाल महासभा के आजीवन सदस्य मनीष गोयल ने बताया कि पुरुषोत्तम अग्रवाल के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर विन्ध्य चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय में सर्व समाज द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर योगेश ताम्रकार मौजूद रहे साथ ही सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा महामंत्री संदीप जैन सर्व समाज के अध्यक्ष संजय शाहए वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री हरिओम गुप्ता भाजपा नेता समाजसेवी अशोक गुप्ता रामानुज वैष्णो मंडल के संयोजक रामचरण गुप्ता जयस्तंभ चौक व्यापारी संघ के महामंत्री आशीष मोंगिया मानव अधिकार एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारी अजीज कुरैशी विंध्य चेंबर के कार्यकारिणी सदस्य रोहित अग्रवाल प्रवीण अग्रवाल चितेश भाई ठक्कर सहित अनेक सामाजसेवियो की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

# कलेक्टर ने पौधरोपण कर जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों का किया अवलोकन

**जागरण, सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड मनकहरी सतना द्वारा वर्ष 2025.26 में गंगाजल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत नरसिंहपुर में तालाब गहरीकरण तथा ग्राम पंचायत अतरहरा में वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य किया गया। इस परियोजना का निरीक्षण दिनांक 02 जुलाई को कलेक्टर सतना द्वारा किया गया। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर महोदय ने नरसिंहपुर पंचायत में स्थित तालाब परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रिज्म जॉनसन द्वारा सीएसआर के अंतर्गत चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। यह पहल न केवल जल संसाधनों के संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में भी एक सशक्त कदम है। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड का यह प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर एसडीएम एवम सी ई ओ रामपुर बघेलान सरपंच नरसिंहपुर श्रीमती शकुंतला सिंह एवं मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एच आर एम देवेन्द्र मिश्रा लंकेश सिंह शमशेर बहादुर सिंह सरपंच महुरछ सरपंच मातहा गंगा सिंह मुक्कू सिंह सरपंच सज्जनपुर प्रकाश नारायण पाण्डेय संजय सिंह परिहार उपस्थित रहे।




## मारपीट के आरोपियों को कारावास और जुर्माना की सजा

**जागरण, सतना।** फरियादी राम सजीवन विश्वकर्मा ने थाना रामपुर बाघेलान मे रिपोर्ट लेख कराया था कि दिनांक 29 मार्च 2015 को रात आठ बजे राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा पिता मथुरा प्रसाद सुरेंद्र विश्वकर्मा पिता मथुरा सूरवेन्द्र विश्वकर्मा पिता मथुरा जीवन लाल विश्वकर्मा पिता मथुरा और विपिन विश्वकर्मा पिता राजेंद्र सभी निवासी ग्राम बरहा ने चुनावी रंजिश को लेकर भद्दी भद्दी गलियां देने लगे और ज़ब गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने राम सजीवन के साथ लाठी से उसके सिर मे मारा। इसी बीच ज़ब राम सजीवन रामआश्रय कमलेश धर्मदास श्रीपाल बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर विवेचना की गई और चालान न्यायालय मे प्रस्तुत की गई। इस मामले का विचारण रामपुर स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत मार्सकोले के न्यायालय मे किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत गवाह और सबूत के आधार पर न्यायालय ने मामला प्रमाणित पाया और आरोपियों को एक .एक वर्ष के कठोर कारावास और 35-35 सौ रूपये जुर्माना से दण्डित किया।

# एकेएस में बीएससी कृषि के छात्रों के लिए रावे का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न



**जागरण सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा बीएससी एग्रीकल्चर सातवें सेमेस्टर के छात्रों के लिए ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी रहे। प्रतिकुलपति प्रो आरएस त्रिपाठी प्रतिकुलपति डॉ हर्षवर्धनए कीट विज्ञान विभाग के निदेशक डॉ ए के भौमिक पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ एसके पांडे एवं एसोसिएट डीन डॉ नीरज वर्मा मंचासीन रहे। मंच का संचालन डॉ आर सी त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को रावे कार्यक्रम के उद्देश्य ग्राम स्तर पर कार्य की विधियाँ और किसानों से संवाद की तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें व्यवहारिक अनुभवों के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में रावे की प्रक्रियाए ग्राम आवंटन रिपोर्ट लेखन तथा फील्ड अनुभवों की जानकारी प्रदान की गई। छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं इस अवसर पर कृषि प्रसार विभाग से राफिया अमीन विपिन यादव अनूप शुक्ला शिवराम प्रजापति तथा अन्य कृषि संकाय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में पौधरोपण किया



**जागरण, सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने गुरूवार को तहसील अमरपाटन के भ्रमण के दौरान तहसील कार्यालय परिसर में पौध रोपण किया। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण करना एवं उसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पौधे जब बड़े होते हैं, तो फल, फूल एवं छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। पौधे लगाकर हम अपने वर्तमान के साथ ही भविष्य को भी संरक्षित करते हैं। इस मौके पर एसडीएम अमरपाटन डॉ. आरती सिंह, तहसीलदार आरडी साकेत उपस्थित रहे। इसके बाद कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने अमरपाटन में पुरातत्व विभाग की धरोहर औंधा गढ़ी के अतिक्रमण हटाकर किये गये रेनोवेट कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने गढ़ी के पास स्थित दो कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने साफ-सफाई का अभाव पाए जाने पर हॉस्टल अधीक्षिका के प्रति नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने पीने के पानी में क्लोरीन की गोलियां डालने के भी निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर रानी बाटड ने ग्राम पंचायत मुकुंदपुर एवं शासकीय आदिवासी बालक आश्रम अमझर का भी निरीक्षण किया।

## हैदराबाद में कोयला और खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में सांसद ने कहा

# पर्यावरण संतुल तकनीकी उन्नति व स्थानीय रोजगार का हो सृजन



**जागरण, सतना।** गुरुवार को हैदराबाद में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जीण् किशन रेड्डी की अध्यक्षता में कोयला तथा खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सतना के सांसद गणेश सिंह ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कोयला खनिज क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सतत खनन पर्यावरणीय संतुल और खनिज संपदा के प्रभावी दोहन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। सांसद गणेश सिंह ने खनन प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढ़ाने पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने और खनिज संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर जोर दिया। उनके सुझावों में खनन क्षेत्र में नवाचार तकनीकी उन्नति और स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की रणनीतियां शामिल थीं। सतना सांसद गणेश सिंह ने बैठक के बाद कहाए यह एक महत्वपूर्ण मंच था जहां हमने कोयला और खनिज क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर विचार.विमर्श किया।

**केंद्रीय मंत्री व अध्यक्ष कोल इंडिया से मिले :** हैदराबाद में बैठक से पहले सांसद गणेश सिंह से केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी व कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद से मुलाकात की दोनो ने ही सांसद को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा कई संगठनों और मोर्चा के पदाधिकारियों ने एयरपोर्ट से लेकर कई जगहों पर सांसद का स्वागत किया।

# आदित्य ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में लुपिन फार्मा स्यूटिकल्स के मेगा कैंपस ड्राइव में 14 छात्रों का चयन




**जागरण, सतना।** आदित्य ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स सतना के परिसर में लुपिन फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक भव्य मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतना रीवा पन्ना छतरपुर जबलपुर तथा कटनी जैसे विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने करियर को नई दिशा देने के लिए प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में सम्पन्न हुई । प्रथम चरण में ग्रुप डिस्कशन दूसरे में लिखित परीक्षा तथा अंतिम चरण में पर्सनल इंटरव्यू आयोजित किए गए। इन चरणों के माध्यम से छात्रों की विचार शक्ति तकनीकी ज्ञान तार्किक सोच संचार कौशल एवं आत्मविश्वास का गहन मूल्यांकन किया गया। 14 छात्रों का चयन लुपिन फार्मास्यूटिकल्स में विभिन्न पदों के लिए हुआ।

**इनका हुआ चयन :** आयुष त्रिपाठी शिवम तिवारी अमन त्रिपाठी प्रसून द्विवेदी अक्षत चौरसिया बलेंदा पटेल रणवीर सिंह हिमांशु विश्वकर्मा विक्रम प्रताप बुनकर अशुतोष पांडे रवि गुप्ता विवेक शुक्ला ईश्वर प्रताप कुशवाहा एवं अभिषेक दहिया। संस्थान के चेयरमैन अजय कटारे ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और संस्थान की गुणवत्ता.निर्मित शिक्षा व्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में और भी प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल करियर के अवसर प्रदान किए जाएं। ग्रुप डायरेक्टर इमरान खान ने इस ड्राइव को संस्थान की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्हें उद्योग.उन्मुख शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। यह ओपन कैंपस ड्राइव विशेष रूप से फार्मेसी एवं इंजीनियरिंग विभाग की अहम भूमिका के साथ आयोजित की गई जो विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा करियर आरंभ करने का मंच बनी।

# जिले में चिकित्सकों के स्वीकृत 70 फीसदी पद खाली



जागरण अव्यवस्था

## रामपुर नैकिन एवं चुरहट में चिकित्सकों के अधिकांश स्वीकृत पद खाली

### मरीजों का उपचार हो रहा काफी प्रभावित



जागरण, सीधी

जिले के सरकारी अस्पतालों में स्वीकृत 70 फीसदी चिकित्सकों के पद वर्तमान में खाली पड़े हुए हैं। चिकित्सकों के खाली पद का असर जिला चिकित्सालय सीधी के साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पड़ रहा है। चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों का उपचार भी काफी प्रभावित हो रहा है। चिकित्सकों की कमी को लेकर अक्सर शिकायतें होती रहती हैं लेकिन शासन की निष्क्रियता के चलते चिकित्सकों की स्वीकृत पदों पर पदस्थापना नहीं हो पा रही है। जिले में रामपुर नैकिन एवं चुरहट तहसील क्षेत्र में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के स्वीकृत 70 फीसदी पद लंबे अर्से से रिक्त हैं। प्रशासनिक लापरवाही के चलते दोनों तहसीलों की 2 लाख 91 हजार 849 आबादी की उपचार सेवा प्रभावित हो रही है। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर नैकिन में चिकित्सकों के स्वीकृत 9 पदों के विरुद्ध 3 चिकित्सक ही पदस्थ हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरहट में चिकित्सको के स्वीकृत 7 पदों के विरुद्ध 3 चिकित्सक ही पदस्थ हैं। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमानगढ़ एवं धनहां में चिकित्सकों के स्वीकृत 2-2 पदों के विरुद्ध 1-1 ही चिकित्सक पदस्थ हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बघवार अवश्य स्वीकृत 1 चिकित्सक के पद पर पदस्थापना है। रामपुर नैकिन एवं चुरहट तहसील में चिकित्सको के कुल 21 पद स्वीकृत है जिसमें महज 9 चिकित्सक ही पदस्थ हैं। चिकित्सकों की इतनी बड़ी संया में पद रिक्त होने से मरीजो की उपचार व्यवस्था काफी प्रभावित है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर नैकिन एवं चुरहट को छोड़ दिया जाये तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में नियमित रूप से चिकित्सक ही नहीं मिलते। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में पदस्थ चिकित्सक स्थानीय स्तर पर रहने के बजाय काफी दूर अपना आवास बनाये हुए हैं। लिहाजा गंभीर मामलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं तक मुहैया नहीं हो पाती। सच्चाई को जानते हुए क्षेत्रीय लोग भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गंभीर मरीजों को ले जाने के बजाय सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या फिर जिला चिकित्सालय ही लेकर जाते हैं। सबसे ज्यादा समस्या गरीब परिवारों के समक्ष रहती है। यदि उनके किसी परिजन की हालत गंभीर हुई तो उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर प्राथमिक उपचार सेवा तक नहीं मिल पाती। जानकारों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन भगवान भरोसे ही चल रहा है। यहां पदस्थ चिकित्सक के बजाय अन्य स्वास्थ्य कर्मी ही मरीजो को प्राथमिक उपचार सेवाएं देने का कार्य कर रहे हैं। रामपुर नैकिन एवं चुरहट तहसील में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बनी दयनीय हालत के मामले में जहां क्षेत्रीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है वहीं उक्त अहम समस्या को लेकर प्रशासनिक निष्क्रियता भी बनी हुई है। जिसके चलते चिकित्सकों के स्वीकृत पद पर पदस्थापना का कार्य सालों से नहीं हो पा रहा है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का हाल बेहाल

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का हाल और भी ज्यादा बेहाल है। यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में केवल एक चिकित्सक की पदस्थापना की गई है। अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संविदा चिकित्सकों को जिम्मेदारी दी गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें रहती हैं कि यहां पदस्थ डॉक्टर नियमित तौर पर अस्पताल में नहीं रहते। कभी-कभार ही उनकी उपस्थिति कुछ समय के लिए होती है। अस्पताल में मौजूद अन्य कर्मचारी को मरीजों के उपचार की जिम्मेदारी दी जाती है। जिसके चलते यहां आने वाले गंभीर मरीजों को सिर्फ रेफर करने का काम किया जाता है। कई बार स्थिति यह हो जाती है कि गंभीर मरीज को डॉक्टर की अनुपस्थिति में प्राथमिक उपचार सुविधा का लाभ तक नहीं मिल पाता। जिसके चलते उसकी हालत और भी नाजुक हो जाती है। जानकारों का कहना है कि सीधी जिले के सरकारी अस्पतालों में पदस्थ डॉक्टर मरीजों का गंभीरता के साथ उपचार करने की जरूरत नहीं समझते।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## रात में घर से जेवर, नकदी एवं कारतूस की चोरी



**जागरण, सीधी।** बहरी थाना अंतर्गत ग्राम सारो कला में विगत 2-3 जुलाई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों द्वारा घर के अंदर प्रवेश कर जेवर, नकदी एवं बंदूक की कारतूस की चोरी की गई। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र सिंह एवं उनकी पत्नी 1 जुलाई की रात करीब 10 बजे भोजन के बाद घर का दरबाजा बंद कर सो गए। 2 जुलाई की सुबह करीब 5:30 बजे देवेन्द्र सिंह उठे और पूजा वाले घर में गए तो मालूम पड़ा कि बगल के कमरे का ताला टूटा है और सामान अस्त-व्यस्त है। अंदर जाकर देखने पर मालूम पड़ा कि आलमारी, पेटी, अटैची टूटी हालत में पड़ी है। घर के पीछे टूटी हालत में एक पेटी पड़ी थी। जिसके अंदर रखा सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी गायब थी। इसकी सूचना पाकर उनके छोटे भाई महेश सिंह चौहान द्वारा बहरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अज्ञात चोरों द्वारा जेवरों में चांदी के तीन जोड़ी पायल, एक करधन, चांदी का पान का पत्ता, पांच नग चांदी की सुपाड़ी, मुदरी छः नग, सोने की अंगूठी दो नग, सोने की चैन दो नग, सोने का झुमका एक सेट समेत करीब 40 हजार नकदी एवं पेटी में रखे लायसेंसी 12 बोर बंदूक के जिंदा कारतूस 6 नग चोरी कर लिए गए। बहरी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के बैनर तले जिलाध्यक्ष सीधी कृपाशंकर मिश्र के नेतृत्व में दिनांक 1 जुलाई 2025 को कलेक्ट्रेट कैंपस में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर सीधी को ई.अटेंडेंस हेतु लागू किये गये हमारे शिक्षक एप्प को बंद करने एवं शिक्षा विभाग से संबंधित स्थानीय समस्याओं के निराकरण बावत सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति में ज्ञापन सौपा गया। ई-अटेंडेंस शिक्षकों के लिए समस्यात्मक व्यवस्था है। इसके उपयोग में कई तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याएं हैं। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में भी मोबाइल बाधित रहता है प्रचलित पोर्टल 3.0 अत्यंत धीमी गति से क्रियाशील है, जिससे हैंगिंग की समस्या बनी रहती है। किसी अप्रत्याशित प्रकृति जन्य विपदा की स्थिति में शिक्षक की उपस्थिति दर्ज न होने पर विभाग दोषी सिद्ध करेगा। साथ ही शिक्षा विभाग से सम्बन्धी समस्याओं जिसमें प्रमुख रूप से जिले में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सीएसी, बीएसी, एपीसी जिनका कार्यकाल 4 वर्ष से अधिक हो गया है शासन के नियमानुसार मुक्त कर अन्य शिक्षकों को अवसर प्रदान किया जाए। शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं तक की फीस में एकरूपता हेतु विभागीय स्तर पर फीस का निर्धारण कराने, शाला विकास शुल्क नहीं लिए जाने एवं विगत सत्र 2024-25 में जिले अंतर्गत अधिकांश संस्था प्रधानों द्वारा संबल की राशि का वितरण छात्रों को नहीं किया गया जांच कर कर भुगतान कराए जाने सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन तहसीलदार गोपद बनास सीधी को सौंपा गया। इस मौंके पर हरीश कुमार पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष सिहावल, मधुर कुमार मिश्र उपाध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा उपाध्यक्ष, कौशल द्विवेदी, उपाध्यक्ष अशोक द्विवेदी, अरूणेन्द्र गौतम प्राचार्य लकोड़ा, सतीश तिवारी, कौशल द्विवेदी, उपाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, रश्मी सिंह, शिल्पी सोनी, अशोक वर्मा, अनुराग पाठक, जीतेन्द्र पाठक, अशोक मिश्र, बृजेन्द्र मिश्र, मुकेश सेन, राकेश सोनी, विनय गुप्ता, चितरंजन मिश्रा, विनय पाण्डेय, अमित सिंह बघेल, गंगा प्रसाद द्विवेदी, आशुतोष पाण्डेय, टावेन्द्र सोनेकर, कृष्ण कुमार द्विवेदी, सहमद अली एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जुताई करने जा रहा ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत



**जागरण, सीधी।** जमोड़ी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत धनखोरी में खेत जुताई करने जा रहे तेज रफ्तार टैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से चालक की मौत हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी और मां का रो-रो कर बुरा हाल था। जानकारी के अनुसार सेमरिया थाना अंतर्गत बम्हनी निवासी संतोष कोल पिता छोटेलाल कोल उम्र 26 वर्ष कुछ दिनों से पुष्पेंद्र पाण्डेय निवासी धनखोरी के ट्रैक्टर में ड्राइवर का काम करता था। आज सुबह तकरीबन आठ बजे ट्रेक्टर लेकर खेत जुताई करने के लिए जा रहा था कि रास्ते में ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। जब तक ग्रामीण दौड़े तो चालक की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्यप्रकाश त्रिपाठी अपने दल बल के साथ घटना स्थल में पहुंचे और जेसीबी के माध्यम से ट्रेक्टर को उठा कर शव बाहर निकलवाया गया। पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कार्रवाई के पश्चात शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## जिले में औसत वर्षा 256.3 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 03 जुलाई को सीधी जिले में 12.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 8.0 मि.मी., चुरहट में 2.0 मि.मी., गोपद बनास में 3.6 मि.मी., सिहावल में 17.2 मि.मी., बहरी में 4.0 मि.मी., मझौली में 34.0 मि.मी. और कुसमी में 20.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 243.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 3 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 387.4 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 105.5, चुरहट में 173.5, गोपद बनास में 193.8, बहरी में 337.3 मझौली में 316.0 मि.मी. और कुसमी में 281.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 111.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 144.7 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# एसडीएम और एसडीओ ने किया चुरहट विश्राम गृह में पौधरोपण

## एक पेंड़ मां के नाम अभियान के तहत हो रहा पौधरोपण



जागरण, सीधी

एक पेंड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत रेस्टहाउस चुरहट में एसडीएम शैलेष द्विवेदी, पीडब्ल्यूडी एसडीओ ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपयंत्री केके मिश्रा समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। एक पेंड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण का कार्यक्रम रामपुर नैकिन, शिकारगंज, ऑफिस कैम्पस चुरहट, सजवानी रोड में भी किया गया। रामपुर नैकिन में नायब तहसीलदार श्री द्विवेदी एवं शिकारगंज में एसडीओ ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा पौधरोपण किया गया। अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर 380 पौधों का रोपण कराया गया है। इसमें फलदार पौधों में आम, जामुन को प्राथमिकता दी गई है। जिससे इन पौधों के बड़े होने पर लोगों को फल का लुत्फ भी मिल सके। अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में लोगों को एक पेंड़ मां के नाम से लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका असर भी क्षेत्र में देखा जा रहा है। काफी संख्या में लोग अपनी निजी भूमियों में भी फलदार पौधों का रोपण कर रहे हैं। जिससे उक्त पौधों की उपयोगिता सालों साल बनी रहे। एसडीएम चुरहट रामपुर नैकिन शैलेष द्विवेदी द्वारा पौधरोपण को लेकर लगातार लोगों को जागरुक किया जा रहा है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा पौधरोंपण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# कांग्रेसजनों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

## चुरहट में व्याप्त समस्याओं का जल्द नहीं हुआ निराकरण तो होगा जनआंदोलन



जागरण, सीधी

पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुरहट एवं रामपुर नैकिन एवं हनुमानगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में चुरहट विधानसभा के हजारों कार्यकर्ताओ ने विधानसभा में व्याप्त बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ, विस्थापन, रेलवे से संबंधित व सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर चुरहट एसडीएम को समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौपा गया और जल्द निराकरण की मांग की साथ ही चेतावनी दी की अगर सभी समस्याओ का जल्द से जल्द निराकरण नही किया गया तो चुरहट विधानसभा के कांग्रेसजन बड़ा जनआंदोलन करने को मजबूर हो जाएगे जिसकी जवाबदारी सत्ता एवं प्रशासन की होगी। एसडीएम चुरहट को बिंदुवार सौंपे गए ज्ञापन में बिजली संबंधित समस्या में बाणसागर परियोजना, गुलाब सागर महान परियोजना के अंतर्गत सीपेज टूटी नहरों के सुधार, खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने, खाद्यान वितरण प्रणाली में सुधार, मध्यान भोजन व्यवस्था को सुचारू बनाना, बीपी एल नए नाम जोड़ना एवं काटे गए नाम को पुनः जोड़ना, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सभी पात्रों को उपलब्ध कराए जाने एवं राशि आवंटन, लाड़ली योजना के हितग्राहियों के नाम काटने, उपखंड अधिकारी कार्यालय में लंबित मामलों के जल्द निराकरण, आवारा पशुओं की समस्या उचित हल, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आदिवासियों को आवंटित जमीन पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण से मुक्त कराने सहित अन्य समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सीधी में विधायक प्रतिनिधि भारत शरण सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं रामपुर नैकिन जनपद में विधायक प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, जिला महामंत्री कमलेश्वर सिंह व शिवकुमार सिंह गोंड, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुरहट, रामपुर नैकिन व हनुमानगढ़ के अध्यक्ष क्रमशः रामबिलास पटेल, प्रदीप द्विवेदी, यज्ञशरण सिंह गोंड, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के अध्यक्ष उर्मिला शेखर साकेत, उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा, जनपद सदस्य अरुण त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र सिंह मुन्नू, जिला पंचायत सीधी के पूर्व उपाध्यक्ष रतीभान पटेल, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल पाण्डेय, महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती शशिकला द्विवेदी सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुरहट और रामपुर के वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारी एवं सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में आमजन एवं मातृशक्ति उपस्थिति रहे।

## एक्सीलेंस कॉलेज सीधी में छात्र-छात्राओं को कराया गया महाविद्यालय भ्रमण



**जागरण, सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में दीक्षारंभ समारोह के अंतिम दिवस का आयोजन बहुत भावुकता एवं उत्साह के वातावरण में हुआ। समारोह का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार के द्वारा छात्र-छात्राओं को कुमकुम का तिलक लगाकर एवं परिचय प्राप्त करने से हुआ। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के झिझक, परायेपन को दूर करने तथा अपनेपन का आभास दिलानेयुक्त वातावरण प्राचार्य तथा महाविद्यालय के स्टाफद्वारा निर्मित किया गया। समारोह में शामिल सभी छात्र छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए मंच पर आमंत्रित एवं उत्साहित किया गया। भ्रमण के लिए निर्मित समिति के संयोजक/सदस्य डॉ. राकेश सिंह चौहान, डॉ. रविंद्र नाथ सिंह, डॉ. विभा कुशवाहा, डॉ. नुसरत अली, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. प्रतिभा सिंह, रामानुज पटेल के निर्देशन में सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के विभागों और प्रकोष्ठों का भौतिक भ्रमण कराते हुए विभाग/प्रकोष्ठ के प्रभारी/विभागाध्यक्ष एवं वहां पर पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों से विस्तृत परिचय कराया गया तथा विभाग में उपलब्ध सभी सुविधाओं का प्रत्यक्ष विवरण दिया गया। उक्त समारोह में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रावेंद्र बहादुर सिंह, स्वशासी परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभाकर सिंह, राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के बी सिंह, जूलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणा सिंह ठाकुर एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक अतिथि विद्वान उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।







# जंगल में मिली महिला की खोपड़ी और कंकाल, मचा हड़कंप

## अज्ञात महिला की शिनाख्त कराने में जुटी सेमरिया पुलिस



जागरण, सीधी

जिले के सेमरिया थानांतर्गत करौंदिया के जंगल में एक महिला का कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सेमरिया थाना प्रभारी केदार परौहा भी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार आज करौंदिया गांव के समीप जंगल में एक महिला का मानव कंकाल देखा गया। यह इलाका गांव की बस्ती से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। ग्रामीण जब जंगल की ओर गए तो उन्होंने मानव अस्थियां बिखरी देखीं। सिर की खोपड़ी और पैर की हड्डी लगभग 30 मीटर की दूरी पर पाई गईं, जिससे किसी अनहोनी की आशंका और गहराती जा रही है। कंकाल के पास साड़ी, पेटीकोट और महिलाओं द्वारा पहने जाने वाली 6 नंबर की चप्पल मिली है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कंकाल किसी महिला का हो सकता है। यह खबर इलाके में फैलते ही सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दीए

> हमें ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि करौंदिया के समीपी जंगल में मानव कंकाल मिला है। फिलहाल हम कुछ भी पुख्ता तौर पर नहीं कह सकते। प्रथम दृष्ट्या यह मानव कंकाल महिला का प्रतीत हो रहा है, क्योंकि उसके आसपास महिला से जुड़े हुए समान मिले। लेकिन इसकी पुष्टि फॉरेंसिक जांच के बाद ही संभव होगी। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुला लिया है, जो कंकाल और उसके आसपास के साक्ष्यों की बारीकी से जांच में लगी है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला की मौत कैसे हुई और उसकी पहचान क्या है।
>
> **केदार परौहा, थाना प्रभारी सेमरिया**

### विवेचना में जुटी फॉरेंसिक टीम

सेमरिया थाना प्रभारी केदार परौहा द्वारा करौंदिया के समीपी जंगल में महिला की खोपड़ी, कंकाल, साड़ी, पेटीकोट और चप्पल मिलने की सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। कुछ समय बाद फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और विवेचना में घंटों जुटी रही। विवेचना में यह जानने का प्रयास किया गया कि मानव कंकाल कितना पुराना है। साथ ही आसपास से साक्ष्य एकत्रित करने के प्रयास शुरू किए गए।

जिसके बाद सेमरिया थाना प्रभारी केदार परौहा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल को अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा किस महिला का कंकाल है इसके प्रयास भी शुरू किए गए हैं।




## उत्कृष्ट विद्यालय का छात्र लापता



**जागरण, सीधी।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी क्रमांक 1 के कक्षा 9वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में 1 जुलाई 2025 से लापता है। छात्र के लापता होने पर उसके मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। काफी प्रयासों के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर जमोड़ी थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत ग्राम खड्डी निवासी अनीता मिश्रा पति चन्द्रभूषण मिश्रा उम्र 34 वर्ष ने बताया कि वह सिंचाई विभाग कालोनी पड़रा सीधी में रहते हुये अपने बेटे यश मिश्रा को पढ़ा रही थी। पति चन्द्रभूषण मिश्रा बाहर पुणे में रहते हैं। उसका बेटा यश मिश्रा उम्र 15 वर्ष उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में कक्षा 9वीं में पढ़ाई करता था। 1 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे घर से स्कूल जाने को कहकर निकला था और वापस नहीं आया। आसपास एवं नात रिश्तेदारी में तलाश की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उसे आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर उसके बेटे को कहीं ले गया है। जमोड़ी थाना पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 0374 के तहत अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# दक्षिण पन्ना के कल्दा वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ किया पौधरोपण




## वन महोत्सव विशेष

**पन्ना ।** आज दिनांक 03 जुलाई 2025 को दक्षिण वनमंडल पन्ना के वन परिक्षेत्र कल्दा में वन महोत्सव के उपलक्ष में एवं एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम कल्दा के माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं, ग्रामवासियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बलबीर सिंह (थाना प्रभारी, सलेहा) एवं शिवकुमार सेन (सरपंच, कल्दा) की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी परिवेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पुष्पेंद्र सिंह (वन परिक्षेत्र सहायक), अरविंद गुप्ता (वन रक्षक), रामबाबू व्यास (वन रक्षक), संतोष शर्मा (वन रक्षक) एवं सुरक्षा श्रमिकों ने भी सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली गई, जिससे हर पौधा सुरक्षित बढ़ सके कार्यक्रम में संकल्प को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संकल्प लिया गया।

# दक्षिण पन्ना के शाहनगर वनपरिक्षेत्र में वन विभाग द्वारा निर्मित तालाब के किनारे पौधरोपण

**पन्ना ।** दक्षिण वनमण्डल के शाहनगर वन परिक्षेत्र में गंगा जल संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम वन समिति महेबा में तालाब का निर्माण कराया गया। ग्राम महेबा में फसल सिंचाई हेतु पानी की भारी कमी थी एवं फसल की पैदावार काफी कम थी, जिससे समिति सदस्यों के द्वारा तालाब निर्माण की माँग की गई थी। वर्षा ऋतु आने के बाद तालाब में पानी लबालब भर गया है। इससे ग्राम वन समिति सदस्यों द्वारा वन विभाग का आभार प्रकट किया गया। आज दिनांक को वन महोत्सव के उपलक्ष्य में, ग्रामीणों के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत पौधा रोपण कार्य भी किया गया। इस कार्यक्रम में उपवनक्षेत्रपाल श्रीनिवास पांडे, वनरक्षक प्रेमनारायण वर्मा, ग्राम वन समिति के अध्यक्ष श्री भूरा बंजारा जी, समिति के अन्य सदस्य एवं वन अमला उपस्थित रहा।



# दक्षिण पन्ना वनमण्डल में रैपुरा रेंज ऑफिसर की पहल से चरवाहा सम्मेलन का आयोजन



**पन्ना।** रैपुरा आज दिनांक को दक्षिण वनमंडल पन्ना के रैपुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन चौकी बघवार में चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता रैपुरा वनपरिक्षेत्र अधिकारी राजित द्विवेदी ने की, एवं सम्मेलन में क्षेत्र के लगभग 30 चरवाहाओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित चरवाहों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण, वनोपज एवं वन संपदा की रक्षा, तथा अवैध चराई रोकने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चरवाहों को यह हिदायत दी गई कि वे चराई के दौरान जंगल में पुनरुत्पादन की प्रक्रिया (बीज गिरने, अंकुर निकलने) को नुकसान न पहुँचाएँ, ताकि क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से नए पौधे पनप सकें। वन विभाग द्वारा सभी चरवाहाओं से अपील की गई कि यदि उन्हें कभी वन भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी प्राप्त हो, तो वे तुरंत वन विभाग को सूचित करें। इस अवसर पर मुखबिर को सूचना पर ईनाम योजना के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके तहत वन/वन्यप्राणी अपराध की सूचना देने वाले को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। इस सम्मेलन में रैपुरा परिक्षेत्र का वन अमला उपस्थित रहा, जिन्होंने उपस्थित चरवाहाओं से संवाद कर उनके सुझाव एवं समस्याएं सुनीं तथा क्षेत्र में वन सुरक्षा एवं संरक्षण में सहयोग का आह्वान किया, ताकि क्षेत्र की जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## आयुष चतुर्वेदी का हुआ बोध गया में चयन



**पन्ना ।** नगर के केंद्रीय विद्यालय पन्ना के पूर्व छात्र आयुष चतुर्वेदी ने देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय इंदौर से ऑनर्स में 92प्रतिशत अंक हासिल कर महाविद्यालय में टॉप किया द्य इसके बाद इस की परीक्षा 95.3 परसेंटाइल हासिल की द्य इंटरव्यू के लिए, दिए गए इंटरव्यू में बेहतर प्रदर्शन किया जिससे बोधगया (बिहार) में प्रवेश मिला द्य आयुष को इसके अतिरिक्त इंटरव्यू जम्मू, सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) आदि अन्य संस्थानों से भी प्रवेश का ऑफर प्राप्त हुआ था द्य आयुष ने इसका श्रेय भगवान जुगल किशोर की कृपा, माता-पिता व परिवार के आशीर्वाद एवं मित्र गणों के सहयोग को दिया द्य आयुष के पिता अशोक चतुर्वेदी पन्ना जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं व मां साधना चतुर्वेदी गृहस्थ ग्रहणी हैं।

# नकली घी विक्रय की शिकायत पर किया निरीक्षण



**पन्ना।** अजयगढ़ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आज थाना अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम सिन्हाई के ग्रामवासियों द्वारा पुलिस थाना अजयगढ़ में नकली घी के विक्रय एवं इसके उपयोग से बीमार होने की शिकायत पर त्रिवेणी चौराहा स्थित किराना दुकान देवांश ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने शिकायतकर्ता द्वारा थाने में उपलब्ध कराए गए संदिग्ध घी का सैंम्पल लेकर जांच के लिए भिजवाया। खाद्य प्रतिष्ठान के निरीक्षण के दौरान दुकान में संदिग्ध घी से संबंधित कोई भी सामग्री नहीं पाई गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई थाना अजयगढ़ के थाना प्रभारी बखत सिंह के निर्देशन में पुलिस बल की उपस्थिति में की गई।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# नवागत संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने किया पदभार ग्रहण



**पन्ना ।** राज्य शासन द्वारा सागर संभाग के लिए नवनियुक्त संभागायुक्त अनिल सुचारी ने संभाग आयुक्त कार्यालय सागर में आज अपना पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2006 बैच के अधिकारी श्री सुचारी इसके पूर्व कलेक्टर विदिशा, एमडी पाठ्य पुस्तक निगम, सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल, अतिरिक्त सचिव गृह विभाग एवं परिवहन विभाग, कमिश्नर रीवा संभाग, कमिश्नर शहडोल संभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के महत्वपूर्ण पदों में रहकर दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

# पन्ना पुलिस द्वारा बालिका एवं नाबालिग दो बालकों को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया

**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस.थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में थाना शाहनगर में दर्ज अप.क्र. 167/25, 196/25 एवं 197/25 धारा 137(2) बी.एन.एस. में अपहृत बालिका व दो बालकों की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये गये। सायबर सेल पन्ना की सहायता से थाना प्रभारी शाहनगर उनि0 मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने दिनांक 03/07/25 को अपहृत बालिका व दोनों बालकों को दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर उनि0 मनोज कुमार यादव, प्रआर हेमंत रावत, मनोज त्रिपाठी, आर राकेश सिंह, म.आर. राजकुमारी, हत्रत्र अभिनव एवं पुलिस सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**In The Court Of V Additional District Judge, District Court, Rewa**
Presiding Officer: संदीप श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000068/2017)

कमलभान सिंह .................. वादी
VS
प्रतिभा सिंह .................. प्रतिवादी
Process Id:-/2025
पेशी दिनांक – 24.07.2025

प्रेषिती–
(1) श्रीमती विध्या सिंह पुत्री स्व. अरुण प्रताप सिंह पत्नी श्री जितेन्द्र सिंह पता–ग्राम ओबरा तहसील अमरपाटन जिला मैहर म.प्र. (2) बृजेन्द्र सिंह तनय स्व. रामायण प्रताप सिंह पता ग्राम फरेंदा तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. (3) श्रीमती प्रभा सिंह स्व. श्री रावेन्द्र सिंह पता निवासी ग्राम अकौरी तह. सिरमौर जिला रीवा म.प्र.।

यह कि प्रार्थी कमलभान सिंह ने आपके विरूद्ध अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

मुद्रा
न्यायाधीश
(संदीप श्रीवास्तव)
पंचम जिला न्यायाधीश, रीवा
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 82294

**In The Court Of XVI Additional District Judge, District Court, Rewa**
Presiding Officer: यशपाल सिंह
Pro.No./633/25
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000036/2019)

रामकली विश्वकर्मा .................. वादी
VS
सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा ............ प्रतिवादी
Process Id:-/2025
पेशी दिनांक – 24.07.2025

प्रेषिती–
(1) श्रीमती ममता सिंह पत्नी श्री अजीत सिंह पता ग्राम व पोस्ट बडखडा थाना व तहसील चुरहट जिला सीधी म.प्र. (2) गुल्लू उर्फ इशिता पुत्री श्री विनय शर्मा पता विश्नोई का मकान स्नेह नगर लेवर चौक जबलपुर म.प्र. (3) विन्नी उर्फ वंदिता पुत्री विनय शर्मा पता– विश्नोई का मकान स्नेह नगर लेवर चौक जबलपुर म.प्र. (4) विनय शर्मा तनय बृजभान पता विश्रोई का मकान स्नेह नगर लेवर चौक जबलपुर म.प्र. (5) श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा पत्नी श्री महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पता शहर वाराणसी उ0प्र0।

यह कि प्रार्थी रामकली विश्वकर्मा ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 30 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

मुद्रा
न्यायाधीश
(यशपाल सिंह)
सोलहवें जिला न्यायाधीश
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 82295

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)**
प्रकरण क्रमांक –0564/अपील/2025–26
रीवा दिनांक 30.06.2025

01. लक्ष्मण सिंह तनय रामहृदय सिंह 02. संगीता सिंह पत्नी स्व. शत्रुधन सिंह 03. अजय सिंह तनय स्व. शत्रुधन सिंह 04. जमुना सिंह तनय जगपति सिंह 05. गंगा सिंह तनय लगपति सिंह सभी निवासी ग्राम क्योटी तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.)
............ अपीलार्थीगण
बनाम
01. अवधेश सिंह तनय अभिमान सिंह 02. धीरेन्द्र सिंह तनय अभिमान सिंह 03. शिवेन्द्र सिंह तनय अभिमान सिंह 04. कमलेश्वर सिंह तनय अभिमान सिंह 05. निरपति सिंह तनय विश्वनाथ सिंह 06. रणजीत सिंह तनय विश्वनाथ सिंह मृतक वारिसान– (अ) अजय सिंह पिता स्व. रणजीत सिंह (ब) विजय सिंह पिता स्व. रणजीत सिंह 07. इन्द्राज सिंह तनय विश्वनाथ सिंह 08. मणिराज सिंह तनय विश्वनाथ सिंह सभी निवासी ग्राम क्योटी तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.)
............उत्तरवादीगण।
//आम इश्तहार//
उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 08 निवासी ग्राम क्योटी तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी लक्ष्मण सिंह तनय रामहृदय सिंह वगै. निवासी ग्राम क्योटी तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील सिरमौर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0008/अ–6–अ/2025–26 आदेश दिनांक 28.04.2025 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 30.07.2025 को पेशी नियत है। अतः उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 08 निवासी ग्राम क्योटी तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 30.07.2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, उत्तरवादीगण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगणों के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
अपर कलेक्टर
जिला–रीवा (म.प्र.)
RN- 82560

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला सीधी, (म०प्र०)**
E-mail : deo.mpedsdh@mp.gov.in
सीधी, दिनांक 02-07-2025
वाहन निविदा विज्ञप्ति

सर्वसाधारण एवं ट्रेवलिंग एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र क्रमांक/9–लेखा/बजट/ 2025–26/ई–415972/13 ग्वालियर, दिनांक 30.06.2025 द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्वांत/निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला सीधी के लिए 04 (चार) यूटिलिटी वाहन (हल्के 4 चक्का वाहन) दिनांक 01.08.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक की अवधि के लिए किराये पर लिये जाने की प्रकिया टेण्डर के माध्यम से अनुबंध की जाना हैं। टेण्डर फार्म की कीमत 500/– रूपये निर्धारित हैं। उक्त टेण्डर फार्म की राशि शीर्ष अन्य प्राप्तियों (0039-00-800-0761 other receipts) के अंतर्गत ऑनलाईन जमा करने एवं चालान प्रति कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने के उपरॉत कार्यालयीन समय पर कार्यालय द्वारा टेण्डर फार्म उपलब्ध कराया जायेगा। **वर्ष 2025–26 के लिये वाहन किराये लगाये लिये जाने हेतु प्रतिमाह 2500 कि0मी0 चलने पर अधिकतम निर्धारित किराया रूपये 42000/– या टेण्डर की राशि के बराबर देय होगा। वाहन माह मे 2500 किलोमीटर तक उपलंभन/प्रवर्तन कार्य हेतु उपयोग किया जायेगा।** ड्रायवर का वेतन, डीजल, आयल एवं अन्य सभी खर्च वाहन स्वामी द्वारा स्वयं वहन किया जावेगा। विभाग द्वारा टेण्डर राशि के अतिरिक्त कुछ भी भुगतान नही किया जावेगा। इच्छुक टेण्डरदाता टेण्डर फार्म कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला सीधी कार्यालय करूणा भवन कलेक्ट्रेट सीधी में दिनांक 03.07.2025 से दिनांक 09.07.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 10.07.2025 को सायं 03.00 बजे खोली जाकर स्वीकार की जावेगी। सफल टेण्डरदाता द्वारा दिनांक 01.08.2025 को वाहन कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। टेण्डर खोलने के समय टेण्ड्ररदाता की अनुपस्थिति टेण्डर स्वीकृति प्रक्रिया में बाधक नही होगी। वाहन अनुबंधित अवधि मे आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश मोतीमहल ग्वालियर द्वारा अनुबंधित वाहन संबंधित कोई नवीन आदेश जारी किये जाने पर उसका परिपालन करना बाध्यकारी होगा। वाहन स्वामी का व्यवहार उचित न होने पर वाहन को बिना कोई पूर्व सूचना कि किसी भी समय हटाया जा सकेगा। जिसके लिये कोई छतिपूर्ति देय नही होगा। इच्छुक टेण्डरदाता टेण्डर फार्म, टेण्डर की शर्तो, निर्बधनों आदि की जानकारी अवकाश के दिन छोड़कर कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

वाहन किराये पर लिये जाने हेतु प्रमुख शर्ते निम्नानुसार हैः–

1. वाहन किराये पर लगाये जाने के लिये नियमानुसार सर्विस टैक्स (सेवाकरदाता) पंजीकृत फर्म/संस्थाओ से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। सर्विस टैक्स हेतु पंजीकरण न होने की दशा में संबंधित संस्था/फर्म द्वारा टैक्सी सेवाओ के दिये जाने संबंधी प्रचलित नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
2. वाहन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में टैक्सी कोटे में अनिवार्यतः पंजीबद्व होनो चाहिए।
3. निविदा के साथ प्रतिभूति की राशि रूपये 4200/– प्रति वाहन जिला आबकारी अधिकारी, जिला सीधी के पक्ष में जारी, किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा में देयक बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/बैंक कैश ऑर्डर/सावधि जमा के रूप में प्रस्तुत करना होगा।
4. टेण्डर प्रपत्र के साथ ही रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शर्तो के पालन हेतु संबंधित निविदाकार को शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. नवीन/अच्छी स्थिति वाले वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी।

वाहन किराये पर लिये जाने हेतु प्रमुख शर्तो के अलावा शेष शर्ते टेण्डर फार्म के साथ दी जावेगी।

(संतोष सिंह कुशवाह)
जिला आबकारी अधिकारी
जिला–सीधी (म.प्र.)
G- 15139/25

संस्था कोड-322016 डाइस कोड 23140910329
**कार्यालय प्राचार्य जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जवा रीव (म.प्र.)**
**1 पद शिक्षक की आवश्यकता है**
विषय - जीव विज्ञान, योग्यता - एम. एस. सी. बीएड, शिक्षकीय कार्य के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ प्राचार्य जनता उ.मा. विद्यालय जवा में अपना आवेदन पत्र **दिनांक 10/7/2025** तक जमा करें, वेतन योग्यतानुसार, 5 दिन डमी क्लास देखकर निर्धारित किया जायेगा।
प्राचार्य - जवा जनता उ. मा. विद्यालय जवा रीवा (म.प्र)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमाक 286/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 24.03.2025
इश्तहार
आवेदक आकाश साकेत पिता श्री समय लाल साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम व पो. कटरा, तहसील –त्योथर, जिला रीवा (म.प्र.) आवेदिका नेहा साकेत पिता श्री कैलाश प्रसाद साकेत, उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम– वैद्यनाथ, तहसील – हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के –अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/–रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
पेशी दिनांक : 05.08.2025
विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 82655

**उत्तर मध्य रेलवे**
L. No. JHS-ELG-W-T-06-2025-26 दिनांकः 01.07.2025
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-06-2025-26, **कार्य का विवरणः विद्युत/जी कार्यः भाग-एः** डीएलएस जेएचएस में स्मार्ट कक्षाओं (03 संख्या) के प्रावधान के साथ डीज़ल प्रशिक्षण केंद्र का आधुनिकीकरण/नवीनीकरण। **भाग-बीः** डीजल लोको शेड झाँसी में मौजूदा प्रशासनिक भवन का विस्तार और नवीनीकरण। **भाग-सीः** झाँसी डिवीज़नः एडीईएन/ललितपुर के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक मशीन कर्मचारियों के लिए ट्रैक मशीन साइडिंग में पथ-मार्ग और जल आपूर्ति का प्रावधान। | |
| **निविदा राशि :** ₹ 27,19,781/- मात्र | **बयाना राशि :** ₹ 54,400/- मात्र |
| **कार्य समापन अवधिः** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथिः** 25.07.2025 (15:00 बजे तक) |

निविदाकार निविदा दिनांक **25.07.2025** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 1152/25 (MG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय कलेक्टर जिला-रीवा (म0प्र0)**
निविदा सूचना क्र. 160/नजारत/2025 रीवा, दिनांक 01/07/2025
-: (Second Call of Tender Ref No. 96/nazarat/2025) :-
//निविदा विज्ञप्ति//
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर रीवा द्वारा 1 वर्ष हेतु कलेक्टेट परिसर में वाहन पार्किंग फीस वसूली करने के लिए निविदाऐं लम्प-सम दर पर MP Tender Portal URL:- https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म, शुल्क जमा कर निविदा में भाग ले सकता है।
दस्तावेजों के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निविदाकार की स्वयं की होगी। निविदा संबंधित प्रमुख तिथियां निम्नानुसार है:-

1. निविदा फार्म खरीदने की प्रारंभ तिथि - 03.07.2025 समय सुबह 09:00 बजे से।
2. निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि -17.07.2025 समय सायं 3:00 बजे तक।
3. निविदा फार्म जमा करने की प्रारंभ तिथि -05.07.2025 समय सुबह 09:00 बजे से।
4. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि -17.07.2025 समय सायं 3:00 बजे तक।
5. निविदा खुलने की तिथि -21.07.2025 समय सायं 3:30 बजे तक।
6. निविदा प्रतिभूति राशि -रू. 25000/- (पच्चीस हजार)
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य -रू. 1000/- (एक हजार)
8. न्यूनतम निर्धारित प्रीमियम राशि -रू. 13,75,000/-(तेरह लाख पचहत्तर हजार)

| क्र0 | कार्य का नाम | न्यूनतम निर्धारित प्रीमियम राशि | प्रतिभूति (EMD) राशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय कलेक्टर रीवा क्षेत्रान्तर्गत कलेक्टर परिसर में वाहन पार्किंग | रू. 13,75000.00 तेरह लाख पचहत्तर हजार मात्र अधिकतम वाले पात्र होंगे | रू. 25000/- रूपये (पच्चीस हजार) | रू. 1000/- | 01 वर्ष इससे अधिक समय लगने पर आगामी निविदा प्राप्त न होने तक समानुपातिक राशि जमा करना होगा |

निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें MP Tender Portal URL:- https://mptenders.gov.in के माध्यम से निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं।
(कलेक्टर द्वारा आदेशित)
अपर कलेक्टर
जिला-रीवा (म.प्र.)
G- 15126/25

**कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,**
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला–सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर–7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in
क्र./ई–निविदा/2025/ 4269 सीधी दिनांक 02-07-2025
–: ई–निविदा सूचना :–
कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में शासकीय हाथियों के भोजन के लिये निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र दुबरी के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क. | सामग्री का नाम | सामग्री प्रदाय मात्रा प्रति माह | सामग्री प्रदाय वर्ष में कुल मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गेहू का आटा | 1080 कि0ग्रा0 | 12960 कि0ग्रा0 | संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र दुबरी के अंतर्गत हाथी कैम्प में प्रदाय किया जाना अनिवार्य है। जिला–सीधी (म0प्र0) |
| 2 | चने का आटा | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 3 | गुड़ | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 4 | सोयावीन का तेल | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 5 | नमक | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्रा0 | |
| 6 | नारियल का गोला | 60 कि0ग्रा0 | 720 कि0ग्रा0 | |
| 7 | गन्ना | 2400 नग | 28800 नग | |
| 8 | सर्को फेराल(फीड सप्लीमेन्ट) | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्रा0 | |
| 9 | नीम तेल | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्राम | |
| 10 | अरंडी तेल | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्राम | |

इस निविदा के लिये दिनांक 07.07.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी **https://mptenders.gov.in/** के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14.07.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 15.07.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिसियल वेबसाईट **https://mpforest.gov.in/** पर भी देखी जा सकेगी।
उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी
G- 15121/25

## धर्मांतरण के मामले में प्रशासन का छापा

# चंदला में ईसाई प्रचार के केंद्र पर कार्रवाई

**जागरण, चंदला**

छतरपुर जिले के चंदला कस्बे में कथित धर्मांतरण के एक मामले ने जोर पकड़ लिया है। गुरुवार को प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 5 में चल रहे एक धर्मांतरण कार्यक्रम पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि यह आयोजन पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष तुलसा अहिरवार के परिजनों द्वारा संचालित किया जा रहा था।

मीडिया में लगातार इस मामले को लेकर चर्चाएं हो रही थीं कि चंदला में हर रविवार ईसा मसीह के नाम पर दरबार लगाकर लोगों की बीमारियों को ठीक करने का दावा किया जाता है। इसे धर्मांतरण की गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा था। जब यह जानकारी प्रशासन तक पहुंची, तो लवकुशनगर एसडीएम राकेश शुक्ला, एसडीओपी नवीन दुबे, तहसीलदार और चंदला टीआई उदयवीर सिंह तोमर सहित अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और कार्यक्रम स्थल पर कार्रवाई की गई। टेंट हटवाया गया और लोगों की उपस्थिति दर्ज करने वाला रजिस्टर भी जब्त किया गया।

प्रशासन के अनुसार, पूरे मामले की जांच की जा रही है और फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाज़ी होगी। वहीं, तुलसा अहिरवार के पति दयाराम अहिरवार ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हमारे यहां सिर्फ ईसा मसीह के बारे में जानकारी दी जाती है, धर्मांतरण की कोई गतिविधि नहीं होती।

हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जो लोग वर्षों से बाबा बागेश्वर धाम में अर्जी लगाए बैठे थे और ठीक नहीं हो पा रहे थे, वे हमारे प्रार्थना कार्यक्रम में आकर ठीक हुए हैं। बता दें कि यह मामला इसलिए भी संवेदनशील हो गया है क्योंकि जिस क्षेत्र में यह कार्यक्रम संचालित हो रहा था, वह क्षेत्रीय विधायक सरकार में मंत्री हैं और भाजपा सरकार हिंदुत्व की राजनीति के लिए जानी जाती है।

# रपटे या पुल-पुलिया पर बाढ़ का पानी हो तो पार न करें : कलेक्टर

## जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते नागरिकों से की अपील



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा है कि जिले में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि यदि आवागमन के दौरान सड़क पर या किसी पुल-पुलिया में बाढ़ का पानी तेजी से आ रहा हो,तो नागरिक उसमें आने-जाने से बचें। इस दौरान जोखिम पूर्ण यात्रा करने से भी बचे। सजग रहें और सावधानी बरतें।इसके अलावा नागरिक जल भराव वाले क्षेत्रों में ना जाये और जोखिमपूर्ण जल स्त्रोतों के समीप जाकर फोटो,सेल्फी आदि नहीं ले। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नदी, तालाब, पोखर में नहाने अथवा पिकनिक के लिए जाने से मना करें।बारिश के चलते किसी भी प्रकार के जान-माल की नुकसानी न होने पाए, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुट गया है।

## खनिज माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन छतरपुर की लगातार कार्यवाहियां

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा 2 जुलाई 2025 को 5 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 1 लाख 60 हजार 625 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशमन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

# पैसों की मांग व मारपीट में शामिल 2 आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत पन्ना रोड विरासत होटल के पास दो दिन पूर्व ई रिक्शा चालक से जबरदस्ती पैसों की मांग एवं मारपीट संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त घटना का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में सम्मिलित आरोपी अंशु नामदेव पिता प्रकाश नामदेव निवासी पीतांबरा कॉलोनी छतरपुर, विधि विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में लिया गया, अभियुक्त अंशु नामदेव को न्यायालय एवं विधि विरुद्ध किशोर को बाल न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक अवधेश दुबे, उप निरीक्षक कादिर खान, प्रधान आरक्षक राजू वर्मा, आरक्षक अजय प्रताप सिंह की भूमिका रही।

# धीरेन्द्र शास्त्री का जन्मोत्सव आज

## अपने लाड़ले संत के दर्शन करने देश भर से आ रहे लोग, महाराजश्री ने कहा उपहार नहीं अस्पताल के लिए एक-एक ईंट का करें सहयोग



**छतरपुर।** पूरी दुनिया में सनातन का डंका बजाने वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का आज जन्मोत्सव है। अपने लाड़ले संत को शुभकामनाएं देने देश ही नहीं विदेश से लोग आ रहे हैं। बागेश्वर धाम में जन्मोत्सव से लेकर गुरू पूर्णिमा महोत्सव तक के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। बागेश्वर महाराज ने अपने सभी प्रेमीजनों से कहा है कि जन्मोत्सव के अवसर पर कोई व्यक्ति उन्हें उपहार न दे। यहां बन रहे कैंसर हॉस्पिटल के लिए एक-एक ईंट का योगदान दे ताकि लोगों को अस्पताल के सहारे जीवन दिया जा सके। वहीं बागेश्वर महाराज पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वे अपना जन्मदिन शांतिपूर्वक मनाएंगे। धाम पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है। सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में जन्मोत्सव एवं गुरूपूर्णिमा महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां की गई हैं। मंदिर को अत्यंत रमणीक बनाया गया है। आधुनिक साज-सज्जा से मंदिर परिसर को सजाया गया है। शुक्रवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराजश्री का जन्मोत्सव है इसको ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। समूचे क्षेत्र में जगह-जगह खुले मैदान में पण्डाल लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सुबह से महाराज श्री बालाजी की पूजा अर्चना करेंगे और बालाजी तथा सद्गुरु भगवान सन्यासी बाबा का आशीर्वाद देंगे इसके बाद लोगों से भेंट करेंगे। महाराजश्री के दर्शन करने और उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करने देश-दुनिया से लोग आ रहे हैं। महाराजश्री ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे उपहार देने के बजाय धाम में बन रहे कैंसर अस्पताल के लिए एक-एक ईंट का सहयोग करें। महाराजश्री ने कहा कि सभी भक्त अस्पताल में अपनी गिलहरी की भूमिका निभाएंगे तो लोगों के कल्याण के बदले उनका भी कल्याण होगा।

शुद्ध घी से बन रहे व्यंजन, सब्जी-पूड़ी के साथ मिठाई भी मिलेगी बागेश्वर धाम में महाराजश्री के जन्मोत्सव के अवसर पर आने वाले लाखों लोगों को शुद्ध घी के व्यंजनों का स्वाद मिलेगा। इस अवसर पर मटर पनीर की सब्जी के अलावा कद्दू की सब्जी, छोले की सब्जी भी मिलेगी। वहीं पुलाव, सूजी का हलवा, खीर जैसे व्यंजन भी श्रद्धालुओं का स्वाद बदलेंगे। बागेश्वर धाम में पूड़ी-सब्जी के साथ-साथ मिठाई के भी बंदोबस्त किए गए हैं। रात से ही सामग्री के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने अपने क्षेत्र में स्थित पावन तीर्थ बागेश्वर धाम में आने वाले हजारों लोगों को गुरूवार को खिचड़ी का प्रसाद खिलाया।

# आंगनवाड़ी की बाउंड्रीवॉल पहली बारिश में ही ढह गई , निर्माण में भारी भ्रष्टाचार की आशंका

**बिजावर।** जनपद पंचायत बिजावर की ग्राम पंचायत अनगौर में वर्ष 2022-23 में लगभग 9.50 लाख रुपये की लागत से बने आंगनबाड़ी केंद्र की पोल पहली ही बारिश में खुल गई। शंकरपुरी हरिजन मोहल्ले में निर्मित इस भवन को एक वर्ष पूर्व ही हैंडओवर किया गया था, लेकिन बारिश शुरू होते ही इसकी छत से पानी टपकने लगा और दीवारों से सीलन व पानी का रिसाव होने लगा।

सबसे गंभीर स्थिति तब सामने आई जब आंगनबाड़ी केंद्र के चारों ओर बनी बाउंड्रीवॉल हल्की बारिश में ही भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई बच्चा मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता व सहायिका ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की बात कही है और खुले तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है और जिम्मेदारों को कभी भी सजा नहीं मिलती। इस पूरे मामले में महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजकुमार बागरी तथा जनपद पंचायत की सीईओ अंजना नागर ने जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि ग्रामीणों का मानना है कि जांच तो होती रहती है, लेकिन दोषियों पर कभी भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या दोषियों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई होती है या फिर यह भी एक और जांच बनकर रह जाएगी।

# निर्मला किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप सील



**जागरण, मंडला।** घुघरी विकासखंड स्थित निर्मला किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप को तहसीलदार घुघरी श्री चंद्रकुमार वट्टी ने सील कर दिया। यह कार्यवाही पेट्रोल के स्टॉक में भारी अंतर पाए जाने के बाद की गई। तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से पेट्रोल नोजल और पेट्रोल टैंक को सील कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार श्री वट्टी ने गुरुवार को निर्मला किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप के रिकॉर्डेड स्टॉक और भौतिक स्टॉक में काफी विसंगति पाई गई। तहसीलदार ने इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए बिना किसी देरी के पेट्रोल पंप के सभी पेट्रोल नोजल और संबंधित टैंकों को सील कर दिया।

# बरसात के दिनों में सर्पदंश से बचाव, इलाज एवं भ्रातियों से बचे

## नजदीकी अस्पताल में लेकर तुरंत जाएं

**जागरण मंडला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने एडवाइजरी जारी की है कि बरसात के दिनों में सर्पदंश के केस अत्यधिक सामने आते हैं, सर्पदंश से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। सर्पदंश को अनदेखा न करें। व्यक्ति को किसी नजदीकी अस्पताल तुरन्त लेकर जायें। झाड़-फूंक में न रहें। सांप के दांत के नीचे विष की थैली होती है। काटने पर विष की थैली से सीधे शरीर में खून के माध्यम से जहर फैल जाता है। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते हैं। गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते हैं, परन्तु ये निशान नहीं दिखता है। ये सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा है, ज्यादातर सांप गैर विषैले भी होते हैं। सांप के काटने पर करीब-करीब 95 प्रतिशत मामलों में पहला लक्षण नींद का आना है। इसके साथ निगलने या सांस लेने में तकलीफ होती है। आमतौर पर सांप काटने पर आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं। सांप के काटने पर प्रभावित स्थान को न तो रस्सी से ना बांधें और न ही ब्लेड से काटें। पारम्परिक तरीकों का इस्तेमाल ना करें। मुंह से खून ना चूसें। ओझा, गुनिया के पास ना जायें। सांप काटे व्यक्ति को नदी में प्रवाहित ना करें। अंधविश्वास में ना पड़ें। यथासंभव सांप काटे व्यक्ति को दिलासा दिलायें। घटना के तथ्यों का पता लगायें। गीले कपड़े से डंक की जगह की चमड़ी को साफ करें जिससे लगा वहां पर लगा विष निकल जाये। सांप काटे व्यक्ति को करवट सुलायें, क्योंकि कई बार उल्टी भी होने लगती है, इसलिए करवट सुलाने से उल्टी श्वसनतंत्र में ना जाये। जहां पर सांप ने काटा है उस स्थान पर हल्के कपड़े से बांध देवें। सांप काटे व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाने की व्यवस्था बनायें। सांप के जहर को कम करने के लिए अस्पताल में निःशुल्क एंटी स्नेक इंजेक्शन लगाया जाता है, जो कि अस्पताल में उपलब्ध है एवं डॉक्टर द्वारा दी गई सलाह के अनुसार उचित उपचार करायें। अंधेरे, झाड़ियों एवं पानी भरे गड्ढ़ों में ना जायें और न ही बिलों में हाथ डालें। पैरों में चप्पल और जूते पहनकर चलें।

## हाईकोर्ट के आदेश पर वापसी अरविंद बोरकर फिर बने शहपुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**जागरण डिंडोरी।** जनपद पंचायत शहपुरा में प्रशासनिक फेरबदल के तहत पहले स्थानांतरित किए गए मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद कुमार बोरकर को उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश पर पुनः जनपद पंचायत शहपुरा में पदस्थ कर दिया गया है। इससे संबंधित आदेश जिला पंचायत डिण्डौरी द्वारा जारी कर दिया गया। प्रारंभ में कार्यालयीन आदेश क्रमांक के अनुसार अरविंद बोरकर को शहपुरा से स्थानांतरित कर जनपद पंचायत पलेरा, जिला टीकमगढ़ भेजा गया था। इस स्थानांतरण के पश्चात शहपुरा का अतिरिक्त प्रभार लोकेश नारनोरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अमरपुर को सौंपा गया था।हालांकि अरविंद कुमार बोरकर ने उक्त स्थानांतरण के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में याचिका क्रमांक 22640/2025 प्रस्तुत की थी। उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 27.06.2025 को पारित आदेश के अनुसार उन्हें पुनः जनपद पंचायत शहपुरा में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया। उक्त न्यायालयीन आदेश के अनुपालन में जिला पंचायत डिण्डौरी सीईओ ने तत्काल प्रभाव से बोरकर का पूर्व स्थानांतरण आदेश निरस्त करते हुए उन्हें पुनः जनपद पंचायत शहपुरा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में पदस्थ किया है।

# मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव आज एक दिवसीय प्रवास पर आयेंगे सिंगरौली

## मुख्यमंत्री सरई में आयोजित शसक्त महिला एवं जन जाति गौरव सम्मेलन में होगे शामिल



**जागरण बैढ़न।** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर सिंगरौली आयेगे। मुख्यमंत्री सरई में आयोजित शसक्त महिला एवं जन जाति गौरव सम्मेलन में शामिल होगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री आज प्रातः 11.50 बजे स्टेट हैंगर भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेगे। दोपहर 12.45 बजे रीवा एयरपोर्ट आगमन एवं दोपहर 12.50 बजे हेलीकप्टर के माध्यम प्रस्थान दोपहर 1. 30 बजे सरई आगमन होगे। मुख्यमंत्री सरई में आयोजित शसक्त महिला एवं जन जाति गौरव सम्मेलन में शामिल होगे साथ ही जिले को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात देगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे हेलीपैड सरई से कोतमा अनुपपुर के लिए प्रस्थान कर दोपहर 3.30 बजे कोतमा पहुचेगे। मुख्यमंत्री कोतमा में आयोजित सभा मे शमिल होकर शांय 5 बजे कोतमा से एयरपोर्ट रीवा के लिए प्रस्थान करेगे। शायं 5.45 बजे रीवा एयरपोर्ट आगमन एवं वायुयान के माध्यम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगे।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 1.10 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 2 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 1.10 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही मानसी नामदेव पिता मुकेश नामदेव निवासी असाटी मोहल्ला हटवारा को 60 हजार रुपए एवं लीला दुबे पति रमेश दुबे नि. वार्ड नं 7 बिल्हरी रोड नौगांव जिला छतरपुर को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन कोर्स में प्रवेश हेतु आवेदन जारी

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में नवीन सत्र 2025-26 से पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन कोर्स प्रारंभ किया जा रहा है। यह दो सेमेस्टर का एक वर्षीय रोजगार उन्मुखी कार्यक्रम है जो युवाओं को अनुवाद के क्षेत्र में दक्ष बनाने के लिए विशेष तरीके से तैयार किया गया है। प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. गायत्री ने बताया कि वर्तमान समय में अनुवाद के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं साथ ही अनुवाद के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ी है। यह पाठ्यक्रम युवाओं को सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानो में अनुवादक के रूप में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। साथ ही बैंक एवं निजी कंपनियों में भी अनुवादक के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए छात्र छात्राओं को तैयार करेगा। इस कोर्स को करने के पाश्चात फ्री-लांसर अनुवादक के रूप में भी अच्छी अर्निंग की सम्भावना उत्पन्न होगी। डॉ. गायत्री ने बताया कि वर्तमान समय में इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस कोर्स में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक छात्र-छात्राऐ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर या किसी भी इंटरनेट केन्द्र अथवा स्वयम के कम्प्यूटर के माध्यम से यू. टी. डी. ओनलाईन एडमीशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने लिया तत्काल संज्ञान, हुआ मार्ग दुरस्त



**जागरण मंडला।** विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत सीएम राइज़ स्कूल टिकरिया का निर्माण कार्य प्रगतिरत है।अत्यधिक बारिश और वाहनों के आवागमन के कारण मुख्य पहुँच मार्ग की स्थिति खराब होने से यहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्कूल आने जाने में दिक्कत होने की बात सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को प्राप्त हुई। इस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने तत्काल संज्ञान लेकर निर्माण एजेंसी को पहुँच मार्ग दुरस्त करने के निर्देश दिए।निर्माण एजेंसी द्वारा निर्देशों के परिपालन में तत्काल समय का निराकरण करते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया।

## पौड़ीमाल पंचायत सचिव जोहन लाल कोरबा सस्पेंड 7 पीएम आवास और मनरेगा में लापरवाही पर गिरी गाज

**जागरण डिंडोरी।** ग्राम पंचायत पौड़ीमाल के सचिव जोहन लाल कोरबा को जिला पंचायत डिण्डौरी के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बरती गई गंभीर लापरवाही, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी, तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का समय पर निराकरण न करने के चलते की गई है।जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर के द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जनमन आवास योजना, मनरेगा और सीएम हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रगति अत्यंत निराशाजनक पाई गई। आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 212 में से केवल 159 आवास पूर्ण, शेष 53 अपूर्ण। जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 14 में से सिर्फ 2 आवास पूर्ण। 362 पात्र हितग्राहियों में से मात्र 90 की समग्र सीडिंग। मनरेगा में मजदूर नियोजन लक्ष्य 37949 के मुकाबले सिर्फ 12696, जो मात्र 33.46त्न। वित्तीय वर्ष 2021-25 के बीच 1071 कार्यों में से 68 कार्य अब भी अपूर्ण। सीएम हेल्पलाइन में कई शिकायतें 83 से 238 दिनों से लंबित। पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब न देना और समीक्षा बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहना।इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत ने जोहन लाल को म.प्र. पंचायत सेवा नियम 2011 के नियम 7 के तहत कदाचरण और अनुशासनहीनता का दोषी मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उन्हें शासन नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा और उनका मुख्यालय जनपद पंचायत डिण्डौरी निर्धारित किया गया है।

# एसडीएम ने हटवाया अवैध निर्माण, समाप्त कराया अनशन



## रामपुर बाघेलान क्षेत्र के पड़खुरी गांव का मामला

**जागरण सतना।** अवैध निर्माण कर तालाब में पानी जाने रास्ते को रोके जाने के मामले का रामपुर बाघेलान एसडीएम आर एन खरे ने पटाक्षेप कर दिया है। बताया जाता है कि पडखुरी गांव में रहने वाले पूर्व सरपंच ने बाउंड्री बनाकर पानी निकासी के लिए बनाये जाने वाली पुलियॉ का निर्माण रोक दिया था जिसको लेकर ग्रामीण दो दिन तक अनशन पर बैठे रहे ।खबर लगते ही एसडीएम दलबल के साथ मौके पर पहुचे और बनाई गई अवैध बाउंड्री को ध्वस्त कराकर पुलियॉ निर्माण का रास्ता खोल दिया है।

### तीन तालाबों में जाता है पानी

बताया जाता है कि पडखुरी से लगे पहाड़ से आने वाला बरसात का पानी उस पुलियॉ के माध्यम से तीन तालाबो में जाकर भरता है।मगर पूर्व सरपंच द्वारा बाउंड्री का निर्माण करने लेने से पुल नही बन पा रहा था।जिसको लेकर गुरूवार को यह कार्यवाही की गई है।जेसीबी से बाउंड्री को तोड़ा गया है।कार्यवाही के दौरान एसडीएम आरएन खरे के अलावा प्रभारी तहसीलदार सुजीत नागेश , नायब तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह जयसुर , प्रभारी आरआई नरेन्द्र पाण्डेय पुलिस बल और पटवारी मौजूद रहे।यह कार्यवाही तकरीबन 3 घंटे से अधिक समय तक चली है।

# राज्यमंत्री सहित विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन को मद्देनजर रखते हुए तैयारियों का लिया गया जायज़ा

## हेलीपेड स्थल सहित सभा स्थल का किया गया निरीक्षण



**जागरण बैढ़न।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ मोहन यादव का सिंगरौली जिले में स्थित अनुभाग देवसर अंतर्गत तहसील सरई में आगमन हो रहा है। सभा स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने हेतु श्रीमती राधा सिंह राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह सहित सरई नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा पूर्व विधायक सुभाष वर्मा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ रावेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण द्वारा तैयार किए गए हेलीपैड मंच स्थल सहित पंडाल में की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया मौके पर उपस्थित जिला एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## राज्यमंत्री आज सतना आकर विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगी

**सतना ।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 4 जुलाई को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यमंत्री प्रातः 10.30 बजे शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. व्यंकट क्रमांक-1 सतना में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत विद्यार्थियों के लैपटाप राशि अंतरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके बाद राज्यमंत्री दोपहर 12 बजे शासकीय कन्या हाईस्कूल सोहावल में नवीन भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## उप मुख्यमंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन



**सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरूवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर एसडीएम विकास सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## व्यापार समझौते पर फंसा पेंच, देशहित पर अटकेगी बात?

> अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए इस चरण की वार्ता को इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि अमेरिका की ओर से लगाया गया 26 फीसद अतिरिक्त शुल्क नौ जुलाई के बाद लागू हो सकता है, लेकिन भारत अपने हितों से कोई समझौता नहीं करना चाहता है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता वार्ता महत्वपूर्ण चरण में है। दोनों पक्ष इस समझौते के अंतरिम प्रारूप को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। कई मसलों पर द्विपक्षीय सहमति बन गई है, लेकिन कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर पेंच फंसता नजर आ रहा है। अमेरिकी शुल्क नौ जुलाई से लागू हो जाने की संभावना के बावजूद भारत अपने हितों से कोई समझौता नहीं करना चाहता है। इस सिलसिले में वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव की अगुवाई में वाशिंगटन गए भारतीय दल ने इसके साफ संकेत दिए हैं। हालांकि, भारत चाहता है कि यह व्यापार समझौता जल्द से जल्द हो, लेकिन किसी दबाव में देश के हित की कीमत पर नहीं। इसमें दोराय नहीं कि अगर यह व्यापार समझौता सिरे चढ़ता है तो इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मगर, इसके लिए दोनों पक्षों को परस्पर हितों का सम्मान करना होगा, जो अमेरिकी पक्ष की ओर से फिलहाल कुछ मुद्दों पर नजर नहीं आ रहा है। दरअसल, अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारतीय कृषि और डेयरी बाजार में व्यापक पहुंच और शुल्क छूट की मांग कर रहा है। चीन के साथ बढ़ते व्यापार तनाव के कारण अमेरिका अपने कृषि और डेयरी उत्पादों को भारत में निर्यात करना चाहता है। लेकिन भारत के लिए इन क्षेत्रों में अमेरिका को शुल्क छूट देना कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भारत में करोड़ों किसान अपनी आजीविका के लिए खेती में लगे हैं। भारत इन क्षेत्रों को लेकर संतुलित समझौते की मांग कर रहा है, ताकि ग्रामीण रोजगार और खाद्य सुरक्षा जैसे अहम मुद्दे सुरक्षित रह सकें। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) की एक रपट के मुताबिक, अमेरिका को कृषि और डेयरी क्षेत्रों में व्यापक पहुंच उपलब्ध कराने से भारत में कृषि पर निर्भर करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए इस चरण की वार्ता को इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि अमेरिका की ओर से लगाया गया 26 फीसद अतिरिक्त शुल्क नौ जुलाई के बाद लागू हो सकता है। अमेरिका ने इस साल दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे नब्बे दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, अमेरिका का दस फीसद मूल शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 फीसद शुल्क से पूरी छूट की मांग कर रहा है। यहां गौर करने वाली बात है कि भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका डेयरी और कृषि क्षेत्र के अलावा इलेक्ट्रिक वाहन और पेट्रोरसायन उत्पादों पर शुल्क में रियायत चाहता है। वहीं, भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क छूट की मांग कर रहा है। यह बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी हो सकती है और उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका, भारत की चिंताओं को समझकर कदम आगे बढ़ाएगा।

प्रसंगवश

## पूरी दुनिया को चौंका रहे डिजिटल भुगतान के आंकड़े

> पिछले एक दशक में डिजिटल इंडिया परियोजना ने नागरिकों को सशक्त बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। विशेष रूप से डिजिटल भुगतान आज पूरे देश में अपरिहार्य हो गए हैं। इससे जुड़े आंकड़े पूरी दुनिया को चौंका रहे हैं।

डिजिटल इंडिया की नींव बना एक ऐसा मिशन, जो सभी के लिए पहुंच को लोकतांत्रिक (आसान) बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुआ। एक दशक पहले इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी और सरकारी सेवाओं की ऑनलाइन पहुंच बेहद सीमित थी। कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसा विशाल और विविध देश वास्तव में डिजिटल बन सकता है या नहीं। इसमें दो राय नहीं कि पिछले एक दशक में प्रौद्योगिकी ने आम भारतीय के जीवन को सहज-सरल बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। आज तमाम तरह की सुविधाओं को हासिल करने के लिये उसे दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। अनेक सेवाएं एक क्लिक के साथ उसकी मुट्ठी में होती हैं। दरअसल, डिजिटल इंडिया का मकसद रोजाना व्यवहार में सामने आने वाली जटिलताओं को दूर करके जीवन को आसान बनाना था। निस्संदेह, पिछले एक दशक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना ने कई प्रकार से नागरिकों को सशक्त बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। विशेष रूप से डिजिटल भुगतान आज पूरे देश में अपरिहार्य हो गए हैं। इससे जुड़े आंकड़े पूरी दुनिया को चौंका रहे हैं। इस वर्ष अप्रैल में लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के यूपीआई लेन-देन किए गए हैं। इन यूपीआई लेनदेन की संख्या करीब 1,860 थी। वर्ष 2023 में भारत ने वैश्विक रीयल-टाइम लेनदेन का 49 फीसदी हासिल किया। जिसमें 46 करोड़ लोग और 6.5 करोड़ व्यापारी यूपीआई का उपयोग कर रहे थे। निस्संदेह, शासन के विभिन्न क्षेत्रों में भी डिजिटल उपयोग में खासी प्रगति हुई है। जिससे व्यवस्था अधिक पारदर्शी और नागरिकों के हितों के अनुकूल हो गई है। इस डिजिटल क्रांति के चलते स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बैंकिंग और अन्य सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच आसान हुई है। डिजिटल क्रांति से जुड़ी तमाम चुनौतियों के अलावा अभी देश में डिजिटल डिवाइड की समस्या बनी हुई है। जिसे यथाशीघ्र पाटने की जरूरत है। हालांकि, इस दिशा में आशातीत प्रगति भी हुई है, लेकिन अभी इस दिशा में बहुत कुछ करने के लिये चरणबद्ध प्रयासों की सख्त जरूरत है। यह चुनौती ग्रामीण भारत में अधिक नजर आती है। जहां इंटरनेट सेवाओं और मोबाइलों की पहुंच शहरों के मुकाबले कम है। जाहिर है, जब देश के हर व्यक्ति तक डिजिटल क्रांति का लाभ पूरी तरह नहीं पहुंच पाएगा, इस क्रांति के लक्ष्य अधूरे ही रहेंगे। निश्चित रूप से देश में स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग आदि सेवाओं में जो व्यापक सुधार आया है, उसका लाभ हर नागरिक तक पहुंचना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर देश में डिजिटल डिवाइड की खाई को पाटने की दिशा में मिशन के रूप में प्रयास जारी हैं। लेकिन हाल में हुए कुछ सर्वेक्षणों के निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाले हैं। इसमें शामिल व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण - दूरसंचार, 2025 का उल्लेख करना जरूरी हो जाता है। जिसके अनुसार साल 2025 तक भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली लगभग आधी महिलाओं के पास मोबाइल फोन उपलब्ध नहीं थे। इसके निष्कर्ष एक महीने पहले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा भी जारी किए गए थे। वहीं इसी तरह एक और आंख खोलने वाली बात शिक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में भी सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के केवल 57.2 फीसदी स्कूलों में कार्यात्मक कंप्यूटर ही उपलब्ध हैं। वहीं दूसरी ओर 53.9 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। देश के विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारत नेट परियोजना के तहत कुल 6.55 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिये लक्षित किया जाना था, लेकिन अभी तक उसमें दो-तिहाई गांवों को कवर किया जाना अभी बाकी है। वहीं दूसरी ओर देश की इस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी ने बीएसएनएल की दुर्दशा को भी उजागर किया है, जो एक के बाद एक पुनरुद्धार पैकेज मिलने के बावजूद टेलीकॉम क्षेत्र की निजी कंपनियों के खिलाड़ियों से पीछे है।

# दुःख के बादलों से निकलता है सुख का सूरज



**चूमकर मृत को जिलाती जिंदगी, फूल मरघट में खिलाती जिंदगी।**

एक बहुत बड़े संत अपने देश में हुए हैं... चैतन्य महाप्रभु... बड़े ही कृष्ण भक्त थे... आज भी लाखों लोग उन्हें मानते हैं... पूजते हैं... उनके द्वारा बतलाये गये भक्ति के मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं...

एक बार चैतन्य महाप्रभु को रात को सोते-सोते स्वप्न आया... जिस कृष्ण भगवान की प्रतिमा की वह पूजन करते थे उसकी पीठ में जख्म लग गया है... चोट लग गई है... भगवान उनके सपने में स्वयं कह रहे हैं... अरेऽऽ चैतन्य बड़ा दर्द हो रहा है मुझे पीठ में... तू ठीक से न तो मेरी सेवा-पूजा करता है और न ही मेरी बात मानता है... चैतन्य

महाप्रभु घबरा कर उठ बैठे... अरेऽऽ यह कैसा भयंकर सपना...दौड़े वह उस पूजन कक्ष में जहाँ श्री कृष्ण जी की मूर्ति विराजमान थी...

चैतन्य महाप्रभु ने देखा तो भगवान की प्रतिमा की पीठ में वास्तव में एक छोटा सा गड्ढा बन गया था... उस मूरत का पत्थर वहाँ से टूट सा गया था...फूट-फूट कर रोने लगे चैतन्य महाप्रभु... अरेऽऽ मैं कितना पापी हूँ ...अपने प्रभु की सेवा भी ठीक से नहीं कर पाया... लगता है मेरे ही हाथों से मेरे भगवान की प्रतिमा खंडित हो गई जो इनकी पीठ में घाव जैसा बन गया है...

बड़े भारी कृष्ण भक्त तो थे ही चैतन्य महाप्रभु अतः दो-तीन दिन तक बिना कुछ खाये-पिये वह रोते रहे... कृष्ण-कृष्ण-कृष्ण पुकारते रहे... उनके अनेकों भक्त... अनेकों अनुयायी इकट्ठे हो गये... सब उन्हें समझाते रहे... पर चैतन्य महाप्रभु का रोना न रुका... न उन्होंने कुछ खाया न कुछ पिया... भूखे-प्यासे...तीसरे दिन जब वह रोते-रोते सो गये तब फिर से भगवान कृष्ण उनके सपने में आ गये और बोले... रेऽऽ ढोंगी चैतन्य एक तो मेरे चोटें लगा दी और अब रोता है... भूखे-प्यासे रहने का नाटक कर खुद भी दुःखी होता है... मुझे और अधिक कष्ट देता है...

चैतन्य महाप्रभु और जोर-जोर से रो उठे... भगवान...! मैं आपका भक्त... रात-दिन आपकी सेवा... आपकी चर्चा करने वाला भला मैं आपको कैसे चोट लगा सकता हूँ... धोखे से अनजाने में कुछ हो गया हो तो नहीं जानता... भगवान कृष्ण बोले... अरेऽऽ झूठे चैतन्य तूने धोखे से नहीं जानबूझ कर मेरी पीठ पर चोट लगाई है रे ह्हाहा...! और वह भी हाथों से नहीं अपनी कड़वी जिव्हा से तूने मुझे जख्मी किया है... घायल और चोटिल किया है... अब बंद कर अपना यह रोने-धोने का नाटक...

चैतन्य महाप्रभु बोले मैं कुछ भी नहीं समझा भगवान मुझे बतलायें तो कहाँ गलती हुई मुझसे जो आपकी पीठ पर चोट लगी मेरे कारण...? श्री कृष्ण भगवान बोले-अरेऽऽ चैतन्य तू मेरा कैसा भक्त है...? तू हमेशा अपने अनुयायियों से अपने सुनने वालों से हमेशा अभाव की बात करता है... उनसे सिर्फ पापों से बचने की बात करता है... तू सदा पापों की आलोचना करता है... तू अभाव की बात करता है... अभाव क्या है यह तो बतलाता ही नहीं... पुण्य क्या है... यह तो तू समझाता ही नहीं... पाप में दुःख है तो पुण्यों में सुख है... इसकी तो तू चर्चा ही नहीं करता...




कृष्ण कहते हैं... पाप भी मैं हूँ और पुण्य भी मैं ही हूँ... सुख भी मैं हूँ और दुःख भी मैं ही हूँ... संसार में जो कुछ है वह मेरे सिवाय और दूसरा कुछ भी नहीं है... यहाँ तक कि जीवन भी मैं ही हूँ और मृत्यु भी मैं ही हूँ...

तो चैतन्य तू हमेशा पापों की आलोचना करता है... पापों से उपजने वाले दुःखों की ही तू हमेशा बात करता है... पुण्यों से उपजने वाले सुखों की तो तू चर्चा ही नहीं करता... कृष्ण कहते हैं पुण्य और सुख श्रीदेवी और भूदेवी बनकर उनके वक्ष पर रहते हैं तो पाप और दुःख यम बनकर उनकी ही पीठ पर सवार रहते हैं... तेरे मुख से निरंतर अपनी आलोचना सुनते-सुनते मेरी पीठ पर सवार यम ने क्रोधित कर मुझे ही घायल कर दिया... क्योंकि रेऽऽ तू मेरा भक्त है अतः वह तेरा तो कुछ बिगाड़ नहीं सकता था अतः उसने जहाँ वह मेरी पीठ पर रहता था... वहीं उसने मुझे जख्मी कर दिया...

सुख और दुःख... पुण्य और पाप... जीवन और मृत्यु दोनों ही रूप एक ही प्रभु के अंश रूप हैं... महत्वपूर्ण तो यह है कि आप अपने जीवन में किस रूप को अंगीकार करते हैं... आप भाव को अपनाते हैं या कि आप सिर्फ अभावों की ही चर्चा करते हैं... जीवन तो सबका एक सा ही है... बस जीवन जीने का नजरिया आना चाहिये...

**देखूं हिम हीरक हंसते हुए,**
**हिलते हुए नील कमलों पर,**
**या कि फिर मुरझाई पलकों से,**
**झरते हुए अश्रुकणों को देखूं,**
**सौरभ पी-पीकर बहता देखूं**
**मंद-मंद पवन में बहता समीकरण**
**या दुःखों के घूंट पीती**
**ठंडी सांसों उदास आहों को देखूं।**

जीवन के पग-पग में आनंद और दुःख दोनों ही भरे हैं... तुम्हारी आंखें किसे देखती हैं यह बड़ी कला है... दुनिया के लोग दूसरों की तकलीफों में अपना-अपना आनंद ढूढ़ते हैं किसी के दुःख में... किसी के अभाव में जुबानी सहानुभूति दिखलाने वाले तो बहुत मिल जाते हैं... पर किसी दीन-दुखियारे को आगे बढ़कर सहायता करने वाला बहुत कम कोई मिलता है...

दूसरों की तो बात ही छोड़िये आप ही खुद एक छोटा सा प्रयोग अपने जीवन में स्वयं ही करके देख लीजिये... अपने जिन मित्रों से... परिचितों या रिश्तेदारों या साथी-संगी-कर्मचारियों आदि से आप अपनी परेशानियों की... दुःखों की... बीमारी या तकलीफों की चर्चा करते हैं और वह लोग आप से अपनी सहानुभूति जतलाते हैं... आप पन्द्रह दिनों तक उनसे अपने अभावों की चर्चा बंद करके... बस यह कहना शुरू कर दीजिये कि मित्र अब तो बड़े आनंद में हूँ... बीमारी और तकलीफ सब दूर हो गई है...

आप खुद ही अनुभव करेंगे कि आपके दुःखों और तकलीफों में हमदर्दी दिखलाने वाले लोग... आप के सुखों की चर्चा सुनकर... खुद-ब-खुद आप से कटने लगे हैं... दूर होने लगे हैं... उनकी झूठी हमदर्दी गायब होने लगी है... यह संसार ही ऐसा है... सब दूसरों के अभाव में राजी हैं... परनिंदा... परपीड़ा में ही उन्हें चैन मिलता है...

**सहज ही जिओ जीवन को,**
**कि जीवन हो जाये बोझिल**
**वर्तमान ही है सबसे सुंदर**
**भविष्य का न करो चिंतन**
**इंद्रियों के पार भी सुख है,**
**जीवन के पार भी है अस्तित्व,**
**आँखें ही नहीं, मन के भी चक्षु देखते हैं,**
**प्रिय को कर ही नहीं छूते,**
**हृदय भी स्पर्श करता है**

दुनिया में सबके अपने-अपने अलग-अलग से सुख और दुःख हैं और सभी अपने-अपने सुखों और दुःखों में ही रमे हैं... यही है कृष्ण लीला... यही है नारायण की माया जो सभी को भरमायी है... अपनी बात समझाने के लिये मैं एक प्रसंग बतलाता हूँ...

दो पुराने बिछड़े हुए मित्र बीसों साल बाद अचानक ही कहीं मिले... एक की हालत कुछ बेहतर थी दूसरे की कुछ खस्ता हालत थी... एक मित्र ने दूसरे से पूछा भाई कैसे हो बहुत दिनों बाद मिले... मित्र बोला ठीक ही हूँ भाई छोटा-मोटा काम-धंधा है... तुम अपनी सुनाओ... दूसरा मित्र बोला... क्या बतलाऊँ तुम्हें...परेशानी ही परेशानी... लड़का है... छोटा मोटा उद्योग लगा लिया था घाटे में सब डूब गया... शराबी-जुआरी निकल गया... लड़की की शादी धन के अभाव में नहीं करवा सका तो वह भी घर छोड़कर भाग गई...

अब तो एक दुकान पर नौकरी करता हूँ... दिन भर काउन्टर में खड़े-खड़े माल बेचता हूँ... मुश्किल यह है कि मेरे फटे-पुराने जूते दिनभर पैरों में काटते हैं... चैन से दिनभर खड़ा भी नहीं रहने देते... किसी तरह लंगड़ाता-लंगड़ाता तब रात को पैदल चलकर घर पहुँचता हूँ... यह सुनकर पहला मित्र दूसरे से बोला...

भाई तुम्हारी और कुछ ज्यादा सहायता तो मैं नहीं कर सकता किन्तु चलो अभी तुम्हें दुकान से एक जोड़ी नये जूते दिलवा देता हूँ जिससे तुम्हारी परेशानी कुछ तो कम हो सके... यह सुनते ही दूसरा मित्र बोला... अरे नहीं रे... अब यही एक ही तो सुख बचा है मेरे जीवन में वह भी तुम मुझसे छीन लेना चाहते हो... हरगिज़ नहीं... पहला मित्र आश्चर्य से बोला समझा नहीं मैं तुम्हारा सुख कैसे तुमसे छुड़ा रहा हूँ मैं तो तुम्हें आराम ही दिलवा रहा हूँ... तुम्हारे पैरों में फटे-पुराने काटने वाले जूतों से...

तब दूसरे मित्र ने समझाया कि नहीं मित्र... बात यह है कि जब दिन भर का हारा-थका किस्मत... परिवार और जूतों का सताया रात घर लौटता हूँ और अपने फटे-पुराने बिस्तर पर बैठकर जूते उतारकर अपने ही हाथों से अपने पैर सहलाता हूँ... तब एक ही बात मुँह से निकलती है कि... परमात्मा तेरी बड़ी कृपा है मुझ पर... अब कहीं जाकर यह सुख भी कैसे छिन जाने दूँ... यही तो सुख है मेरी जिंदगी में जो मुझे अपने पैरों में काटने वाले फटे-पुराने जूतों को उतारने पर मिलता है... और तब उस सुख के लिए मैं परमात्मा का धन्यवाद करता हूँ...

आँखों में दुःख भरकर देखो जगत को तो सारा जग उदास-मायूस मालूम पड़ेगा... नजरों में जरा कुछ और हताश-निराशा भर लोगे तो सब तरफ तुम्हें मौत पसरी हुई दिखलाई देगी... संसार का हर कोना तुम्हें मरघट सा मालूम होगा...

किन्तु जहाँ तुम्हारे जीवन की दृष्टि में सकारात्मकता जागी... जहाँ तुम्हें इस बात का भरोसा हुआ कि सुख और दुःख दोनों में ही ईश्वर की कृपा छिपी है... वहीं तुम्हें लगने लगेगा कि अब रात का तमस हटने लगा है... निराशा के घोर अंधेरों में से अब ईश्वर की कृपा की किरणें झाँकने लगी हैं... जीवन की हर असफलता अब सफलता में बदलने लगी है...

**सफलता का कोई एक पंथ नहीं**
**विफलता की गोद में ही जीत है**
**हारकर भी जो नहीं हारा कभी**
**सफलता उसके हृदय का गीत है।**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की वेबसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# स्थाई नौकरी के अभाव में खर्च करने से हिचक रहा मध्यम वर्ग

अर्थव्यवस्था

तुलसी जयकुमार



> किराया, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा व व्यक्तिगत देखभाल जैसी जरूरी मदों पर महंगाई का दबाव काफी ज्यादा है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी और वास्तविक आय में सुधार से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन शहरों में रहन-सहन पर होने वाले खर्च के कारण लोग गैर-जरूरी व्यय करने से बचते हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2024-25 की चौथी तिमाही में भी पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही की तरह 7.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। अनुमान है कि 2024-25 में करीब 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि, 2023-24 में हमने 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की थी। इस लिहाज से साल 2024-25 कुछ सुस्त दिख रहा है, फिर भी भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। ऐसे में, क्या देश के मध्यम वर्ग से उपभोग-आधारित विकास-चक्र को आगे बढ़ाने की उम्मीद की जा सकती है? 'प्राइस' नामक शोध संस्थान ने भारत में उन लोगों को 'मध्यम वर्ग' बताया है, जो 2020-21 की कीमतों के आधार पर हर साल 1.09 लाख रुपये से लेकर 6.46 लाख रुपये कमाते हैं, या फिर उस परिवार को मध्यम वर्ग में शामिल किया है, जो पांच लाख रुपये से लेकर 30 लाख रुपये तक सालाना कमाता है। माना जाता है कि इस वर्ग में साल 2020-21 में 43.2 करोड़ लोग थे, जो 2030-31 तक बढ़कर 71.5 करोड़ और 2047 तक एक अरब हो जाएंगे। जबकि भारत की अनुमानित आबादी तब 1.66 अरब मानें, तो जनसंख्या में इस वर्ग की हिस्सेदारी 61 प्रतिशत होगी। फिर भी, इन बड़े आंकड़ों में एक चिंतित करने वाली प्रवृत्ति यह सामने आई है कि शहरों में विवेकाधीन खर्च (जरूरी खर्च से अतिरिक्त होने वाला व्यय) अब भी कम बना हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक का मई 2025 का ताजा शहरी उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण इसे रेखांकित करता है। उपभोक्ता भावना को मापने वाला मौजूदा विश्वास सूचकांक 95.4 अंकों के साथ 'तटस्थ स्तर' (जो न सकारात्मक और न नकारात्मक असर दिखाता है) से नीचे बना हुआ है। मार्च की तुलना में इसमें मामूली कमी आई है। बेशक, भावी अपेक्षा सूचकांक (एफईआई) 123.4 पर पहुंच गया है, जो अच्छा संकेत देता है, पर खर्च को लेकर जन-भावना कमजोर बनी हुई है। महंगाई की आशंकाएं भी खपत पर भारी साबित हुई हैं। मई में खुदरा महंगाई दर घटकर 2.82 प्रतिशत रह गई, जिसके कारण रिजर्व बैंक ने 50 आधार अंकों की कटौती की। फिर भी, किराया, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा व व्यक्तिगत देखभाल जैसी जरूरी मदों पर महंगाई का दबाव काफी ज्यादा है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी और वास्तविक आय में सुधार से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन शहरों में रहन-सहन पर होने वाले खर्च के कारण लोग गैर-जरूरी व्यय करने से बचते हैं।

श्रम बाजार में भी चिंता है। आधिकारिक आवधिक श्रम-बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, मई में भारत की बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 5.1 फीसदी थी। इतना ही नहीं, 15 से 29 वर्ष के आयु-वर्ग के शहरी नौजवानों में बेरोजगारी दर बढ़कर 17.9 फीसदी हो गई है। उच्च विकास के बावजूद रोजगार सृजन में तेजी नहीं है। कई नई नौकरियां या तो अनौपचारिक हैं या फिर गिग-आधारित (छोटी अवधि का काम, जो अक्सर डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा किया जाता है), जो नाममात्र की सुरक्षा देती हैं या इनमें ऊपर उठने की बहुत गुंजाइश नहीं होती। रोजगार की यह दशा मध्यम वर्ग के भीतर आमदनी को लेकर असुरक्षा बढ़ाती है और उनके आत्मविश्वास को कमजोर करती है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) ने अपने अनुमान में श्रम-शक्ति में कमी की बात कही है। उसके मुताबिक, भारत की श्रम-शक्ति भागीदारी दर 40-45 फीसदी है, जबकि पीएलएफएस में 50-55 प्रतिशत का दावा किया गया है। इस विसंगति की वजह अलग-अलग परिभाषाओं का उपयोग बताया गया है। मगर एक बड़ी आबादी के लिए, जिनके पास स्थायित्व देने वाली नौकरी नहीं है, इसका मतलब है कि उनका परिवार बड़े खर्च वाले विवेकाधीन व्यय को लेकर सजग है।

चीन से तुलना करें, तो भारत के मध्यम वर्ग की दुविधा और बढ़ती दिखती है। 2000 से 2010 के बीच, चीन के मध्यम वर्ग का तेजी से विस्तार हुआ, क्योंकि निर्यात बढ़ने के कारण बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हुआ और वेतन में लगातार वृद्धि हुई। 2010 तक, उसकी करीब 40 फीसदी आबादी मध्यम वर्ग में थी। इससे आवास, ऑटोमोबाइल, यात्रा और टिकाऊ वस्तुओं के बाजार में तेजी आई। सस्ता घर, रोजगार सृजन और परिसंपत्ति निर्माण के लिए आसानी से कर्ज उपलब्ध कराने के लिए नीतिगत प्रयास किए गए। भारत, तेजी से शहरीकरण के बावजूद, तुलनात्मक रूप से फैक्टरी रोजगार या शहरी आवास जैसे क्षेत्रों में चीन की बराबरी नहीं कर पाया है। निस्संदेह, कर्ज का विस्तार हुआ है, जिसे मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण साधन माना जाता है, पर इसमें भी काफी असमानता है। ऑनलाइन तरीके से कर्ज लेने में तेजी आई है, पर तत्काल उपभोग के लिए असुरक्षित और महंगे पर्सनल लोन तक ही यह सीमित है। जैसा कि जनवरी, 2025 में फिच रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया है, असुरक्षित खुदरा कर्ज में इस तेजी से बैंकों के लिए परिसंपत्ति गुणवत्ता जोखिम (कर्ज लेन-देन पर खतरा पैदा होना, जिससे बैंकों की आय प्रभावित होती है) पैदा होता है। औपचारिक नौकरी और भरोसेमंद आमदनी न होने कारण मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए महंगी खरीदारी के वास्ते सस्ता कर्ज पाना दुश्वार हो जाता है।

अगर भारत का मध्यम वर्ग देश की विकास-गाथा में हाशिये पर है, तो इसके आर्थिक दुष्परिणाम हो सकते हैं। इससे घरेलू मांग कमजोर रह सकती है, और सार्वजनिक निवेश व निर्यात पर निर्भरता बढ़ सकती है। यदि विकास से सिर्फ अमीरों को फायदा होता है, तो विषमता का खतरा और बढ़ जाएगा, जबकि उपभोक्ताओं पर निर्भर क्षेत्र कमजोर मांग व सिमटती विस्तार क्षमता से जूझते रहेंगे। इसका सामाजिक और राजनीतिक असर भी हो सकता है। आर्थिक सुरक्षा के बिना बढ़ती आकांक्षाएं अक्सर लोगों में निराशा और संस्थाओं के प्रति उनमें अविश्वास पैदा करती हैं। इससे विकास को व्यापक आबादी की समृद्धि में बदलना मुश्किल हो सकता है।

भारत के मध्यम वर्ग के भीतर आय में व्यापक भिन्नता व्यय पैटर्न में पर्याप्त विविधता लाती है। मध्यम वर्ग के निचले पायदान के लोग अपनी आय का अधिकांश हिस्सा निजी स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा, आवश्यक उपभोग्य सामग्रियों पर खर्च करते हैं, लेकिन बहुत कम लोगों के पास मोटरबाइक और बुनियादी घरेलू उपकरणों जैसी संपत्ति खरीदने के लिए पैसे बचते हैं। हालांकि, केवल ऊपरी पायदान ही है जो निजी स्वास्थ्य सेवा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर, मनोरंजन, संपत्ति और व्यक्तिगत सेवाओं पर भी खर्च कर सकता है। उच्च मध्यम वर्ग के पास कार, कंप्यूटर, एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन जैसी संपत्ति होने की अधिक संभावना है।

भारत यहां पर चीन से सबक ले सकता है, जिसने आर्थिक विकास व सामाजिक स्थिरता को बनाए रखने में एक संपन्न मध्यम वर्ग की अहमियत काफी पहले पहचान ली थी। उसकी 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-25) का लक्ष्य मध्यम आय वर्ग का विस्तार करना है, जिसको 'आगे बढ़ाने' की मंशा राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2022 में जताई थी। भारत में भी उपभोग-आधारित तरक्की के जरूरी आयाम मौजूद हैं, पर उसका ब्लूप्रिंट अधूरा है। यह हमारी अर्थव्यवस्था व सामाजिक ताने-बाने के लिए परेशानी की बात है।

## संक्षिप्त खबरें

### लुधियाना में एडवांटेज एमपी 7 जुलाई को

भोपाल। बैंगलुरु और सूरत के बाद अब 7 जुलाई को लुधियाना में एडवांटेज एमपी आहूत किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वहां के प्रमुख उद्योगपतियों, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के निवेशकों के साथ सीधे संवाद करेंगे। तीसरा इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपोर्चुनिटिज इन मध्यप्रदेश में मध्यप्रदेश की नई औद्योगिक नीति, सेक्टर-फोकस्ड रणनीतियां और ग्राउंड-रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर इस संवाद का केंद्रीय आकर्षण होंगे।

### मध्यप्रदेश को मिला फ्रंट रनर स्टेट का दर्जा

विस, भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा 3 जुलाई को भोपाल में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में मध्यप्रदेश को फ्रंट रनर स्टेट का दर्जा मिला है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन में निजी उद्योग की भूमिका और सहभागिता का बढ़ाने पर प्रकाश डाला जाएगा। भारत जर्मन सहयोग परियोजना के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में मध्यप्रदेश के विभिन्न विभाग, जिलों के प्रतिनिधियों, नीति आयोग, जर्मनी की संस्था जीआईजेड के प्रतिनिधियों से सतत विकास के लक्ष्यों और उनके स्थानीयकरण के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

**नीति आयोग की आज राष्ट्रीय कार्यशाला**

### हेमंत के नेतृत्व में संगठन और होगा मजबूत: तोमर

विस, भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्षनरेंद्र सिंह तोमर ने भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश संगठन इकाई के निर्वाचन में हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध निर्वाचन पर खुशी जताई है। तोमर ने कहा है कि खंडेलवाल का सुदीर्घकालीन संगठनात्मक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा, प्रतिबद्धता, सहजता, सादगी एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय लगाव उनके इस पद पर चयन को प्रतिपादित करता है। तोमर ने कहा कि मुझे विश्वास है कि खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रदेश संगठन नई ऊर्जा, नवाचार और समन्वय के साथ और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं को केंद्र में रखकर राष्ट्र प्रथम के हमारे ध्येय की ओर अग्रसर होगा।

### छह को कर्मचारी मंच की बैठक भोपाल में होगी

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। मप्र कर्मचारी मंच की जिला स्तरीय बैठक छह जुलाई को दोपहर 12 बजे से रेलवे परिसर 74 बंगला में आयोजित होगी। बैठक में स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सुरक्षा श्रमिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे करेंगे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि स्थाई कर्मियों के सातवे वेतनमान का लाभ देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, सुरक्षा श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान करने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को एरियर का भुगतान करने और सुरक्षा श्रमिकों को पीएफ सुविधा का लाभ देने की मांगो को लेकर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में 9 सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया जाएगा।

### जबलपुर बनेगा पर्यटन का नया केन्द्रः राकेश सिंह

विस, भोपाल। लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जबलपुर को पर्यटन का नया केन्द्र बनाया जाएगा। वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर 'फॉरेस्ट सफारी - जू कम रेस्क्यू सेंटर' और ठाकुरताल पर्यटन हब को विकसित किया जाएगा। मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित ठाकुरताल क्षेत्र को एक एमिनेंट पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना में 'फॉरेस्ट सफारी- जू कम रेस्क्यू सेंटर' और संग्राम-सागर तालाब के समग्र विकास को भी सम्मिलित किया गया है। मंत्री सिंह ने बताया यह पर्यटन परियोजना 85 से 100 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जाएगी जिसमें पर्यटकों को प्राकृतिक वन्य जीवन और तकनीकों का समन्वित अनुभव मिलेगा।

## खंडेलवाल विधिवत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष घोषित, वीडी शर्मा ने माला पहनाकर सौंपा झंडा

# समर्पित कार्यकर्ता को पूरा सम्मान दिया जाएगा, गलत किया तो निपटेगा : हेमंत

विशेष संवाददाता, भोपाल। हेमंत खंडेलवाल बुधवार को विधिवत तौर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष घोषित कर दिए गए। उन्हें निर्वतमान अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पार्टी का झंडा सौंपा। इस मौके पर खंडेलवाल ने संकेत दिए कि पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलेगा, लेकिन अनुशासनहीनता होने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मंगलवार को निर्विरोध अध्यक्ष बने हेमंत खंडेलवाल को चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान की मौजूदगी में बुधवार को अध्यक्ष घोषित किया गया। उन्हें प्रधान ने निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी, कई केन्द्रीय मंत्री, सीएम डॉ. मोहन यादव सहित लगभग सभी मंत्री, अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल दूसरे नेता, सभी विधायक, जिलाध्यक्ष और प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में हुई निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बुधवार को खंडेलवाल को प्रदेशाध्यक्ष और 44 नेताओं को राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित करने की घोषणा की गई। इस मौके पर धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, सीएम डॉ.मोहन यादव, निर्वतमान अध्यक्ष वीडी शर्मा का संबोधन हुआ। अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत अपने पहले संबोधन में खंडेलवाल ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश संगठन को देश भर में अपनी पहचान है, उसे और मजबूत बनाना है। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर भाजपा की नई परिभाषा लिखेंगे। उन्होंने कहा कि अनुशासन पार्टी का मूल आधार है। इतने बड़े-बड़े चुनाव हो जाते हैं और सभी प्रमुख लोग और कार्यकर्ता एक स्वर में निर्णय लेते हैं। इसलिए हमारे हर निर्णय में विश्वास होता है। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि हम जनता की भावना के अनुरूप अपना आचरण रखें, जो समर्पित कार्यकर्ता हैं, उसका सम्मान किया जाएगा और यदि कोई दाएं-बाएं जाएगा, तो उसे दिक्कत होगी। खंडेलवाल ने अपने पहले भाषण में ही कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि जैसा चुनाव हमारे प्रदेश का होता है, वह अपने यहां वार्ड का भी करवा दे। अगर ऐसा कर सकें, तो हम उनका सम्मान कर देंगे। खंडेलवाल ने जनसंघ से लेकर अब तक के पूर्व अध्यक्षों को याद करते हुए कहा कि उनके पिता भी कुशाभाऊ ठाकरे से प्रेरणा लेकर काम करते थे। इस पार्टी को स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी और राजमाता सिंधिया ने ऊंचाइयां प्रदान की हैं। उन्होंने कहा हम हमारी पीढ़ी इसलिए सौभाग्यशाली है कि देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, जिन्होंने हमारे देश को विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनाने की दिशा में जाने का रास्ता खोल दिया है। खंडेलवाल ने निर्वतमान अध्यक्ष वीडी शर्मा के संगठनात्मक सफलता, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस मिथक को तोड़ा था कि भाजपा जब भी सरकार में आती है, वह पांच साल पूरे नहीं कर पाती। खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लेकर कहा कि वो नई पीढ़ी के लिए नई परिभाषा लिख रहे हैं। उद्योग, रोजगार और ये प्रदेश कैसे उन्नति के रास्ते पर जाए, इसके लिए सीएम डॉ. यादव लगातार काम कर रहे हैं। हमें उनके काम को लेकर जनता के बीच जाना है और हर विकास कार्यों को निचले स्तर पर उतारने के लिए अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि भूमंत्री कोई विशेष योग्यता नहीं है। सामान्य कार्यकर्ता हूं। यह भाजपा ही है, जो एक कार्यकर्ता को क्षमता के अनुसार पद पर बैठा देती है।


भाजपा अध्यक्ष बनने पर हेमंत खंडेलवाल का सीएम और वीडी शर्मा ने स्वागत किया।

### भाजपा में आम कार्यकर्ता पहुंचता है ऊंचे पद पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारों से संवाद के दौरान कहा कि हेमंत खंडेलवाल के दादा वर्ष 1930 में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव जीता था। यह हमारे कार्यकर्ताओं की पृष्ठभूमि है। यह अपने आप में मिसाल है कि तीसरी पीढ़ी आने के बाद भी खंडेलवाल में वही विनम्रता है। अपने व्यवसाय के साथ एक आदर्श विधायक और सांसद कैसे बनते हैं इसके बारे में निर्वतमान अध्यक्ष वीडी शर्मा और खंडेलवाल जी से सीखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में आम कार्यकर्ता सीएम बन जाता है, तो कोई सांसद, विधायक बन जाता है। कांग्रेस के अंदर निर्वाचन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कही गई थीं, लेकिन उनके यहां जहां निर्वाचन चल रहे हैं, वहां पर झगड़े और दंगे हो रहे हैं। मैं इसे अच्छी बात नहीं कह रहा हे, मेरी उनके साथ सहानुभूति है कि अब हमसे सीखो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मन तो करता है कि भाजपा जो करती है वह हम भी कर लें, लेकिन इसके लिए भाजपा की रीति नीति और भाजपा के आदर्श को अपना लो, लेकिन कांग्रेस के लिए यह बहुत कठिन है। भाजपा का कार्यकर्ता अपनी मूल जड़ों से जुड़कर काम करता है।

## भाजपा परिवारवाद की नई मिसाल : कटारे

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति पर कसा तंज



विशेष संवाददाता, भोपाल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पद पर हेमंत खंडेलवाल की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस ने तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट कर कहा कि परिवारवाद का मंचों पर खुलकर विरोध करने वाली भाजपा ने खुद मध्यप्रदेश में परिवारवाद की नई मिसाल कायम कर दी। कटारे ने लिखा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने पहले पूर्व सांसद स्व.नारायण कृष्ण शेजवलकर के बेटे पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर को संगठन चुनाव अधिकारी बनाया। फिर पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद स्व. देवेंद्र प्रधान के बेटे वर्तमान केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया। इन दोनों ने पूर्व सांसद स्व. विजय खंडेलवाल के बेटे पूर्व सांसद और वर्तमान विधायक हेमंत खंडेलवाल को मप्र भाजपा का अध्यक्ष निर्वाचित करवा दिया। भाषणों में नैतिकता व जमीन पर वंशवाद-यही है आज की भाजपा की असल पहचान।

### भाजपा का चेहरा पूरी तरह से भ्रष्ट



हेमंत खंडेलवाल को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं और बधाई देते हुए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मध्यप्रदेश में पिछले 17-18 महीने में भाजपा का चेहरा पूरी तरह से भ्रष्ट हो चुका है। मुझे उम्मीद है कि हेमंत खंडेलवाल सरकार में कुछ सख्ती लाएंगे, ताकि मध्यप्रदेश की जनता को कुछ राहत मिल। उन्हें सबसे पहले भाजपा से चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करवाना चाहिए।

### संघ और दिल्ली वाले दो नेता तय करते हैं नाम

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में चुनाव नहीं होते क्योंकि वहां प्रजातंत्र नहीं है। संघ और दिल्ली वाले दो नेता नाम तय करते हैं। इसलिए भाजपा के बड़े नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि पार्टी के किसी भी निर्णय में कार्यकर्ताओं की कोई भी भूमिका नहीं होती। शर्मा ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल के पिता भाजपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। कोई भी पार्टी बिना परिवारवाद के नहीं चल सकती है।

## उपभोक्ताओं को किसी भी सूरत में बिजली कटौती से नहीं जूझना पड़े

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते माह आए विद्युत अवरोधों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि साल भर मेंटिनेंस गतिविधियां संचालित की जाएं, लेकिन किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को बिजली अवरोध से नहीं जूझना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वो उपभोक्ताओं को बताए कि स्मार्ट मीटर लगाने से उन्हें 20 प्रतिशत बिजली सस्ती मिलेगी। सीएम बुधवार को अपने निवास पर ऊर्जा विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने मई-जून में विभिन्न स्थानों पर हुए विद्युत अवरोधों पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए साल भर मेंटिनेंस गतिविधियां चलाई जाएं, ताकि आंधी, पानी या अन्य किसी घटना के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। मेंटिनेंस गतिविधियों में नई एप्रोच के साथ नए उपाय किए जाएं। नये उपकरण क्रय किये जाएं। डॉ. यादव ने कहा है कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। उन्होंनेअधिकारियों को स्मार्ट मीटर लगाने की गति को और तेज करने के निर्देश दिये। बताया गया कि प्रदेश में कुल 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

**अधिकारी उपभोक्ताओं को बताएं स्मार्ट मीटर के फायदेः सीएम**

**वन टाइम सेटलमेंट स्कीम:** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिल को बकाया राशि के समाधान के लिए विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम प्रारंभ की जा रही है। सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को मूल बिजली बिल राशि में अधिभार की छूट देकर बकाया राशि जमा करने की सुविधा दी गई है। स्कीम छह माह के लिए लागू की जाएगी। इस अवधि के बाद भी बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जाएगा।

# पुलिस बनवा रही नया एचआर सिस्टम, आवेदन से लेकर प्रतिनियुक्ति तक हर रिकार्ड होगा ऑनलाइन

### एक क्लिक पर मिलेगी 1 लाख कर्मचारियों की हर डिटेल, 10 साल पुराना पर्सनल इनफॉर्मेशन सिस्टम होगा बंद

मुख्य संवाददाता, भोपाल। मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में 10 साल पहले शुरू हुए पर्सनल इंफॉर्मेशन सिस्टम (पीआईएस) की जगह नया एडवांस सॉफ्टवेयर तैयार करा रहा है। इस नए आधुनिक सॉफ्टवेयर में एक लाख पुलिसकर्मियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) से लेकर उन्हें मिले पुरस्कार, दंड और अन्य व्यक्तिगत विवरण भी एक क्लिक में मिल सकेंगे। इस सिस्टम के तहत पुलिसकर्मी को ऑनलाइन ही छुट्टी का आवेदन करने के साथ मंजूरी भी मिल जाएगी। यहां तक कि प्रतिनियुक्ति पर जाने, इलाज के लिए पुलिस ट्रस्ट से आर्थिक मदद मांगने, वेतन संबंधी विवरण, अवकाश का रिकॉर्ड, सैलरी स्लिप, पीएफ की जानकारी, विभाग को भेजे गए सभी आवेदन, विभागीय जांच और स्टाफ से जुड़े सभी रिकॉर्ड इस पोर्टल पर मौजूद रहेंगे।

### इस तरह बचेगा समय

पीएचक्यू की प्रशासन शाखा के अफसरों के अनुसार ईएचआरएमएस में सभी पुलिसकर्मियों का डाटा एक जगह, एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगा।




उदाहरण के लिए यदि किसी कर्मचारी को प्रतिनियुक्ति पर जाना हो तो सबसे पहले यूनिट हेड को आवेदन देना पड़ता था। यूनिट हेड उस आवेदन को पीएचक्यू भेजते थे और संबंधित क्लर्क फाइल तैयार करता था। इस फाइल के मंजूर या खारिज होने की जानकारी पीएचक्यू से वापस संबंधित यूनिट हेड को दी जाती है। वहां से संबंधित कर्मचारी को उसके आवेदन की स्थिति बताई जाती थी। इस तरह एक छोटे से काम में भी बहुत ज्यादा समय लग रहा है। नए पोर्टल में इस तरह की खामियों को दूर करते हुए ऑनलाइन सुविधाओं का दायरा बढ़ाया गया है, ताकि नए सिस्टम से काम कम समय में पूरे हो जाएं। अफसरों का दावा है कि इससे पुलिस की दक्षता बढ़ेगी और कर्मचारियों का समय बचने से प्रदेश की पुलिसिंग बेहतर होगी।

### जनवरी 2026 में शुरू करने की तैयारी

फिलहाल पुलिस के पास 1 लाख 6 हजार कर्मचारियों और अफसरों का स्टाफ है। पीएचक्यू ने 2015 में पीआईएस सिस्टम अपनाया था। इसका मकसद पुलिसकर्मियों से जुड़ी जानकारी को डिजिटली अपलोड करके ज्यादातर काम वेबसाइट के जरिए निपटाना था। यह सॉफ्टवेयर केवल पांच साल के लिए बनाया गया था और तय सीमा के अनुसार इसे 2020 में अपग्रेड करने की योजना थी। हालांकि कई कारणों से यह लगातार टलता रहा। पीएचक्यू की प्रशासन शाखा के स्पेशल डीजी आदर्श कटियार के मुताबिक अब पुलिस अपने स्टाफ के लिए अति आधुनिक फीचर्स से लैस नया पोर्टल बनवा रही है। प्रदेश की सरकारी संस्था मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) को पुलिस ने नया ई-एचआरएमएस पोर्टल बनाने का जिम्मा सौंपा है। एमपीएसईडीसी ने इस नए सॉफ्टवेयर के निर्माण का काम शुरू कर दिया है और इसे जनवरी 2026 तक लॉन्च करने की योजना है।

## अधिकारियों को संभागों का दिया जाए प्रभार

### सारंग ने दिए निर्देश, राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रदेशभर के अधिकारी हुए शामिल

विस, भोपाल। अब सहकारिता विभाग के मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों को भी संभागीय स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी। ये अधिकारी मैदानी दौरा करेंगे और सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेंगे। इस संबंध में बुधवार को विभागीय मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अधिकारियों को राज्य स्तरीय कार्यशाला में निर्देशित किया। सारंग ने कहा है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और नवाचार के जरिए सहकारी आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है। पैक्स का सुदृढ़ीकरण करना आवश्यक है। इसके लिए संभागीय और जिला अधिकारी अधीनस्थ पैक्स का निरीक्षण करें। मुख्यालय के अधिकारियों को भी संभागवार जिम्मेदारी दी जाए, जो उनके अधीनस्थों की समस्या एवं सुझावों पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने में पैक्स की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। मंत्री ने कहा कि सेल्फ हेल्प ग्रुप सहकारिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। क्रेडिट मूवमेंट के साथ सहकारिता के विभिन्न आयामों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि सहकारिता के माध्यम से ही गरीबों के घर में खुशी लायी जा सकती है। सहकारिता ही ऐसा नेटवर्क है, जिसके माध्यम से हर घर में रोजगार के नए अवसर पैदा किये जा सकते हैं। सहकारिता की साख के लिए काम करें। सारंग ने बताया कि हाल ही में केन्द्र सरकार को दिए गए प्रेजेंटेशन में सबसे अच्छा प्रेजेंटेशन मध्यप्रदेश का रहा।




## भंडारे के पुआ खाने से 70 बीमार

### 15 को कराया भर्ती, भिंड सीएमएचओ टीम के साथ मौके पर पहुंचे

जागरण, भिंड। जिले के बरोही थाना क्षेत्र के अम्लेहड़ी गांव में एक धार्मिक आयोजन के दौरान प्रसाद के रूप में बांटे गए पुआ खाने से 70 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। गंभीर रूप से बीमार 15 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव स्वास्थ्य अमले के साथ रात में ही मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि पुए बनाने में उपयोग किए गए घी में मिलावट थी। जानकारी के अनुसार, गांव के राधाकृष्ण तोमर ने अपने 11 माह के बेटे शौर्य के लिए पूजा का आयोजन किया था। इस अवसर पर करीब 10 किलो आटे से बने पुआ प्रसाद के रूप में पूरे गांव में बांटे थे। राधाकृष्ण के अनुसार, पुआ बाजार से खरीदे गए घी में बनाए थे। यह घी स्थानीय किराना दुकान से 400 प्रति किलो की दर से खरीदा था। डिब्बे पर आयशा ब्रांड का नाम तो था, लेकिन उस पर कोई मानक चिह्न नहीं था।



**जांच के लिए लैब भेजे सैंपल :** प्रसाद खाने के कुछ ही घंटों में गांव के कई लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। स्वास्थ्य अमला रात में ही गांव पहुंचा और प्राथमिक इलाज शुरू किया। गंभीर रूप से बीमार 15 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। स्वास्थ्य विभाग ने पुआ, घी और पूड़ों के सैंपल जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. यादव ने बताया कि गांव में तीन दिन तक स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। लैब रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ईएनसी ने शासन को भेजा निलंबित इंजीनियर की पूर्ति करने का प्रस्ताव

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। ऐशबाग रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) की डिजाइन में अनियमितता सामने आने के बाद लोक निर्माण विभाग ने जांच के आधार पर आठ इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, दो सीई सहित सात इंजीनियर्स को निलंबित किया है। एसई महेंद्र प्रताप सिंह सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके खिलाफ समिति गठित कर विभागीय जांच की जाएगी। इसमें से मैदानी अधिकारी और इंजीनियर निलंबित होने से कार्य प्रभावित हो सकता है। इसलिए ईएनसी कृष्णपाल सिंह राणा ने हर अधिकारी और इंजीनियर के निलंबन से रिक्त पदों की पूर्ति करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा दिया है। ईएनसी राणा ने हर पद के विरुद्ध चार-चार अधिकारी और इंजीनियर के नाम प्रस्तावित किए हैं। अब शासन ईएनसी राणा के प्रस्ताव को गंभीरता से लेकर अध्ययन करेगी। इसके बाद प्रस्ताव के तहत आदेश बनाकर जारी किए जाएंगे।

### सुखवीर सिंह को मिला विभाग

अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई के पास पीडब्ल्यूडी का अतिरिक्त प्रभार था। वह भी उक्त विभाग में रहना नहीं चाहते थे। इसे लेकर वे भी कई बार शासन के समक्ष प्रस्ताव रख चुके थे। शासन ने पीडब्ल्यूडी का अतिरिक्त प्रभार लेकर प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह को सौंप दिया है। पीएस सिंह अब उक्त फाइल पर निर्णय लेंगे और आगामी कार्यवाही तय करेंगे।

**अनदेखी** | उच्च शिक्षा विभाग में नियमों की अनदेखी, बीस फीसदी से ज्यादा कर दिए डीआर के तबादले

# एक माह में तबादले के दो आदेश निरस्त कर डीआर को बनाया रजिस्ट्रार

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रोफेसर और अधिकारियों के स्थानांतरण में किसी का हस्तक्षेप नहीं होने दिया। यहां तक एसीएस अनुपम राजन तक को तबादलों से दूर रखा गया। विभाग ने महज एक माह में सिर्फ एक डिप्टी रजिस्ट्रार के लिए अपने ही दो आदेश निरस्त कर प्रतिनियुक्ति पर रजिस्ट्रार पदस्थ कर दिया है। जीवाजी विवि ग्वालियर के प्रभारी रजिस्ट्रार अरुण चौहान को पांच मई को पं. शंभुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल भेजा गया। इसके बाद 16 मई को संशोधित आदेश जारी कर शहडोल विवि से डिप्टी रजिस्ट्रार के तौर पर जीवाजी विवि ग्वालियर पदस्थ कर दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग ने नौ जून को उन्हें राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विवि ग्वालियर में दो साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया। यह विवि संस्कृति विभाग के तहत आता है। सिर्फ एक डिप्टी रजिस्ट्रार चौहान को एक माह की अवधि में तीन विवि के आदेश जारी किए गए हैं। यह स्थानांतरण सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गई स्थानांतरण नीति का खुला उल्लंघन है। उच्च शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण नीति को नजरअंदाज कर स्थानांतरण किए हैं। मप्र में राज्य विश्वविद्यालय सेवा के 47 असिस्टेंट रजिस्ट्रार और 22 डिप्टी रजिस्ट्रार (डीआर) कार्यरत हैं। विभाग नियमानुसार बीस फीसदी पदों पर स्थानांतरण कर सकता है। जबकि मंत्री परमार की स्वीकृति से करीब चालीस फीसदी स्थानांतरण हो गए हैं। नौ जून को 15 एआर और डीआर के स्थानांतरण किए थे। इसके अलावा डीआर नीरजा नामदेव को चित्रकूट विवि से रीवा विवि में पदस्थ किया गया है। स्थानीय व्यवस्था के चलते भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से स्थानांतरण किए हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आईके मंसूरी को स्थानीय व्यवस्था के चलते विशेष एक्ट से तैयार किया गया अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि में स्थानांतरित किया गया है। वहीं प्रतिनियुक्ति पर अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में पदस्थ डिप्टी रजिस्ट्रार अजीत श्रीवास्तव को बीयू भेज दिया है। यह स्थानांतरण भी स्थानीय व्यवस्था के तहत थोप दिया गया है। जबकि प्रतिनियुक्ति से मुक्त कर उसे विभाग में वापस लेकर आना प्रशासनिक व्यवस्था होती है।



### क्या कहती है स्थानांतरण नीति

मप्र शासन द्वारा जारी की गई स्थानांतरण नीति के 13 नंबर बिंदु पर स्थानांतरण की टेबिल दी गई है। इसमें बताया संवर्ग में 200 तक पद होने पर विभाग बीस फीसदी पदों पर स्थानांतरण कर सकता है। विभाग ने प्रशासनिक और स्थानीय व्यवस्था के नाम पर स्थानांतरण में घालमेल किया है। यहां सात नंबर पर दिए बिंदु पर फोकस नहीं करते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार अरुण सिंह को दो साल के लिए प्रतिनियुक्ति संगीत विवि भेज दिया है।

### सेवानिवृत्ति में एक साल शेष फिर भी किया स्थानांतरित

डिप्टी रजिस्ट्रार आईके मंसूरी को बीयू से हटाकर हिंदी विवि भेज दिया गया है। उनके सेवानिवृत्त में एक साल से ज्यादा का समय शेष नहीं है। उन्हें बीयू में पदस्थ हुए अभी दो साल का समय भी पूरा नहीं हो सका है। नियम कहता है कि किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की सेवानिवृत्ति में एक साल शेष रहता है, तो उसका स्थान नहीं बदला जाएगा। इसके बाद भी उन्हें स्थानीय व्यवस्था के नाम पर स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें हिंदी विवि में प्रभारी रजिस्ट्रार शैलेंद्र जैन के स्थान पर पदस्थ किया गया है। उन्हें भी दो साल पूरे नहीं हो सके हैं। बीयू कुलगुरु सुरेश कुमार जैन ने प्रभारी रजिस्ट्रार मंसूरी को कार्यमुक्त कर एआर सुनील नायक को रजिस्ट्रार का प्रभार देकर विभाग को सूचित कर दिया है।

रजिस्ट्रार के स्थानांतरण उच्च स्तर पर किए गए हैं। विभाग ने कुछ ऐसे प्रभारी रजिस्ट्रार के स्थानांतरण किए हैं, जो तबादला नीति के तय मापदंडों के ऊपर निकल गए हैं। ■ अनुपम राजन, एसीएस उच्च शिक्षा विभाग

## संक्षिप्त समाचार

### अब सिर्फ पार्टी प्रमुखों से बैठक करेगा आयोग

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के स्पेशल रिवीजन को लेकर कई अनधिकृत लोगों की तरफ से बार-बार चुनाव आयोग से मिलने की मांग की जा रही थी। इस पर चुनाव आयोग ने कहा है कि अब से केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों के अनुरोध पर ही विचार किया जाएगा। कई लोग खुद को पार्टियों का प्रतिनिधि बताकर बैठक मांग रहे थे। चुनाव आयोग ने इन्हें 'अनधिकृत' करार देते हुए ऐसे अनुरोधों को खारिज करने का फैसला लिया है। विपक्ष का आरोप है कि इस प्रक्रिया से वोटर लिस्ट से नाम काटे जा सकते हैं और सरकार इसका गलत इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस के एक वकील ने 2 जुलाई को इंडिया गठबंधन की ओर से बैठक की मांग की थी, लेकिन अब तक सिर्फ सीपीआई (एम) और सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने ही इसमें भागीदारी की पुष्टि की है।

### निर्माता सुजॉय घोष को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** निर्माता सुजॉय घोष को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने कॉपीराइट मामले में आपराधिक कार्रवाई में कठोर कदम उठाने पर रोक लगाई है। साथ ही मामला लंबित रहने के दौरान उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने से भी छूट मिली है। सुजॉय घोष की याचिका पर नोटिस भी जारी किया गया है। फिल्म निर्माता सुजॉय घोष ने 2016 में आई उनकी फिल्म कहानी-2: दुर्गा रानी सिंह को लेकर कथित कॉपीराइट उल्लंघन के लिए शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने निर्देश दिया कि घोष के खिलाफ कोई भी कठोर कदम ना उठाया जाए. कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने से भी छूट दी जाए। सुप्रीम कोर्ट झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ घोष द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63 के तहत उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था।

### बिक्रम मजीठिया की हिरासत 4 दिन बढ़ाई

**चंडीगढ़।** मोहाली की एक अदालत ने शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की विजिलेंस ब्यूरो हिरासत को बुधवार को चार दिन और बढ़ा दिया। मजीठिया को गैर-कानूनी संपत्ति मामले में गिरफ्तार किया गया था। उनकी सात दिन की हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। सार्वजनिक अभियोजक फेरी सोफट ने बताया कि विजिलेंस की अर्जी पर कोर्ट ने मजीठिया की हिरासत को चार दिन और बढ़ाने का फैसला किया। इस दौरान मोहाली कोर्ट और विजिलेंस के दफ्तर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया। विजिलेंस ने मजीठिया को 25 जून को इस मामले में गिरफ्तार किया था।





देशभर में खासकर उत्तर भारत में मानसून के अधिक सक्रिय होने से जमकर बारिश हो रही है। इसके चलते गंगा सहित अन्य नदियां उफान पर हैं। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर उफनती गंगा नदी में डूबे एक मंदिर के पास खड़ी नावें। बाढ़ के कारण घाटों पर सन्नाटा है। तेज बहाव के कारण नावों को एक-दूसरे से रस्सी के जरिए बांध दिया गया है।

# उत्तराधिकारी का चयन बौद्ध परंपराओं से होगा: दलाईलामा

## कहा-चीन की कोई भूमिका नहीं, चीनी प्रवक्ता बोले-परमिशन लेनी होगी

**धर्मशाला।** हिमाचल के धर्मशाला में बुधवार को शुरू हुए 15वें तिब्बती धार्मिक सम्मेलन में दलाई लामा की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि दलाई लामा की संस्था भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके देहांत के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन भी तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार ही होगा। तिब्बत और बौद्ध धर्म में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दलाई लामा ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। अगर चीन ऐसा करने की कोशिश भी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर चीन ने भी प्रतिक्रिया दी है। चीन का कहना है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को केंद्र सरकार की मंजूरी लेनी होगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, दलाई लामा के पुनर्जन्म को चीनी कानूनों और नियमों के साथ धार्मिक अनुष्ठानों और ऐतिहासिक



परंपराओं का भी पालन करना होगा। बता दें कि धर्मशाला स्थित दलाई लामा लाइब्रेरी एंड आर्काइव में 3 दिवसीय धार्मिक सम्मेलन शुरू हुआ है, जिसमें तिब्बती बौद्ध धर्म की विभिन्न परंपराओं के प्रमुख लामाओं, तिब्बती संसद, सिविल सोसाइटी, संगठनों और दुनिया भर से आए तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। दलाई लामा ने कहा कि ट्रस्ट के अलावा कोई और अगले दलाई लामा की नियुक्ति नहीं कर सकता है।

### चीन ने दलाई लामा का बयान किया खारिज

चीन की ओर से भी प्रतिक्रिया आई थी। चीनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने दलाई लामा के किताब में लिखे बयान को खारिज किया। साथ ही कहा कि दलाईलामा को तिब्बती लोगों का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि बुद्ध की वंशावली चीन के तिब्बत में विकसित हुई। इस हिसाब से उनके उत्तराधिकारी का चयन भी चीनी कानून और परंपराओं के अनुसार ही होगा। उन्होंने दावा किया कि साल 1793 में किंग राजवंश ने गोल्डन अर्न प्रक्रिया शुरू की थी। उसके तहत चीन को ही दलाई लामा के उत्तराधिकारी को मंजूरी देने का अधिकार है। हालांकि, तिब्बती समुदाय और दलाई लामा ने चीन के इस दावे को खारिज किया। उन्होंने कहा कि गोल्डन अर्न प्रक्रिया केवल 11वें और 12वें दलाई लामा के लिए उपयोग की गई थी।

### गादेन फोडंग ट्रस्ट को सौंपी जिम्मेदारी

14वें दलाईलामा तेनजिन ग्यात्सो ने वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि उन्होंने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी 'गादेन फोडंग ट्रस्ट' को सौंपी है। उन्होंने दोहराया कि अगले दलाईलामा की पहचान और मान्यता की पूरी प्रक्रिया का अधिकार केवल ट्रस्ट को है। कोई अन्य व्यक्ति, संगठन या सरकार इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### सीटीए नेता बोले-चीन इस परंपरा का फायदा उठाना चाह रहा

कार्यक्रम में सेंट्रल तिब्बतियन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के नेता पेन्पा शेरिंग ने धर्मशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीन पर आरोप लगाया कि वह दलाई लामा के उत्तराधिकार को राजनीतिक हथियार बना रहा है। उन्होंने कहा, चीन इस परंपरा को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है, जो पूरी तरह निंदनीय है। यह आध्यात्मिक प्रक्रिया है और हम इसमें किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे।

### दलाई लामा किताब में भी ये बातें कह चुके

मौजूदा दलाई लामा 6 जुलाई को 90 साल के हो जाएंगे। इसके बाद उत्तराधिकारी पर निर्णय संभव है। इस साल मार्च में प्रकाशित हुई दलाईलामा की किताब वॉयस फॉर द डायसलेस में भी उन्होंने लिखा है कि उनका पुनर्जन्म चीन के बाहर एक स्वतंत्र दुनिया में होगा, जहां तिब्बती बौद्ध धर्म की स्वतंत्रता बनी रहे। उन्होंने लिखा है कि उनके पुनर्जन्म का उद्देश्य उनके कार्य को आगे बढ़ाना है।

# रेलवे का नया सुपर ऐप 'रेलवन' अब एक क्लिक पर सभी सेवाएं

## टिकट बुकिंग से फीडबैक तक एक प्लेटफॉर्म पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे ने सभी प्रमुख सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म के तहत एकीकृत करने के लिए रेलवन नामक एक 'सुपर ऐप' लॉन्च किया है। रेलवे ने कहा कि इससे अलग-अलग प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। अभी तक यात्री टिकट बुक करने, ट्रेन की स्थिति की जांच करने, फीडबैक देने और अन्य उद्देश्यों के लिए कई ऐप पर निर्भर थे। रेलवन इसे बदलना चाहता है। रेलवन के साथ यात्री आईआरसीटीसी आरक्षित और अनारक्षित टिकट बुक कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म टिकट खरीद, पीएनआर स्थिति और ट्रेन की गतिविधियों को ट्रैक कर सकेंगे। कोच की स्थिति देख सकेंगे। शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यात्रा फीडबैक सबमिट करने के साथ ई-कैटरिंग और पूछताछ सेवाओं तक पहुंच हो सकेगी।




रेलवन सिंगल साइन-ऑन है, यानी यात्रियों को अलग-अलग रेलवे ऐप के लिए अलग-अलग लॉगिन क्रेडेंशियल याद रखने की जरूरत नहीं है। यूजर मौजूदा आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट या यूटीएसआन मोबाइल क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन कर सकते हैं।

### शिवसेना चुनाव चिन्ह विवाद: सुप्रीम कोर्ट में 14 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट ने महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर विवादास्पद शिवसेना चिन्ह को लेकर अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह मामला न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष लाया गया, जिसने इसे 14 जुलाई को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। शिवसेना (यूबीटी) के वकील ने पीठ को बताया कि स्थानीय निकाय चुनाव जल्द होने की संभावना है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की ओर से पेश वकील ने कहा कि इसी तरह का अनुरोध 7 मई को न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष किया गया था, जो प्रतीक विवाद मामले की भी सुनवाई कर रही थी, और इसे खारिज कर दिया गया था।

# 30साल बाद घाना दौरे पर भारतीय पीएम

## मोदी को घाना में 21 तोपों की सलामी, राष्ट्रपति महामा के साथ द्विपक्षीय बैठक

**एक्रॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से 8 दिनों के लिए 5 देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वे सबसे पहले अफ्रीकी देश घाना जाएंगे। यह भारतीय प्रधानमंत्री की तीन दशक में पहली घाना यात्रा है। इससे पहले 1957 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और 1995 में नरसिम्हा राव बतौर पीएम घाना के दौरे पर पहुंचे थे। घाना के बाद पीएम मोदी त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील, नामीबिया जाएंगे। 2014 से अब तक के तीन कार्यकाल में पीएम की त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में भी पहली यात्रा होगी। मोदी ब्राजील में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को अफ्रीकी देश घाना पहुंचे। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने राजधानी एक्रॉ में एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी को 21



तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मोदी होटल पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। होटल के बाहर भारतीय वेशभूषा में पहुंचे स्कूली बच्चों ने मोदी को संस्कृत में श्लोक सुनाया। इसके बाद उन्होंने घाना के राष्ट्रपति के साथ राजधानी अक्कारा के जुबली हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की।

### 12 वर्ष बाद चीनी राष्ट्रपति का ब्रिक्स से किनारा

**बीजिंग।** ब्राजील में इसी सप्ताह से होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग हिस्सा नहीं लेंगे। उनकी जगह पीएम ली क्यांग सम्मेलन में भाग लेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में ५ से ८ जुलाई तक 17वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होने वाला है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी भाग लेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओनिंग ने बताया कि इस सवाल का जवाब देने से परहेज किया कि चिनफिंग ने इस सम्मेलन में शामिल नहीं होने का निर्णय क्यों किया। उन्होंने बताया कि वह 12 साल के कार्यकाल में कभी भी ब्रिक्स में अनुपस्थित नहीं रहे।

# आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ क्वाड देश

## बोले-पहलगाम हमले के दोषियों को जल्द सजा मिले

**वाशिंगटन डीसी।** क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, इस हमले के दोषियों को जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। क्वाडा में भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। क्वाड ने बयान में कहा, हम सभी आतंकवाद और हिंसा का विरोध करते हैं, जिसमें सीमा पार से होने वाला आतंकवाद भी शामिल है। यह बैठक अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में हुई, जिसमें भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापान के ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग



शामिल हुए। बैठक में नेताओं ने आतंकवाद के अलावा महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों, वैश्विक तापमान में वृद्धि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' भी शुरू किया गया। इसका मतलब है कि क्वाड देश मिलकर खनिजों की सप्लाई सुरक्षित और आसान बनाएंगे।

### हमें अपने लोगों की रक्षा का पूरा अधिकार: जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बैठक में कहा-भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का पूरा अधिकार है, भारत इसका इस्तेमाल करता रहेगा। जयशंकर ने आतंक से पीड़ित, आतंक फैलाने वालों को एक नजरिए से नहीं देखने की बात कही। विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया के एकजुट होने पर जोर दिया। उन्होंने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया, जिसमें 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया था।

### सावित्री बाई फुले के नाम पर होगा एनआईपीसीसीडी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का आधिकारिक तौर पर नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। 4 जुलाई को रांची में इसके एक नए केंद्र का उद्घाटन भी किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि नया नामकरण इसकी उभरती भूमिका और पूरे देश में महिलाओं तथा बच्चों के विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट, मिशन-संचालित समर्थन पर बढ़े फोकस को दर्शाता है। आउटरीच और क्षेत्रीय क्षमता निर्माण को मजबूत करने के उद्देश्य से रांची में क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया जा रहा है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और इसके क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और मोहाली में हैं। यह महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान, दस्तावेजीकरण और क्षमता निर्माण के लिए शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है।

# अब तक 26,220 छात्रों ने लिया प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने एनसीटीई के एक दर्जन कोर्स की करीब 67 हजार सीटों पर प्रवेश कराने के लिए दूसरे राउंड की काउंसलिंग पर विराम लगा दिया है। प्रथम और दूसरे राउंड में 26 हजार 220 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। दूसरे राउंड में 22 हजार 164 विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए अलाटमेंट जारी किया गया था। इसमें से करीब 12 हजार विद्यार्थियों ने फीस जमा कर प्रवेश लिए हैं। अभी भी करीब 32 हजार सीटें रिक्त बनी हुई हैं। उक्त सीटों पर प्रवेश देने के लिए विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है। विभाग ने दूसरे राउंड के दौरान तीसरे राउंउ के लिए पंजीयन कराना शुरू कर दिए थे। विभाग पंजीयन के साथ विद्यार्थियों का सत्यापन करा लिया है। विभाग गुरुवार को सत्यापित विद्यार्थियों की मेरिट सूची जारी करेगा। इसमें विद्यार्थियों को आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया जाएगा। इसमें कोई आपत्ति नहीं मिलने पर विभाग पांच जुलाई को तीसरे राउंड का अलाटमेंट जारी कर देगा। विद्यार्थी पांच से दस जुलाई तक प्रवेश लेने के लिए आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टीसी, माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर लिंक एनिशिएट कराएंगे।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के सीजफायर को तैयार: ट्रंप

## हमास से बोले, तो गंभीर होंगे परिणाम

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन का सीजफायर करने को तैयार हो गया है। इस दौरान सभी पक्षों से मिलकर युद्ध खत्म करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि अगर उसने समझौते को नहीं माना तो हालात और बिगड़ जाएंगे। ट्रंप ने कहा, कतर और मिस्र इस समझौते का अंतिम प्रस्ताव हमास तक पहुंचाएंगे। ये दोनों देश लंबे समय से शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, मेरे लोगों ने आज इजराइली अधिकारियों से गाजा को लेकर अच्छी बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्ष विराम को मान गया है। अब हम सभी पक्षों से बातचीत कर जंग खत्म करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि हमास इस प्रस्ताव को मानेगा, क्योंकि इससे बेहतर मौका नहीं मिलेगा। अगर इस बार चूके तो हालात और खराब होंगे। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अगले सोमवार को वॉशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे। यहां वे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे।



यह जानकारी अमेरिकी प्रशासन के एक अधिकारी के हवाले से सामने आई। नेतन्याहू का यह दौरा इजराइल के रणनीतिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर के वॉशिंगटन दौरे के तुरंत बाद हो रहा है। डर्मर ने पिछले हफ्ते अमेरिकी अधिकारियों से गाजा सीजफायर, ईरान और अन्य मुद्दों पर बातचीत की थी। पिछले हफ्ते शुक्रवार को ट्रंप ने मीडिया को बताया था कि गाजा में अगले एक हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा।

### राजा भइया पुनः बने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष




**लखनऊ।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक दल का इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मर्करी हॉल में जनसत्ता दल की आठवीं वार्षिक बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व सांसद व एमआई सी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भैया राष्ट्रीय कार्यकारिणी से डॉ के एन ओझा कुँवर तरुणेन्द्र शेखर प्रताप सिंह शैलेंद्र सरोज राज्य कार्यकारिणी से बाबागंज विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज प्रदेश महासचिव बृजेश सिंह राजावत व प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर सर्वसम्मति से कुंवर रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भइया' को पुनः जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय दल की एकता, विश्वास और नेतृत्व में अटूट आस्था का प्रतीक है। यह बैठक संगठन की मजबूती और आगामी नीतियों के निर्धारण की दिशा में एक अहम मील का पत्थर साबित हुई। जनसत्ता दल के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य कुंवर तरुणेंद्र शेखर प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जल्द ही पार्टी का विस्तार मध्य प्रदेश में होगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी।

**मध्य प्रदेश में जल्द ही होगा पार्टी का विस्तार**

## शख्सियत | चर्चा में ममदानी की पत्नी रमा दुवाजी, मेयर बनने के बाद कहा-थैंक्यू

# डेटिंग ऐप पर मुलाकात, कला में दर्द की बात

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क मेयर चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार बने हैं। उन्होंने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को प्राइमरी चुनाव में हराया है। उनकी पत्नी रमा दुवाजी एक मल्टीमीडिया आर्टिस्ट हैं, जो फिलिस्तीन समर्थक विषयों पर काम करती हैं। ममदानी ने पत्नी को विजय भाषण में धन्यवाद दिया और उनका हाथ चूमा। जोहरान ममदानी। यह वह नाम है, जो इस समय अमेरिका के साथ-साथ भारत में भी तेजी से लोगों की जुबान पर चढ़ रहा है। भारतीय मूल के 33 वर्षीय नेता जोहरान ममदानी अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार बन गए हैं, उन्होंने पार्टी उम्मीदवार बनने प्राइमरी इलेक्शन में पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को मात दी है। ममदानी की मां फेमस भारतीय अमेरिकी फिल्म निर्माता मीरा



नायर जिन्हें आप मॉनसून वेडिंग और द नेमसेक जैसी फिल्मों के लिए जानते होंगे। ममदानी न्यूयॉर्क मेयर बनने की दावेदारी पेश कर रहे हैं, तो उस समय उनकी 27 साल की पत्नी रमा दुवाजी न्यूयॉर्क की होने वाली फर्स्ट लेडी के टैग के साथ सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं, लेकिन उनकी अकेली ये पहचान नहीं है कि वो जोहरान ममदानी की वाइफ हैं। मल्टी मीडिया आर्टिस्ट रमा दुवाजी के रचनात्मक कार्य अक्सर फिलिस्तीन समर्थक विषयों पर आधारित होते हैं। रमा दुवाजी आमतौर पर लोगों की नजरों से दूर रहती थीं।

### कौन हैं रमा दुवाजी?

रमा दुवाजी 27 साल की सीरियाई अमेरिकी एनिमेटर और चित्रकार हैं। वो ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में बेस्ड हैं यानी यहां रहकर काम करती हैं, वह इंस्टाग्राम पर मूलरूप से दमिश्क से लिस्टेड हैं। उनके कैंपेन का कहना है कि वह जातीय रूप से सीरियाई हैं और अमेरिका के टेक्सास में पैदा हुई थीं। वह कई साल पहले डेटिंग ऐप हिंज पर जोहरान ममदानी से मिली थीं। इस कपल ने दिसंबर 2024 में दुबई में सगाई और निकाह किया, जिसके बाद इस साल की शुरुआत में न्यूयॉर्क सिटी क्लर्क के कार्यालय में दोनों की शादी हुई। दुवाजी ने न्यूयॉर्क में स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स से फाइन आर्ट्स इन इलस्ट्रेशन में मास्टर्स किया है। वह भाईचारे, अरब पहचान, सांप्रदायिक अनुभव और राजनीतिक प्रतिरोध के विषयों का पता लगाने के लिए तस्वीरें बनाने और आंदोलन का उपयोग करती हैं। उनके चित्र अक्सर फिलिस्तीन समर्थक संदेशों पर केंद्रित होते हैं, जिनमें इजरायली हिंसा, जातीय नरसंहार और अमेरिकी मिलीभगत का चित्रण शामिल है। दुवाजी के इंस्टाग्राम पर 92,000 फॉलोअर्स हैं, जहां वह कलाकृति, राजनीतिक टिप्पणी और अन्य उपलब्धियां शेयर करती हैं।

# भाजपा पदाधिकारियों ने टीकमगढ़ कलेक्टर की प्रभारी मंत्री से की शिकायत




## अवैध कॉलोनियों पर तत्काल कार्रवाई बंद करे- प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में अवैध कॉलोनाइजर्स और भू-माफियाओं के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। गुरुवार को कलेक्टर की मुहिम के खिलाफ टीकमगढ़ जिले के बिल्डर, कॉलोनाइजर, भाजपा पदाधिकारियों के साथ भोपाल पहुंचे। भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे (रानू), मनोज देवलिया ने करीब दो दर्जन कॉलोनाइजर्स के साथ टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर से मुलाकात की।

## कलेक्टर से कहिए कार्रवाई रोक दें - प्रभारी मंत्री

जतारा जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश यादव ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर से कहा- केवल टीकमगढ़ जिले में ऐसी दिक्कत पैदा हो रही है। जमीन खरीदने के बाद नामांतरण में भारी दिक्कत आ रही है। टीकमगढ़ के पार्षद और नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने मंत्री से कहा- करीब 10 हजार लोगों ने प्लॉट लिए हैं। गरीब लोग 10 साल से मकान बनाकर रह रहे हैं। जो चल रहा है, उसको तत्काल ब्रेक किया जाए। बीजेपी नेता मनोज देवलिया ने कहा- सरकारी सिस्टम में ऐसी दिक्कत हैं कि कागजी कार्रवाई में सालों लग जाते हैं। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की परमिशन में डेढ़ साल लग जाते हैं। टीएंडसीपी के बाद रेरा में मामला जाता है। मंत्री कृष्णा गौर ने अपने बंगले पर पहुंचे लोगों से कहा-मेरे समक्ष समस्या आपके जनप्रतिनिधियों ने रखी है। उसमें प्रमुख रूप से यही बात है कि जिस तरह से कलेक्टर की कार्रवाई पूरे जिले में अवैध रूप से बनी कॉलोनियों पर चल रही है। आप सबकी ऐसी मंशा है कि उस कार्रवाई को अभी रोका जाए। जैसी कलेक्टर की मंशा है कि अवैध कॉलोनियों को वैध किया जाए और लोगों को राहत दी जाए। क्योंकि, अवैध कॉलोनियां बहुत सारी मुश्किलों का कारण तो बनती ही हैं। मप्र में सरकार भी यही चाहती है कि प्रदेश में अवैध कॉलोनियां नहीं बननी चाहिए। क्योंकि, अवैध कॉलोनियों के कारण जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पातीं है और कहीं न कहीं फिर वो सरकार और शासन की जिम्मेदारी हो जाती है। मंत्री गौर ने कहा- पूरे प्रदेश में सरकार द्वारा एक मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत अवैध कॉलोनियों को वैध करने का काम किया जा रहा है। इसी संदर्भ में टीकमगढ़ में भी ये प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन, सभी का ऐसा कहना है कि बड़ी संख्या में वहां पर जो कार्रवाई की जा रही है। उसमें काफी सारे परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उन परिवारों की समस्या ये है कि जिन्होंने प्लॉट खरीदे हैं। वो वहां पर मकान बनाकर रहने लगे हैं। उनके मकान की रजिस्ट्री तो हो गई। लेकिन, वो नामांतरण नहीं करा पा रहे हैं। अगर उन परिवारों की कोई परेशानी आई है तो आर्थिक दृष्टि से अपने मकान का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। मंत्री कृष्णा गौर ने कहा- आपने ये सुझाव दिया है कि अभी तक की जितनी कॉलोनियां बनी हैं। उन कॉलोनियों पर ये कार्रवाई रोक दी जाए। भविष्य में कोई अवैध कॉलोनी नहीं बनेगी, ये आप लोग सुनिश्चित करेंगे। भविष्य में कॉलोनी नियम, प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी तरह से वैध बने। ये आप सबकी तरफ से आश्वस्त किया जाना चाहिए। आपके जो सुझाव और परेशानी हमारे सामने आई है। उसके संबंध में हम कलेक्टर साहब से बात करेंगे। और उनसे हम ये कहेंगे कि अभी कार्रवाई रोक दें। वही उन्होंने यह भी कहा कि अवैध कॉलोनी में बहुत काम निकलते हैं। उनको वैध कराना अलग प्रक्रिया है। अभी वो अवैध कॉलोनी में क्या चाहते हैं?। गरीब आदमी के पास इतना पैसा नहीं होता कि बहुत भारी-भरकम पैसे देकर प्लॉट देकर खरीदे, मकान बनाए। ज्यादातर अवैध कॉलोनियां गरीब वर्ग की ही बनती हैं। एक मजबूरी होती है। गरीब लोगों की उसको अगर खेत में भी प्लॉट मिलता है तो वह किराया देने के बजाय अपना छोटा-मोटा मकान बनाकर रहे। लेकिन बाद में समस्या बहुत नासूर हो जाती है। अवैध कॉलोनी बसती हैं तो प्रशासन की भी यह जिम्मेदारी होती है कि उसको रोका जाए। पहले अवैध कॉलोनी क्यों बसने दी?

**मंत्री कृष्णा गौर ने कहा**- टीकमगढ़ मेरे प्रभार का जिला है। वहां कलेक्टर ने एक आदेश निकाला है कि जितनी भी अवैध कॉलोनियां हैं। उनके बिल्डर्स को नोटिस दिया है कि इन कॉलोनियों के नामांतरण निरस्त किए जाते हैं। खसरा नंबर तक निरस्त किए जाते हैं, क्योंकि वे अवैध कॉलोनियां हैं। वहां किसी प्रकार से जमीन का लेन-देन कोई न करे। इससे बिल्डर्स में तो नाराजगी है ही, लेकिन वहां की जनता भी नाराज हो रही है। क्योंकि उन लोगों ने तो दस-दस साल पहले से प्लॉट लेकर मकान बनाकर रह रहे हैं। वही प्रभारी मंत्री ने कहा कि जब अवैध कॉलोनियां बस गई हैं। दस सालों से लोग रह रहे हैं। अब उसके बाद उनकी परमिशन निरस्त करना, खसरा नंबर निरस्त करना न्यायोचित नहीं हैं। आप बिल्डर के ऊपर कार्रवाई नहीं कर रहे है। आम जनता के ऊपर कार्रवाई हो रही है। आम जनता इनोसेंट है। पब्लिक ने तो प्लॉट खरीदकर मकान बनाया है।

## कलेक्टर से करेंगे बात, निर्णय पर पुनर्विचार हो- प्रभारी मंत्री

इस प्रकार की कार्रवाई से अच्छा है। हम बीच का रास्ता निकालें और इतने सारे लोग रह रहे हैं तो उन कॉलोनियों को वैध करने के लिए हम आगे बढ़ें। उन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को जिन मूलभूत सुविधाओं की दरकार है वो हम उपलब्ध कराएं। इस बात को सुनिश्चित करें कि 2025 के बाद कोई अवैध कॉलोनी न बसे। ये जिला प्रशासन संकल्प ले। पूरे नियम प्रक्रिया के बाद ही कॉलोनी बसेगी। अगर कोई नई अवैध कॉलोनी बसे तो उसपर कार्रवाई करें। हम कलेक्टर से बात करेंगे कि इस विषय पर वे पुनर्विचार करें और ये सुनिश्चित करें कि कोई अवैध कॉलोनी भविष्य में न बसे।

## ऐसे तीन-चार साल लग जाते हैं

एक सिंगल विंडो सिस्टम जिले में लागू कर दिया जाए। हम सारे पेपर वहां जमा कर दें। वो जांच करके कॉलोनी को स्वीकृत कर दें। हम पूरी फीस जमा कर दें। ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए। इस प्रक्रिया में बहुत टाइम लगता है। 20-20 लाख रुपए लग जाते हैं।

# बिजली कटौती और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीण

## टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर महिलाओं ने बर्तन रखकर किया प्रदर्शन, 1 घंटे तक रहा जाम



**टीकमगढ़।** बिजली और पानी की समस्या के विरोध में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बम्होरी गांव की महिलाएं टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर खाली बर्तन लेकर धरने पर बैठ गईं। प्रदर्शन के कारण हाईवे पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सुबह करीब 7ः30 से लेकर 8ः30 बजे तक जाम लगा रहा। सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। करीब एक घंटे के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और जाम खुलवाया। इसके बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हो गया। बम्होरी निवासी भुवन अहिरवार, रेखा अहिरवार, जशोदा ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली नहीं मिल रही है। बिजली नहीं होने से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। जिससे पानी की समस्या खड़ी हो गई है। करीब 8 से 10 दिनों से लगातार बिजली और पानी की समस्या है। विद्युत कंपनी के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बदलने के लिए आवेदन भी दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गुरुवार को मजबूरी में मोहल्ले वालों के साथ सड़क पर धरना देकर बैठना पड़ा। दिगौड़ा थाना प्रभारी संदीप सोनी ने बताया कि महिलाओं और ग्रामीणों को समझाकर जाम हटा दिया गया है। हाईवे सड़क पर यातायात चालू हो गया है।

# जांच और अपराध के चलते 17 पुलिस कर्मी लाइन अटैच, एक थाना प्रभारी भी लपेट में आए

## पुलिस विभाग की बड़ी कार्रवाई

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने गुरुवार को प्रशासनिक कार्रवाई की। उन्होंने जिले के विभिन्न थानों में तैनात 17 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच कर दिया। इनमें बल्देवगढ़ थाना प्रभारी रवि गुप्ता समेत 15 कर्मियों को विभागीय जांच के कारण लाइन अटैच किया गया। दो आरक्षकों को अपराध के कारण लाइन भेजा गया। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के आदेश पर की गई। इसके तहत आपराधिक प्रकरण और विभागीय जांच में शामिल पुलिस अधिकारियों को थाना, क्राइम ब्रांच या कार्यालयों में पदस्थ नहीं किया जाएगा। लाइन अटैच किए गए कर्मियों में निरीक्षक, उप निरीक्षक और आरक्षक शामिल हैं। इनमें थाना देहात के उप निरीक्षक अमित साहू, कोतवाली के उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह और बड़ागांव के सहायक उप निरीक्षक राहित खान प्रमुख हैं। साथ ही कोर्ट कार्य के प्रधान आरक्षक देवेन्द्र बुन्देला, थाना देहात के प्रधान आरक्षक मनोज अहिरवार और अन्य थानों के कर्मचारी भी शामिल हैं। सभी कर्मियों को उनके मौजूदा पदों से हटाकर पुलिस लाइन टीकमगढ़ में पदस्थ किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस विभाग में अनुशासन और कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में एक कदम है।



## ये पुलिसकर्मी हुए लाइन अटैच

जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को लाईन भेजा गया है, उनमें थाना प्रभारी बल्देवगढ़ निरीक्षक रवि गुप्ता, थाना देहात उप निरीक्षक अमित साहू, थाना कोतवाली उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, थाना बड़ागांव सहायक उप निरीक्षक राहित खान, कोर्ट कार्य प्रधान आरक्षक देवेन्द्र बुन्देला, थाना देहात प्रधान आरक्षक मनोज अहिरवार, चौकी जेवर प्रधान आरक्षक राजेश राय, थाना कुड़ीला प्रधान आरक्षक सुनील बाल्मीक, थाना बम्हौरीकलां प्रधान आरक्षक अमर प्रताप सिंह, चौकी मजना आरक्षक आशीष मिश्रा, थाना लिधौरा आरक्षक अरविन्द नामदेव, थाना जतारा आरक्षक सूरज राजपूत, थाना बुड़ेरा आरक्षक अनिल पचौरी, थाना कोतवाली आरक्षक भुवनेश्वर अग्निहोत्री, चौकी देरी आरक्षक सलमान खान, थाना बल्देवगढ़ आरक्षक अनुज शाक्य, चौकी बंधा आरक्षक सुन्दर अहिरवार के नाम शामिल है।

# कलेक्टर पन्ना ने फल एवं सब्जी मंडी स्थल का किया निरीक्षण



## साप्ताहिक बाजार के व्यवस्थित संचालन के दिए निर्देश

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को पन्ना शहर के फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दुकानदारों द्वारा सुव्यवस्थित रूप से फल एवं सब्जी के विक्रय सहित बेहतर आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित कराने और साफ सफाई एवं ग्राहकों की सुविधाओं के दृष्टिगत जरूरी निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर द्वारा मूल परिसर के अतिरिक्त सड़क के किनारे एवं अन्य स्थानों पर आगामी सप्ताह से हर रविवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान निर्धारित सीमा में विक्रय के संबंध में दुकानदारों से चर्चा भी की गई। साथ ही अधिकारियों से बायपास रोड स्थित बड़ी देवी मंन्दिर के निकट मंडी संचालन के संबंध में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

**टीकमगढ़।** देहात थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत धजरई में बुधवार शाम को पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में हरिदास कुम्हार के अनुसार, उनके भतीजे छोटू कुम्हार से वीरन कुम्हार और भागीरथ कुम्हार विवाद कर रहे थे। जब हरिदास ने बीच-बचाव की कोशिश की तो वीरन और भागीरथ ने गालियां देनी शुरू कर दीं। विवाद बढ़ने पर वीरन ने हरिदास के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे खून निकलने लगा। भागीरथ ने भी लात-घूंसों से मारपीट की। जब छोटू कुम्हार और अनिकेत कुम्हार हरिदास को बचाने आए, तो वीरन और भागीरथ ने उन पर भी डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों के हाथ-पैर में चोटें आईं। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया गया है। हरिदास की शिकायत पर वीरन और भागीरथ के खिलाफ, तथा वीरन और भागीरथ की शिकायत पर हरिदास, छोटू और अनिकेत के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मोटरसाइकिल से 340 पाव शराब ले जाते एक आरोपी पकड़ाया

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर पन्ना जिले में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल जाटव के नेतृत्व में पन्ना वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय के द्वारा पवई सलेहा मार्ग पर एक मोटर साइकिल पर 340 पाव देशी शराब सादा अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया ।

आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वस्त मुखबिर से सूचना मिली थी, कि एक बिना नंबर की मोटर साइकिल से दो व्यक्ति पवई की तरफ से भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन कर रहे है । उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और उनके निर्देश पर आबकारी दल शंकरगढ़ तिराहे को रवाना हुआ । वहां छिपकर इंतजार करने पर कुछ देर पश्चात एक संदिग्ध मोटर साइकिल आती दिखी, आबकारी दल द्वारा उस मोटर साइकिल को रोका गया तो उस पर सवार दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिसमें एक व्यक्ति को भागने में सफलता मिल गई और दूसरा व्यक्ति मौके पर पकड़ा गया । पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रिंस सिंह बुंदेला पिता जयपाल सिंह बुंदेला उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम नेगुवा ग्राम पंचायत पुरैना थाना गुनौर जिला पन्ना बताया । मोटरसाइकिल पर रखी बड़ी बोरी (झाल) में रखे सामान के बारे में पूछने पर आरोपी के द्वारा शराब होना बताया । उक्त शराब के संबंध में आरोपी के पास कोई वैध परमिट या लायसेंन्स नही मिला। उक्त झाल की विधिवत तलाशी और गणना की गई तो 340 नग (पाव) में भरी देशी शराब सादा कुल मात्रा 61.2 बल्क लीटर अनुमानित कीमत लगभग 25,500 रुपए और मोटर साइकिल की अनुमानित कीमत लगभग 75,000 रूपये पाई गई । उक्त आरोपी प्रिंस सिंह को 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने से मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया गया । आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके साथ अवैध शराब के परिवहन में साथ में धीरेन्द्र सिंह पिता प्रेम सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी महुआखेड़ा थाना सलेहा जिला पन्ना था, जो मौके से फरार हो गया । अवैध शराब के स्रोत की पूछताछ में (1)युवराज बुंदेला उर्फ मनी राजा उम्र 24 वर्ष, पिता गुल्लू बुंदेला ग्राम बुधेड़ा थाना अमानगंज जिला पन्ना एवं (2) भवन सिंह बुंदेला उर्फ विक्की राजा उम्र 27 वर्ष पिता नरेंद्र सिंह बुंदेला ग्राम मझियारी थाना गुन्नौर जिला पन्ना से लेना बताया । ये दोनों अलग अलग समय पर अलग अलग स्थानों पर अवैध शराब लाकर देते थे । इनके अलावा भी अन्य लोग भी शराब देने आते थे, जिनके नाम मैं नहीं जानता, लेकिन चेहरे से पहचानता हूँ । प्रकरण की विवेचना जारी है, प्रकरण और भी आरोपी हो सकते है । आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा हेतु पन्ना न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल पन्ना भेजा गया । अवैध शराब के कारोबारियों द्वारा पुराने लोगों से शराब का परिवहन न करा कर नवयुवकों को भ्रमित कर लालच देकर करवाया जा रहा है । इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय, हरीश पाण्डेय, आबकारी आरक्षक कुलदीप जाटव, महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर , सोनू कोरकू, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, वीरेंद्र यादव और जहान सिंह यादव शामिल रहे।



# गुनौर विधायक ने सलेहा में अटल सुशासन भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण का किया भूमिपूजन, रोपे पौधे





**गुनौर।** विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने आज ग्राम पंचायत सलेहा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इस मौके पर सलेहा में 38 लाख रूपए की लागत से बनने वाले नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन तथा 12 लाख 50 हजार रूपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन किया गया। विधायक ने पंचायत भवन निर्माण के पूर्व भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की सराहना भी की। साथ ही कहा कि अब निर्बाध रूप से नवीन पंचायत भवन बनने से ग्राम विकास की योजनाओं का बेहतर रूप से संचालन एवं क्रियान्वयन हो सकेगा। सर्वसुविधायुक्त पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण के भूमिपूजन के दौरान विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि ग्रामीण सशक्तिकरण और जन सेवा की दिशा में यह महत्वपूर्ण सौगात है। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा तीन माह की समय सीमा में पंचायत भवन का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रानू जैन, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं एस.एन. गर्ग सहित सरपंच रेखाबाई आदिवासी भी उपस्थित थीं।

# भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा ने ली कार्यकर्ताओं की अतिमहत्वपूर्ण बैठक



**पन्ना।** रैपुरा गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर को भव्य दिव्य बनाने व भगवती मानव कल्याण संगठन, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक लेने मुख्य रूप से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा रैपुरा पहुंचे। जहां पर उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने योजना तैयार की श्री दुर्गा चालीसा पाठ, आरती क्रम के अधिक से अधिक दिव्य अनुष्ठान करने का संकल्प लिया जिससे समाज को नई दिशा मिल सके?। धर्मसम्राट परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में समाज को नशें-मांस भय-भूख-भ्रष्टाचार जातिवाद-छुआछूत सांप्रदायिकता से मुक्त चेतनावान चरित्रवान समाज निर्माण हेतु लगातार संगठन व पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है । परमपूज्य गुरुदेव जी के द्वारा अब तक कई करोड़ लोगों को नशें-मांस भय-भूख-भ्रष्टाचार जातिवाद-छुआछूत से मुक्त चेतनावान चरित्रवान बनाकर समाज सुधार की दिशा में लगाया है। इसी कड़ी में रैपुरा में विशेष बैठक की गई। जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल विश्वकर्मा, भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय सचिव संजय पटेल, जिला अध्यक्ष संजय पटेल, पार्टी जिला अध्यक्ष बब्लू यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजू लोधी, प्रवक्ता रामेश्वर ध्रुवे, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आज

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों के मूल्यांकन, समीक्षा व निगरानी के लिए जिला स्तर पर जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति की बैठक शुक्रवार, 4 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इसमें बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को स्कूल में प्रवेश एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने सहित बाल आशीर्वाद योजना से लाभांवित बच्चों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को कौशल विकास के तहत रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा दिव्यांग बच्चों को जरूरी उपकरण वितरण के संबंध में भी चर्चा होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बैठक में सभी समिति सदस्यों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार, जेसीबी से काम कराके 35 प्रतिशत कमीशन का हुआ खेल

## मनरेगा के कच्चा मिट्टी वर्क के भुगतान में कमीशन की बू मामला जनपद चितरंगी का

जागरण, चितरंगी

जनपद पंचायत अंतर्गत लगभग 126 ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत कच्चा मिट्टी वर्क का काम जेसीबी के माध्यम से और कागजों में दिखा कर 7 करोड रुपए की हेरा फेरी करने का मामला जनपद पंचायत चितरंगी में देखने को मिल रहा है। इस पूरे खेल में चितरंगी मनरेगा प्रबंधक की संलिप्तता सामने आ रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि मनरेगा में 35 फ़ीसदी कमीशन लेकर फर्जी तरीके से बिल भुगतान किया जा रहा है। मकसद साफ है कि मनरेगा के तहत होने वाले काम में ज्यादा से ज्यादा मजदूरों की भागीदारी रहे लेकिन चितरंगी जनपद पंचायत में आने वाले 126 ग्राम पंचायत में खेल मैदान मिट्टी बांध निर्माण लघु तालाब कार्य कराया गया है जहां निर्माण कार्य में मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया जिसका समय.समय पर वीडियो और फोटो भी वायरल हुए। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से की। बावजूद इसके जेसीबी मशीन से काम होते रहें। इसके अलावा ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों के लिए लाई गई सामग्री जिसमें सीमेंट लोहा रेत गिट्टी आदि सभी सामग्रियां गुणवत्ता विहीन खरीदी की गई। सूत्रों की माने तो मनरेगा के सहित अन्य सभी निर्माण कार्यों में अधिकारियों और वेंडरों को लेकर करीब 35 प्रतिशत कमीशन पहुंच गया है। यह कमीशन 40 प्रतिशत तक पहुंच जाता है जब सरपंच और सचिव मनरेगा योजना के तहत हो रहे कामों को मजदूरों से न करा के मशीन और ट्रैक्टर का इस्तेमाल कर काम करते हैं। हालांकि इसके लिए सरपंच और सचिवों को मास्टर रोल में फर्जी मजदूरों का नाम लिखना पड़ता है। कई पंचों का कहना है कि सरपंच और सेक्रेटरी के चहेते मजदूर कम करें या ना करें उनका नाम मस्टर रोल में जरूर चढ़ाया जाता है और उन्हें भुगतान भी होता है।




**अधिकारियों के मकड़ जाल में शिकायतें** : मनरेगा का मकसद मजदूरों को रोजगार देना नियमों के मुताबिक मनरेगा में जो भी काम किया जाएगा उसे मजदूरों के द्वारा ही पूरा करना है मशीन या उसके लिए किसी भी तरह की गाड़ी का इस्तेमाल नहीं करना है लेकिन अधिकारियों को ऊपरी कमाई के लिए सरपंच और सचिवों को मशीनों से काम करने की खुली छूट रहती है। कई बार जेसीबी मशीन से काम होने की शिकायतें हुई लेकिन शिकायतें अधिकारियों की मकर जाल में घूमती रहती हैं। कोई कार्यवाही नहीं होती।

**जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रहा कमीशन** : आए दिन चितरंगी जनपद पंचायत में मनरेगा सहित अन्य योजना के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायतें होती रही हैं। लेकिन शिकायतों के बाद भी सचिवों का सिर्फ प्रभार छीना जाता है या फ़िर उन्हें दूसरे पंचायत में अटैच कर दिया जाता है। सूत्रों का दावा है कि पंचायत के कामों में जनपद पंचायत के छोटे और बड़े बाबू के साथ सीईओ एसडीओ उपयंत्री सचिव सरपंच सहित प्रदेश स्तर के जनप्रतिनिधियों का कमीशन रहता है। यदि सभी का कमीशन जोड़ दे तो यह करीब 35 प्रतिशत पहुंच जाता है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि भौतिक रूप से काम की गुणवत्ता क्या होगी।

# सरई में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल समस्याओं का सौंपेगा ज्ञापन

**जागरण, बैढ़न।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण एवं शहर अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी अरविंद सिंह चंदेल के संयुक्त नेतृत्व एवं जिले के पूर्व मंत्री वंशमणि वर्मा के अगुआई में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ जिले में व्याप्त समस्याएं भू अर्जन विस्थापन पु नर्वास कोयला परिवहन प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं प्रदूषण सहित स्वास्थ्य शिक्षा तथा प्रशासनिक भ्रष्टाचार के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा कर ज्ञापन सौंपने लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा कलेक्टर सिंगरौली को पत्र लिखकर समय आरक्षित करने का आग्रह किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली द्वारा जारी बंयान में कहा गया है कि सिंगरौली जिला में अनेक उद्योगों एवं ओबी कंपनियों के संचालित होने के बाद भी बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर नहीं मिल रहा हैं बेरोजगारी चरम पर है भू अर्जन एवं विस्थापन के नाम पर व्यापक अनियमितताएं हो रही हैं तथा भूमिस्वामियों और विस्थापितों का अनैतिक शोषण कंपनी प्रबंधन तथा प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की पूरी तरह अनदेखी हो रही है। आम ग्रामीण मार्गों से रात दिन कोयले का बड़ी बड़ी गाड़ियों से अनैतिक परिवहन हो रहा है जिससे नित्यप्रति अनेक लोगों कि अकाल मृत्यु हो रही है जो आंकड़ा सैकड़ों से अधिक हो गया है। भ्रष्टाचार चरम पर है शिकायतों की सुनवाई जिला में कही नहीं है शिक्षा स्वास्थ की बदहाल स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सिंगरौली जिले के साथ प्रदेश भर में कानून व्यवस्था ध्वस्त और विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए ही रह गई है जिसका ताजा उदाहरण प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर फर्जी अपराध पंजीबद्ध किया जाना है यही प्रक्रिया सिंगरौली जिला में भी है अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना अपराध हो गया है। आगे कहा कि स्थानांतरण में नीति नहीं अनीति ही आधार बनी है जिला में शिक्षक और पंचायत सचिवों के स्थानांतरण से कई विद्यालय खाली हो गए हैं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन से आम जनमानस आशान्वित ही की प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी स्थानांतरण की पुन समीक्षा होगी तथा जिले के भू अर्जन पुनर्वास विस्थापन के मुद्दे पर लोगों को न्याय मिलेगा बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा।

# छठ घाट में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जागरण सिंगरौली।** आज सुबह मोरवा स्थित मढौली छठ घाट पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव नदी में उतरा मिला। नदी किनारे गए स्थानीय लोगों ने शव को देख पुलिस को इसकी सूचना दी। इधर शव मिलने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते छठ घाट पर भीड़ जुट गई। वहीं मोरवा निरीक्षक द्वारा भेजे गए पुलिस बल ने किसी तरह शव को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है परंतु स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह व्यक्ति 2 से 3 दिन पूर्व छठ नदी में गिरा होगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक शव किसी मजदूर का हो सकता है। लोगों द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं की शायद शराब के नशे में वह व्यक्ति नदी में गिर गया होगा।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव सिंगरौली को देंगे 503 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात

## मुख्यमंत्री सरई में करेंगे 503 करोड़ के 54 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास



**जागरण, बैढ़न।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सिंगरौली जिले के सरई में हायर सेकण्डरी स्कूल परिसर में आयोजित जनजातीय और महिला सम्मेलन में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री सम्मेलन में सिंगरौली जिले को 503 करोड़ 9 लाख 19 हजार रुपए के 54 निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। समारोह में मुख्यमंत्री 104 करोड़ 67 लाख 26 हजार रुपए की लागत के 20 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 398 करोड़ 41 लाख 93 हजार रुपए की लागत के 34 निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री संदीपनि हायर सेकण्डरी स्कूल चकरिया के नवनिर्मित भवन विद्युत सब स्टेशन हरफ़्री संदीपनि हायर सेकण्डरी स्कूल भवन हिरवाह का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री इसके साथ.साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन 8 सड़कों में डामरीकरण का कार्य कालेज भवन बरगवां लोक सेवा केन्द्र माड़ा और सरई तथा आयुष विंग के निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री 34 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री 11 सड़कों का शिलान्यास करेंगे। इनका निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मेडिकल कालेज में 400 बिस्तर के अस्पताल भवन एकल नलजल योजनाओं नगर निगम सिंगरौली में सड़क निर्माण नाली निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र चितरंगी के 13 विधानसभा क्षेत्र सिंगरौली के 25 विधानसभा क्षेत्र देवसर के 15 तथा विधानसभा क्षेत्र धौहनी के एक निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

# संजीब कुमार साहा ने संभाला परियोजना प्रमुख का कार्यभार



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में एक नई ऊर्जा नई दिशा और नए संकल्प का संचार हुआ है। आज संजीब कुमार साहा ने परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। एनटीपीसी में अपने 34 वर्षों के समर्पित सेवा अनुभव के साथ श्री साहा एक कुशल प्रशासक तकनीकी विशेषज्ञ और प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता के रूप में विख्यात हैं। कोलकाता विश्वविद्यालय से विद्युत अभियंत्रण में स्नातक और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से पावर सिस्टम में परास्नातक डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने 1991 में एनटीपीसी में कार्य की शुरुआत की।श्री साहा ने फरक्का बदरपुर लारा कहलगांव तेलंगाना और विंध्याचल जैसे प्रतिष्ठित विद्युत संयंत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं और हर स्थान पर प्रचालन एवं अनुरक्षण में श्रेष्ठता का परिचय दिया है। उनके नेतृत्व में कई परियोजनाओं ने नई ऊँचाइयों को छुआ है। उनके व्यापक अनुभव तकनीकी दृष्टिकोण और दूरदर्शिता से अब एनटीपीसी विंध्याचल को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। श्री साहा के नेतृत्व में परियोजना प्रचालन ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरणीय दायित्वों के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनकर उभरेगी। एनटीपीसी विंध्याचल परिवार की ओर से उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गई। उनके नेतृत्व में विंध्याचल निःसंदेह नई सफलताओं का इतिहास रचेगा।






## मैदान से हटकर

### प्रियंका चोपड़ा पति निक के साथ विंबलडन देखने पहुंची



देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस के साथ लंदन में चल रहे साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में शिरकत की। इस दौरान कपल को सेंटर कोर्ट के रॉयल बॉक्स में मैच के दौरान आते हुए कैमरे में कैद किया गया। इस मौके के लिए दोनों ने बेहद स्टाइलिश और एलिगेंट आउटफिट्स चुने। प्रियंका व्हाइट कलर के आउटफिट में बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। वहीं, निक ब्लू ब्लेजर में डैशिंग अंदाज में नजर आए। विंबलडन में हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना भी पहुंचे। जॉन ने चेकर्ड सूट में शिरकत की। उन्होंने देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के साथ पोज भी दिए। सितारों को देख वहां मौजूद लोग खुशी से झूम उठे। प्रियंका इन दिनों फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसके प्रमोशन के सिलसिले में वे यहां पहुंची। यह फिल्म रिलीज हो चुकी है। इस



फिल्म में जॉन सीना भी है। अभिनेत्री चोपड़ा ने विंबलडन से झलकियां इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। इसके साथ लिखा है, विंबलडन में। फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट को प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। इस फिल्म का निर्देशन इल्या नैशुल्लर ने किया है। कार्ला गुगिनो, जैक क्वैड, स्टीफन रूट, सारा नाइल्स, रिचर्ड कोयल और पैडी कॉन्सिडाइन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। (जेएनएन)

# गिल की रिकॉर्ड पारी से भारत का विशाल स्कोर

## दूसरा टेस्ट, दूसरा दिन : भारत ने पहली पारी में बनाए 587, गिल ने 269, जडेजा ने 89 और सुंदर ने बनाए 42 रन

जेएनएन, बर्मिंघम

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में 587 रन बनाए। गिल ने 269 रन की पारी खेली, जबकि रविंद्र जडेजा ने 89 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से स्पिनर शोएब बशीर ने तीन, जबकि क्रिस वोक्स और जोश टंग ने दो-दो विकेट चटकाए। गिल इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। वे इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1979 में ओवल में 221 रन की पारी खेली थी। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था, जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लाड्र्स पर बनाए थे।

लीड्स में टेस्ट कप्तान के रूप में पदार्पण मैच में 147 रन बनाने वाले गिल ने जोश टंग की गेंद पर डीप फाइन लेग पर एक रन लेकर लेकर पारंपरिक प्रारूप में अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया। गिल ने दोहरा शतक पूरा करने के लिए 311 गेंदों का सामना किया। वह भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में सात दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इससे पहले मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन द्वारा बनाए गए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था। गिल सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ की महान जोड़ी के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। इससे पहले गिल ने रविंद्र जडेजा (89 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 203, जबकि वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की।

पिच हालांकि काफी सपाट है और भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के लिए 20 विकेट चटकाना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियां गिल के शानदार दोहरे शतक की चमक को कम नहीं कर पाई। गिल की उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्रतिष्ठित सीरीज टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी पहली श्रृंखला है। विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है। गिल ने सुनिश्चित किया कि लीड्स में पहले टेस्ट की तरह यहां इंग्लैंड को वापसी का मौका नहीं दिया जाए। इंग्लैंड की शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति काम नहीं कर रही थी और स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जुटाए। इंग्लैंड ने इसके बाद कामचलाऊ स्पिनरों हैरी ब्रूक और जो रूट को मौका दिया। गिल ने ब्रूक की गेंदों पर पांच चौके जमाए, जबकि सुंदर ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी। सुंदर ने लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी मारा। गिल कुछ देर के लिए 199 रन पर अटके रहे, लेकिन फिर उन्होंने जोश टंग की गेंद को फाइन लेग की तरफ एक रन के लिए पुल करके अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। उनके जश्न से पता चलता है कि उनके लिए यह प्रयास कितना मायने रखता है जिसकी विपक्षी टीम और इंग्लैंड के प्रशंसकों ने सराहना की। दूसरे सत्र के अंतिम लम्हों में रूट ने सुंदर को बोल्ड करके टीम को दिन की दूसरी सफलता दिलाई। इससे पहले भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की और सुबह के सत्र में 25 ओवर में जडेजा के रूप में एक विकेट खोकर 109 रन जोड़े। सुबह के सत्र में अधिकांश समय शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति कारगर नहीं रही। टंग ने सत्र के अंत में शॉर्ट गेंद से सत्र की एकमात्र सफलता हासिल की। जडेजा उछाल लेती गेंद को नियंत्रित नहीं कर सके और विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने आसान कैच लपका। एजबस्टन में तेज धूप के बीच जडेजा ने कवर क्षेत्र में बैकफुट पंच और बेन स्टोक्स की गेंद को कट करके दिन की शुरुआत की। गिल ने क्रिस वोक्स पर थर्ड मैन क्षेत्र में दिन की अपनी पहली बाउंड्री लगाई। गिल ने बशीर के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेले।



### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 587/10 (151 ओवर)**
**कल के स्कोर 310/5 से आगे**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गिल का. पोप बो. टंग | 269 | 387 | 30 | 3 |
| जडेजा का. स्मिथ बो. टंग | 89 | 137 | 10 | 1 |
| वॉशिंगटन सुंदर बो. रूट | 42 | 103 | 3 | 1 |
| आकाशदीप का. डकेट बो. बशीर | 6 | 13 | 1 | 0 |
| सिराज का. स्मिथ बो. बशीर | 8 | 23 | 1 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 5 | 20 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 22, कुल : 151 ओवर में 587 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-15, 2-95, 3-161, 4-208, 5-211, 6-414, 7-558, 8-574, 9-574, 10-587, **गेंदबाजी** : क्रिस वोक्स 25-6-81-2, ब्राइडन कार्स 24-3-83-1, जोश टंग 28-2-119-2, बेन स्टोक्स 19-0-74-1, शोएब बशीर 45-2-167-3, जो रूट 5-0-20-1, हैरी ब्रूक 5-0-31-0.

# गत चैंपियन अल्काराज जीते, आर्यना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अब अकेली मैदान में

## विंबलडन : टेलर फ्रिट्ज ने डायलो को हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की

**जेएनएन, लंदन।** दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां आर्यना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालिफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं। पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुजकोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की।



### श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के दूसरे दौर में

भारत के एन श्रीराम बालाजी ने विंबलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने शुरुआती दौर के मैच में लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की अमेरिकी जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 71 मिनट तक चला और भारत तथा मैक्सिको की जोड़ी ने दोनों सेट में अपने विरोधियों की सर्विस एक-एक बार तोड़कर मैच अपने नाम किया। दूसरे दौर में हालांकि बालाजी और रेयेस वरेला की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि उन्हें स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ना है। युकी और बोलिपल्ली ने बुधवार को अपने-अपने शुरुआती दौर के मैच जीते थे जबकि रोहन बोपन्ना पहले दौर में ही बाहर हो गए थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया

## भारत व इंग्लैंड महिला टीम के बीच तीसरा टी-20 आज

**जेएनएन, लंदन।** पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में सीरीज जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की, जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम सीरीज में अभी 2-0 से आगे चल रही है।

भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी-20 सीरीज में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है।



### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, रिचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड:** नैटली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेटकीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेटकीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

## खेल एक नजर

### पंत डीपीएल सत्र के लिए पुरानी टीम दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान रिषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे, लेकिन राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम को देखते हुए वह किसी भी मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। पंत लीग में युवा टी-20 सितारों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले साल शुरुआती चरण में एक मैच खेला था। फ्रेंचाइजी ने कहा कि पुरानी दिल्ली 6 ने आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत को बरकरार रखने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत को 'मार्की' खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है। पंत के हवाले से कहा गया, डीपीएल से देश में कई खिलाड़ी निकले हैं, जैसे दिग्वेश राठी और प्रियांश आर्य। पुरानी दिल्ली 6 को पिछले साल के शानदार सत्र के बाद इस साल और भी मजबूत होकर लौटने की उम्मीद है। वहीं दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने डीपीएल में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी को शामिल करने की घोषणा की है। इसमें 'आउटर' (बाहरी) दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइजी 2025 सत्र में पदार्पण करेगी, जिससे लीग छह से आठ टीमों की हो जाएंगी।

### फुटबालर डिओगो और उनके भाई की कार दुर्घटना में मौत

**मैड्रिड, जेएनएन।** लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की है कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर जमोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### डल झील पर पहला खेलो इंडिया वॉटर स्पोटर्स फेस्टिवल अगस्त में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** श्रीनगर में 21 से 23 अगस्त तक डल झील पर पहले खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन होगा, जिसमें देश के 400 से अधिक खिलाड़ी कयाकिंग, केनोइंग, वॉटर स्कीइंग और नौकायन जैसे खेलों में भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि खेलो इंडिया मुहिम को विस्तार देने की कवायद में यह फैसला लिया गया है। हाल ही में दीयू में पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन किया गया था। यह फेस्टिवल खेलो इंडिया योजना की खेल प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा विकास पहल के तहत आयोजित किया जाएगा।

# गुकेश को पहले दिन कार्लसन व वेस्लो सो के साथ संयुक्त बढ़त



ग्रैंड शतरंज टूर

**जगरेब (क्रोएशिया), जेएनएन।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश लगातार दो जीत से ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत सुपर यूनाईटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले तीन दौर के समाप्त होने के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, पोलैंड के डुडा जान-क्रिस्तोफ और अमेरिका के वेस्ले सो के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। गुकेश ने दिन की शुरुआत डुडा के खिलाफ हार से की, लेकिन फिर उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को पराजित करके हमवतन आर प्रज्ञानानंदा को भी शिकस्त दी। इससे उनके संभावित छह में से चार अंक हो गए। वहीं कार्लसन ने वेस्ले सो को हराया, जबकि स्थानीय स्टार इवान सारिचज और डुडा के खिलाफ दो बाजियां बराबर कीं। गुकेश के अलावा वेस्ले सो एकमात्र खिलाड़ी रहे, जिन्होंने निर्णायक बाजियां खेलीं। उन्होंने हमवतन फैबियानो कारूआना और हालैंड के अनीष गिरी को पराजित किया। वहीं फॉर्म में चल रहे प्रज्ञानानंदा के लिए दिन मुश्किलों भरा रहा, उन्होंने फिरौजा और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रॉ खेला, जबकि गुकेश से हार से उन्हें काफी नुकसान हुआ।

# एशिया कप: भारत आएगी पाकिस्तान टीम

## टूर्नामेंट 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में, आठ टीमें हिस्सा लेंगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा, क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा, खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है।

सूत्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल की मांग है कि हम भागीदारी से पीछे नहीं हट सकते। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है, लेकिन वे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक दूसरे से खेलते हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, अभी हमें औपचारिक सूचना का इंतजार है, लेकिन यह हॉकी के लिए अच्छी खबर है। यह पूछने पर कि क्या सितंबर में भारत को पाकिस्तान



के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी जाएगी, सूत्र ने कहा, बीसीसीआई ने अभी इस मसले पर संपर्क नहीं किया है। जब वे संपर्क करेंगे तो हम इस मसले पर बात करेंगे । भारत और पाकिस्तान की टीमों ने मई में ओमान में दसवीं एशियाई 'बीच हैंडबॉल चैम्पियनशिप' में एक दूसरे के खिलाफ खेला था। सूत्र ने कहा कि अगर हम उन्हें खेलने की अनुमति नहीं देते हैं, तो यह ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा। इसलिए गृह और विदेश मंत्रालय से विमर्श के बाद खेल मंत्रालय ने अनुमति देने का फैसला किया है। भारत और पाकिस्तान के हॉकीप्रेमी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ खेलते देखना चाहते हैं।

### विश्व मुक्केबाजी कप

## हितेश और साक्षी ने भारत के लिए दो और पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान), जेएनएन।** हितेश गुलिया और साक्षी ने गुरुवार को विश्व मुक्केबाजी कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए दो और पदक पक्के किए। इस साल के शुरू में ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव पर 5-0 से जीत दर्ज की। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने ब्राजील की तातियाना रेजिना डि जीसस चागास को सर्वसम्मत फैसले में शिकस्त दी। वहीं बुधवार को मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) के अलावा संजू (60 किग्रा) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पोडियम में स्थान पक्के किए। अनामिका (51 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर दावेदारी में बनी हुई हैं।

# यूथ वनडे : भारत ने इंग्लैंड को हराया

## सीरीज में 2-1 से ली बढ़त

**नॉथैम्प्टन, जेएनएन।** भारतीय अंडर-19 टीम ने बुधवार को तीसरे यूथ वनडे मुकाबले में इंग्लैंड को 33 गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। नॉथैम्प्टन के काउंटी ग्राउंड में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने 40 ओवर में 6 विकेट खोकर 268 रन बना लिए थे। टीम के लिए पिछले मैच के शतकवीर कप्तान थॉमस रियू ने नाबाद 76 रन बनाए, जबकि बीजे डॉवकिंस ने 62 और इसाक मोहम्मद ने 41 रन का योगदान दिया। भारत के लिए कनिष्क चौहान सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 8 ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट झटके। कनिष्क चौहान (तीन विकेट/नाबाद 43 ) के हरफनमौला प्रदर्शन और वैभव सूर्यवंशी (86) की आतिशी पारी की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 33 गेंदे शेष रहते इंग्लैंड को चार विकेट से हरा दिया। जवाब में भारत ने 14 साल के वैभव सूर्यवंशी



की 86 रन की पारी की बदौलत 34.3 ओवर में छह विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। विहान मल्होत्रा ने 46 और कनिष्क ने 43 रन का योगदान दिया।

# विश्व कप में भाग लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालिफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे, जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और



जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी। मिश्रित टीम ट्रैप में लक्ष्य नीरू के साथ जोड़ी बनाएंगे, जबकि संधू और प्रीति की जोड़ी होगी। प्रतियोगिता में 73 देशों के 551 निशानेबाज हिस्सा लेंगे।



### भारतीय टीम इस प्रकार है

**स्कीट (पुरुष):** अंगद वीर सिंह बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका, मैराज अहमद खान।
**स्कीट (महिला):** माहेश्वरी चौहान, रेजा ढिल्लों, गनीमत सेखों।
**ट्रैप (पुरुष):** लक्ष्य श्योराण, जसविंदर सिंह, जोरावर सिंह संधू।
**ट्रैप (महिला):** नीरू ढांडा, प्रीति रजक, प्रगति दुबे।
**ट्रैप मिश्रित:** लक्ष्य और नीरू, संधू और प्रीति।

# कलेक्टर की मध्यस्थता के बाद जिला पंचायत का अनशन स्थगित



**जागरण सतना।** गुरूवार को जिला पंचायत में होने वाली तालाबंदी एवं अनिश्चित कालीन धरने को कलेक्टर की मध्यस्थता के बाद स्थगित कर दिया गया है। हालांकि अपने निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक जिला पंचायत सदस्यो ने तालाबंदी की योजना बनाई थी उसके पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद जिला पंचायत सदस्यो ने मनमानी और अव्यवस्था के जमकर आरोप लगाये। इस दौरान सतना और मैहर जिले के बडी तादाद में लोग शामिल हुये मगर कलेक्टर के प्रतिनिधि रहे एसडीएम राहुल सिलाडियॉ , सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान और शहर के तीनो थाना के टीआई सभा स्थल पर जनप्रतिनिधियो से बात करने पहुचे जिस पर साढे तीन बजे का समय कलेक्टर से मुलाकात करने के लिए नियत किया गया।

**11 को कलेक्टर लेगें समन्वय बैठक :** बताया जाता है कि जिला पंचायत सदस्यो की कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के साथ दो दौर की बैठक हुई जिसमें कलेक्टर ने 11 जुलाई के समय समन्वय बैठक के लिए निर्धारित किया है। बताया जाता है कि इस बैठक में कलेक्टर , जिला पंचायत सीईओ , जिला पंचायत सदस्य, विभागीय अधिकारी शामिल होगें । गुरूवार को हुई सभा के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह , जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू , रमाकान्त पयासी , संजय सिंह , आरती चौधरी, प्रियंका वर्मा, बाबूलाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आवेदन की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित

**सतना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये जारी की गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2,70,152 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## एयरफोर्स सलेक्शन की जानकारी देने हेतु कार्यक्रम

**सतना।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि जिले में एयरफोर्स की (पब्लिकसिटी ड्राइव) का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में एयरफोर्स में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करने एवं सलेक्शन प्रक्रिया की जानकारी एयरफोर्स की टीम द्वारा 17 से 21 वर्ष तक के युवाओं को दी जायेगी। यह कार्यक्रम 4 जुलाई को शासकीय पीजी कॉलेज गहरा नाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय स्टेशन रोड सतना में दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक एवं 5 जुलाई को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. व्यंकट क्रमांक-1 में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शासकीय कन्या उ.मा.वि. धवारी सतना में दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित रहेगा। इच्छुक युवा कार्यक्रम में उपस्थित होकर एयरफोर्स सलेक्शन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com